RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 272
नई दिल्ली
शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"
नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली-मुजफ्फरपुर त्योहार विशेष ट्रेन...
06 बिहार विधानसभा चुनाव 2025 सत्ता...
12 मंगोलिया के प्रधानमंत्री ने विश्वास प्रस्ताव हारने के बाद ...

## ‘21वीं सदी भारत की, 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार’, पीएम मोदी

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



- आंध्र प्रदेश में दी 13 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात
- ग्रीनफील्ड राजमार्ग की भी आधारशिला रखी
- भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में की पूजा-अर्चना

कुरनूल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 21वीं सदी 140 करोड़ भारतीयों की है। 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो जाएगा। ‘मेक इन इंडिया’ की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमने ऑरेशन सिंदूर में घरेलू स्तर पर निर्मित चीजों की ताकत देखी है। गूगल के एआइ हब निवेश से एक नया अंतरराष्ट्रीय सब-सी गेटवे विकसित होगा। ’ आगे बोले कि इससे कई देशों की समुद्र के नीचे बिछाई गई केबल प्रणालियां जुड़ी होंगी और ये पूर्वी तट पर विशाखापत्तनम तक आएंगी। विगत 16 माह से आंध्र प्रदेश में विकास की गति बहुत तेज हो गई है। डबल इंजन सरकार में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। आंध्र प्रदेश न केवल स्वाभिमान और संस्कृति की भूमि है, बल्कि विज्ञान और नवाचार का केंद्र भी है।

वह आंध्र प्रदेश के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, पीएम ने राज्य के विभिन्न हिस्सों के लिए 13,430 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं। उन्होंने कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन पर लगभग 2,880 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने कुरनूल में ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र और कडप्पा में कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी, जिनमें कुल 4,920 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। प्रधानमंत्री ने सब्बावरम से शीलानगर तक 960 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की भी आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है।

उन्होंने 1,200 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। ऊर्जा क्षेत्र में मोदी ने गेल इंडिया लिमिटेड की श्रीकाकुलम-अंगुल प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण लगभग 1,730 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

उन्होंने चित्तूर में इंडियन ऑयल के 60 टीएमटीपीए (हजार मीट्रिक टन प्रति वर्ष) एलपीजी बाटच्लग संयंत्र का उद्घाटन किया, जिसे लगभग 200 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नांदयाल जिले के श्रीशैलम में श्री भ्रामरांबा मल्लिकार्जुन स्वामी वरला देवस्थानम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण मंदिर में मौजूद थे।

मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर में दर्शन के बाद वह शिवाजी स्फूर्ति केंद्र गए, जो एक स्मारक परिसर है। इसमें एक ध्यान कक्ष भी है, जिसके चारों कोनों पर चार प्रतिष्ठित किलों- प्रतापगढ़, राजगढ़, रायगढ़ और शिवनेरी के माडल, जबकि बीच में छत्रपति शिवाजी की गहन ध्यान मुद्रा वाली एक प्रतिमा स्थापित की गई है।

मुख्यमंत्री नायडू ने हिंदी में भाषण देकर बिहार के राजग कार्यकताओं का दिल जीत लिया बिहार में राजग की चुनावी संभावनाओं पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की हिंदी में की गई टिप्पणी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नायडू द्वारा हिंदी में की गई टिप्पणी ने बिहार में राजग कार्यकताओं का दिल जीत लिया है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रतिबिंबित करता है।

## श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने भारत की परिवर्तनकारी पहलों को जानने के लिए नीति आयोग का दौरा




नई दिल्ली। नीति आयोग द्वारा शुक्रवार को दी गई जानकारी के अनुसार, श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने एक पॉलिसी थिंक टैंक और कॉर्डिनेशन प्लेटफॉर्म के रूप में नीति आयोग की भूमिका की सराहना की। उन्होंने नीति आयोग के लॉन्ग-टर्म पॉलिसी डिजाइन को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन के साथ जोड़ने की अद्भुत क्षमता पर प्रकाश डाला। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नीति आयोग ने हाल ही में नई दिल्ली में श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी नीरेका अमरसूर्या की मेजबानी की। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, पर्यटन, स्किल डेवलपमेंट और एआई के क्षेत्रों में भारत की परिवर्तनकारी पहलों पर अंतर्दृष्टि साझा करने पर केंद्रित थी। इस यात्रा ने भारत और श्रीलंका के रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों व अवसरों का समाधान करने के लिए इनोवेशन और स्किल का लाभ उठाने के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने नेबरहुड फर्स्ट और महासागर फ्रेमवर्क के अंतर्गत नॉलेज-बेस्ड, टेक्नोलॉजी ड्रिवन और पीपल-सेंट्रिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

- **आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नीति आयोग ने हाल ही में नई दिल्ली में श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी नीरेका अमरसूर्या की मेजबानी की। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, पर्यटन, स्किल डेवलपमेंट और एआई के क्षेत्रों में भारत की परिवर्तनकारी पहलों पर अंतर्दृष्टि साझा करने पर केंद्रित थी।**

## संक्षिप्त सार

### एस. जयशंकर से मिले ब्राजीलियाई उपराष्ट्रपति



नई दिल्ली। ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन ने कहा कि दुनिया को निवारक और टिकाऊ स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुर्वेद के कालातीत ज्ञान की आवश्यकता है। वहीं, उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें पोस्ट कर लिखा, ‘ब्राजील के उपराष्ट्रपति और विकास, उद्योग, व्यापार एवं सेवा मंत्री नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (आईएएनएस) ब्राजील के उपराष्ट्रपति गेराल्डो अल्कमिन से मिलकर बहुत खुशी हुई। व्यापार, निवेश, ऊर्जा, संपर्क, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी में अधिक सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।’ भारत के आधिकारिक दौरे पर आए अल्कमिन ने आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नई दिल्ली का दौरा किया। अल्कमिन ने पारंपरिक और एकीकृत स्वास्थ्य प्रणालियों को बढ़ावा देने में भारत के नेतृत्व की खूब सराहना की। उन्होंने कहा, ‘आयुर्वेद स्वास्थ्य और ज्ञान का 5,000 साल पुराना खजाना है।’ इसके साथ ही उन्होंने एआईआईए को ‘स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, रोगों के उपचार और समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने’ के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि निवारक और स्थायी स्वास्थ्य सेवा के लिए दुनिया को आयुर्वेद के शाश्वत ज्ञान की आवश्यकता है।

### दक्षिणी फिलीपीन में भूकंप के जोरदार झटके

मनीला। दक्षिणी फिलीपीन क्षेत्र में सुरीगाओ डेल नोर्टे प्रांत में शुक्रवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बताया है कि शुक्रवार सुबह महसूस किये गये भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 मापी गयी। संस्थान ने कहा कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 7:03 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र जनरल लूना नगरपालिका से लगभग 13 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में 10 किलोमीटर की गहराई में था। संस्थान ने कहा कि टेक्टोनिक भूकंप आफ्टरशॉक को ट्रिगर करेगा और महत्वपूर्ण नुकसान पहुंचाएगा। मिंडानाओ क्षेत्र और मध्य फिलीपींस के पड़ोसी प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### धनतेरस के साथ दीपोत्सव का आगाज शनिवार से : छह दिन रहेगा दीपोत्सव का उत्साह

जोधपुर। खुशियों व रोशनी का पर्व दीपोत्सव शनिवार को धनतेरस से शुरू हो जाएगा। पिछले साल की तरह इस बार भी दीपावली का त्योहार तिथियों के भुक्त-भोग्य यानि घटने-बढने.के कारण पांच की जगह छह दिन तक मनाया जाएगा। दीपावली महापर्व 18 अक्टूबर को धनतेरस से शुरू होगा। इसके बाद छोटी दीपावली या रूप चौदस 19 अक्टूबर और दीपावली 20 अक्टूबर, अन्नकूट व गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाईदूज 23 अक्टूबर को मनाई जाएगी। ज्योतिष आचार्य अरूण कुमार के अनुसार कार्तिक अमावस्या की रात में लक्ष्मी पूजा करने की परंपरा है। इसलिए 20 अक्टूबर की रात लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए, क्योंकि बीस की रात में ही अमावस्या तिथि रहेगी और 21 अक्टूबर की रात में कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि रहेगी। दीपोत्सव के प्रथम दिन 18 अक्टूबर को धनतेरस मनाई जाएगी। धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि जयंती भी मनाते हैं। धनतेरस की रात में यमराज के लिए दीपक जलाने की परंपरा है। इस तिथि पर देवी लक्ष्मी की भी पूजा की जाती है। इसके अगले दिन अक्टूबर को रूप चौदस मनाई जाएगी, इसे नरक चतुर्दशी भी कहते हैं। इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर नाम के दैत्य का वध किया था। इस दिन दरवाजे के बाहर सूर्यास्त के बाद चार बत्तियों वाला दीपक जलाया जाता है।

## धामी ने बिहार में जनसभा को किया संबोधित



देहरादून/सीवान (बिहार)। सनातन का जयघोष चारों दिशाओं में गूंज रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से जहां पांच सौ वर्षो की प्रतीक्षा के उपरांत अयोध्याधाम में भव्य व दिव्य श्रीराम मंदिर बना, वहीं काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर व उज्जैन में महाकाल कोरिडोर बन गया है।

सनातन से ओतप्रोत उपरोक्त विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय नेता पुष्कर सिंह धामी ने आज बिहार के सीवान जिले में ताबड़तोड़ जनसभाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जनसभाओं में सीएम धामी के राष्ट्रीयता व सनातन से ओतप्रोत विचारों को सुनने हेतु भारी संख्या में बिहारवासी उमड़े। बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए उम्मीदवारों के नामांकन फॉर्म भरने का आज अंतिम दिन था। आखिरी दिन पहले चरण के निर्वाचन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नामांकन दाखिल किए गए। बिहार के सीवान में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने जनसभा को संबोधित किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के साथ सीवान विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। बिहार के मंत्री और बीजेपी नेता मंगल पांडे ने सीवान सीट पर नामांकन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीवान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में केवल गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे लेकिन आज मोदी सरकार में गरीबों के लिए काम किया जाता है। जिसका परिणाम है कि आज भारत के 30 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। जनसभा को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने राहुल गांधी के कानपुर दौरे पर कहा कि राहुल गांधी देश का माहौल खराब करना चाहते हैं। घड़ियाली आंसू बहाने के लिए वे वहां वाल्मिकी परिवार के पास गए लेकिन वाल्मिकि परिवार ने अपना दरवाजा बंद कर लिया। भाजपा प्रत्याशी व मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार फिर से बनाने के लिए सिवान विधानसभा में भाजपा और एनडीए को एक बड़ी जीत जनता देगी। मैंने आज सिवान विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन किया है।

## दबे कुचले दलित समाज के उत्पीड़न मामले पर सरकार को और अधिक कार्य करने की आवश्यकता : अनुप्रिया




जौनपुर। मड़ियाहूं स्थित रामलीला मैदान में अपना दल(एस) के संस्थापक स्व. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर शुक्रवार को जौनपुर पहुंची केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंच से कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए आगामी पंचायत व विधानसभा चुनाव को लेकर जोश भरा। मड़ियाहूं के रामलीला मैदान से परिनिर्वाण दिवस की आड़ में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने शक्ति प्रदर्शन दिखाया।

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने राहुल गांधी द्वारा किया गया ट्वीट यूपी में दलितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहा है, इस पर उन्होंने एनसीआरबी रिपोर्ट का हवाला दिया है कि वह यह भी देख लें, उनके समय में क्या स्थितियां थी। उसका भी अवलोकन कर लें। कोई एक सिरा पकड़कर हम किसी भी पार्टी के बारे में धारणा नहीं बना सकते हैं। उत्तर प्रदेश आज दंगा मुक्त प्रदेश बना है तो निश्चित रूप से कानून व्यवस्था के क्षेत्र में बहुत अधिक सुधार हुआ है। लेकिन दलित उत्पीड़न के मुद्दे पर अभी और सुधार करने की गुंजाइश है। सहयोगी दल होने के नाते जहां हम इस बात की सराहना करते हैं कि सपा सरकार में 800 सौ ज्यादा दंगे हुए थे, आज उत्तर प्रदेश में दंगे नहीं हो रहे हैं। लेकिन इसके साथ हम यह भी मजबूती से कहेंगे कि जहां हमारे दबे कुचले दलित समाज के उत्पीड़न के मामले हैं उस पर सरकार को और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। विपक्ष द्वारा महाराष्ट्र में एसाईआर की मांग पर उन्होंने कहा कि इनकी कोई नीति नही है। इनकी एक ही नीति है, एक ही सिद्धान्त है, एनडीए हरायें। बिहार का उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार में जहां एनडीए है और उनके गठबंधन में सहयोगी दल हैं उनका सीटों का बंटवारा सौहार्दपूर्ण ढंग से हो चुका है। और वो अपने प्रचार प्रसार में जुट गई है। जहां विपक्षी पार्टियां हैं वहां सिर फुटौव्वल की स्थिति है। इनका कोई एजेंडा नहीं कोई स्पष्ट नीति नहीं है। तो वहां इसी प्रकार की नीति देखने को मिलेगी। एसआईआर का मुद्दा इन्होंने उठाया इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी अपना नजरिया रख दिया है, तो इसमें आम जनमानस पर इसका कोई असर नही है। यह बड़ी हास्यास्पद बात है। जिसको लेकर यह बिहार में लड़ाई लड़ रहे थे अब इसको लेकर महाराष्ट्र में मांग कर रहे हैं।

## कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी दीपावली का तोहफा : सीएम योगी



**यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2025 से लागू होगी, जिसके बाद महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 28 लाख कर्मचारी और पेंशनर लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस फैसले को कर्मचारियों और पेंशनरों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‘उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत की दर को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 जुलाई, 2025 से 58 प्रतिशत कर दिया है। महापर्व दीपावली के अवसर पर यह निर्णय लगभग 28 लाख कर्मयोगियों और पेंशनरों के जीवन में संतोष, सुरक्षा और समृद्धि का दीप जलाने के साथ ही उनके जीवन स्तर में सुधार का कारक बनेगा।**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली से पहले राज्य के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ा तोहफा दिया है। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) और पेंशनरों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 3 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई 2025 से लागू होगी, जिसके बाद महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। इस निर्णय से प्रदेश के लगभग 28 लाख कर्मचारी और पेंशनर लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस फैसले को कर्मचारियों और पेंशनरों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ‘उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत की दर को 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 1 जुलाई, 2025 से 58 प्रतिशत कर दिया है। महापर्व दीपावली के अवसर पर यह निर्णय लगभग 28 लाख कर्मयोगियों और पेंशनरों के जीवन में संतोष, सुरक्षा और समृद्धि का दीप जलाने के साथ ही उनके जीवन स्तर में सुधार का कारक बनेगा। सभी को बधाई।’ इस वृद्धि से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक राहत मिलेगी। यह कदम कर्मचारियों के वेतन और पेंशनरों की पेंशन में वृद्धि के रूप में परिलक्षित होगा, जिससे उनके परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी। राज्य सरकार के कर्मचारियों का मानना है कि यह निर्णय न केवल हम लोगों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि दीपावली के त्योहारी सीजन में उनकी खरीदारी की क्षमता को भी मजबूत करेगा, जिसका सकारात्मक प्रभाव स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। राज्य सरकार के अनुसार, इस निर्णय से मार्च 2026 तक राज्य के खजाने पर लगभग 1960 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। फिर भी सरकार ने बढ़ती महंगाई के दबाव से जूझ रहे कर्मचारियों और पेंशनरों को राहत देने के लिए इस कदम को मंजूरी दी है। यह वृद्धि कर्मचारियों के वेतन और पेंशनरों की पेंशन में बढ़ोतरी के रूप में दिखाई देगी, जिससे उनके परिवारों को आर्थिक स्थिरता मिलेगी।

**मुलाकात** | **बोले दलितों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं**

## हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने से रोकने का हुआ प्रयासः राहुल गांधी



- ‘दलितों के खिलाफ अत्याचार अस्वीकार्य’
- राजनीति नहीं, न्याय चाहिए’ – परिवार का बयान

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में प्रशासन ने उन्हें पीट-पीटकर मारे गए दलित युवक हरिओम वाल्मीकि के परिजनों से मिलने से रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि न्याय की मांग करने वाले परिवार को अपराधी की तरह व्यवहार झेलना पड़ रहा है।

राहुल गांधी शुक्रवार सुबह चकेरी हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां से वे हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मिलने फतेहपुर रवाना हुए। बताया जाता है कि शुरू में परिवार ने उनसे मुलाकात से इनकार कर दिया था, जिसके बाद पुलिस प्रशासन ने उनका काफिला रोक लिया। हालांकि, बाद में परिवार ने मिलने की सहमति जताई, जिसके पश्चात राहुल गांधी को मुलाकात की अनुमति दी गई। ‘परिवार अपराधी नहीं, पीड़ित है’ परिजनों से बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने कहा, ‘अपराध इस परिवार ने नहीं किया, अपराध इनके खिलाफ हुआ है। इन्हें घर में बंद कर रखा गया है, इन्हें डराया जा रहा है। ये लोग केवल न्याय मांग रहे हैं। हमारे बेटे, हमारे भाई की हत्या की गई है और हम केवल न्याय की मांग कर रहे हैं।’ उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को सम्मान और सुरक्षा दी जाए। कांग्रेस सांसद ने कहा कि देशभर में दलितों के खिलाफ अत्याचार, हत्याएं और दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो चिंताजनक है। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि इन लोगों को न्याय दीजिए, और जो अपराधी हैं उनकी रक्षा मत कीजिए। पीड़ितों के साथ अन्याय हुआ है, न कि अपराध। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि सरकार ने पीड़ित परिवार को उनसे न मिलने की धमकी दी थी। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि परिवार मुझसे मिलता है या नहीं, महत्वपूर्ण यह है कि वे अपराधी नहीं हैं। उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर परिवार की सहायता करेगी और न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेगी। इससे पहले मृतक हरिओम वाल्मीकि के भाई शिवम ने कहा था कि वे सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और इस मामले में किसी प्रकार की राजनीति नहीं चाहते। उन्होंने बताया कि हत्यारों को जेल भेज दिया गया है और मृतक की बहन को नौकरी भी दी गई है। परिवार ने कहा कि वे नहीं चाहते कि कोई राजनैतिक दल इस घटना का राजनीतिक लाभ उठाए। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक ने आरोप लगाया कि परिवार पर जिला प्रशासन ने दबाव बनाया था ताकि वे राहुल गांधी से न मिलें। उन्होंने कहा, यह प्रदेश सरकार की शह पर हुआ।

## दिल्ली के व्यापारियों को 738 करोड़ रुपये जीएसटी रिफंडःसीएम रेखा गुप्ता



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दीपावली से पहले दिल्ली के व्यापारियों को 738 करोड़ रुपये जीएसटी रिफंड किए गए हैं। ये प्रकिया लगातार जारी है। भाजपा सरकार आम लोगों को खुशियां पहुंचाने में जुटी है। इसके लिए पानी के लंबित बिलों और अनधिकृत पेयजल, सीवर के कनेक्शनों पर पेमेंट चार्ज व पेनाल्टी पर 100 फीसदी की छूट दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि व्यापार व कर विभाग ने 1002 करोड़ रुपये के लंबित जीएसटी रिफंड मामले निपटाए हैं जिसमें से 738 करोड़ रुपये व्यावसायिक संस्थानों और व्यापारियों को रिफंड किए गए हैं। रिफंड निपटान प्रक्रिया तेज और पारदर्शी है। जीएसटी विभाग तकनीक की मदद से रिफंड आवेदन तेजी से निपटा रहा है। अभी तक कुल 8259 रिफंड आवेदन निपटाए गए हैं। इनमें 7409 आवेदन 10 लाख रुपये से कम के रिफंड दावों से जुड़े थे। इसी तरह पेयजल व सीवर के पेमेंट चार्ज व पेनाल्टी पर 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सरकार की यह योजना लोगों को दीपावली का उपहार है।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/17/2025 9:42 PM Page 1



# गंगाजल परियोजना के पाइप चोरी करने वाला एक और बदमाश गिरफ्तार, तीन लाख के पाइप बरामद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** गंगाजल परियोजना के पाइप चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय बदमाशों की एक बार फिर गुरुवार रात को एसओजी और मगोर्रा थाना पुलिस से मुठभेड़ में हो गई। पैर में गोली लगने से घायल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो बदमाश भागने में कामयाब हो गए। पकड़े गए बदमाश के कब्जे से तीन लाख रुपये कीमत के चोरी के 45 पाइप, एक तमंचा, दो कारतूस, 19 हजार रुपये बरामद हुए हैं।

एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि हर घर जल योजना के अंतर्गत जल निगम ग्रामीण द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य कराया जा रहा है। इस काम को एपीसीओ कंपनी कर रही है। 16 अगस्त को ग्राम नगला देविया बछगांव से कंपनी के 110 पाइप चोरी हो गए थे। मुकदमा दर्ज करके टीम गठित की गई थी। 12 अक्टूबर को पुलिस ने मुठभेड़ में सात बदमाश गोवर्धन के देवसेरस निवासी कुर्सेद उर्फधोनू, सोराब उर्फ राजा, आरिफ भिक्की, राजस्थान के खैरथल के निंबाहेड़ी निवासी तौफिक, अलवर जिले के लौहरवाड़ी निवासी मनीष और दिल्ली के थाना अमन विहार नांगलोई निवासी यादवेंद्र उर्फ यश को गिरफ्तार जेल भेज चुकी है। इसी क्रम में शुक्रवार रात को एसओजी और थाना मगोर्रा पुलिस की एक बार फिर ब्रजधाम स्कूल के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से बदमाश राजस्थान के खैरथल टपुकड़ा के निंबाहेडी निवासी आसिफ घायल हो गया है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि गोवर्धन के देवसेरस का हाकिम और हरियाणा पंचकुला सात सेक्टर का बलदेव भागने में कामयाब हो गए। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी हैं। पकड़े गए बदमाश के कब्जे से तीन लाख रुपये कीमत के चोरी के 45 पाइप, एक तमंचा, दो कारतूस, 19 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में लगातार दबिश बनाए हुए है।

# शव पेड़ पर लटका मिला शव, आत्महत्या की चर्चा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** थाना मांट-नोहझील रोड पर बिजलीघर के समीप कबाड़ा बीन कर अपना जीवन यापन करने वाले युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। शव को देख भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गये। सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुला कर साक्ष्य एकत्रित कराए। पुलिस प्रथमदृष्टया आत्महत्या मान रही है।

शुक्रवार को सुबह थाना मांट क्षेत्र में मांट-नोहझील रोड पर बिजलीघर के समीप खाली पड़े प्लाट में पेड़ पर एक युवक का शव लटका हुआ था। आते जाते राहगीरों ने शव को देखा तो इसकी सूचना मांट पुलिस को दी। थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान भारी भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंची भीड़ ने शव की पहचान मांट मूला में ईदगाह के समीप रहने वाले राजू के रूप में कर ली। मूल रूप से ओसाम निवासी 40 वर्षीय राजू अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कई वर्षो से मांट थाना क्षेत्र के गांव मांट मूला में रहते थे। वह कबाड़ बिन कर अपना जीवन यापन करते थे। जानकारी मिलते ही परिजन भी आ गए। ग्रामीण हत्या की आशंका जताने लगे। मांट थाना प्रभारी जसबीर सिंह ने फोरेंसिक टीम को बुला कर साक्ष्य एकत्रित किए। इसके बाद पड़ताल शुरू कर दी।

थाना प्रभारी ने बताया कि युवक शराब पीने का आदि था। प्रथमदृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रहा है।

# पराली जलाने पर भरनाखुर्द लेखपाल निलंबित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील में पराली जलाने के मामले में भरनाखुर्द के लेखपाल पवन कुमार को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने शुक्रवार को की। एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम भरनाखुर्द में सैटेलाइट के माध्यम से पराली जलाने की घटना सामने आई थी। इससे पता चलता है कि लेखपाल पवन कुमार ने पराली जलाने से रोकने के लिए गांव में व्यापक प्रचार-प्रसार और मुनादी नहीं कराई। एसडीएम के अनुसार, यह घटना पराली न जलाने के अभियान में घोर लापरवाही का संकेत है। लेखपाल पवन कुमार ने उच्चाधिकारियों के आदेशों की भी अवहेलना की, जिसके चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# दीपावली पर्व को लेकर श्री कृष्ण नगरी में हर्षोल्लास का माहौल

*** आज से शुरू हो रहे हैं दीपावली पर्व के पांच दिवसीय त्यौहार**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व आज से आरंभ हो जाएगे। दीपों के पर्व को हर्षोल्लास से मनाने के लिए श्री कृष्णा नगरी तैयार है। यहां मथुरा-वृंदावन के मंदिरों में भी दीपोत्सव की अनूठी छटा देखने को मिल रही है। दुकानदार जहां लक्ष्मी जी की कृपा की कामना करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजा सवार रहे हैं, वहीं घरों में भी मां लक्ष्मी की पूजा के लिए साफ सफाई एवं अन्य तैयारियां की गई है। गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर को की जाएगी।

हिंदू त्योहारों में दीपावली पर्व अपना विशेष स्थान रखता है। इस पर्व को संपूर्ण देश में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। श्री कृष्ण नगरी में भी दीपावली पर्व की अलग ही छटा बिखरी हुई है। यहां बाजार सज चुके हैं। विभिन्न प्रतिष्ठनों ने लाइटिंग एवं झालरों से प्रतिष्ठानों को सजाया हुआ है। शहर के घरों को भी निवासियों ने स्वच्छ कर झालरों आदि के माध्यम से जगमग किया हुआ है। जिससे दीपावली की अनूठी छटा देखने को मिल रही है। बाजारों में जमकर खरीदारी से रौनक बनी हुई है।

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार अमावस्या तिथि सोमवार को दोपहर बाद 3. 45 बजे से शुरू होगी और 21 अक्टूबर मंगलवार को शाम 5.55 बजे तक रहेगी। इसलिए इस दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर ही मनाया जाएगा। दीपावली के दिन तीन ग्रहों का संयोग है। मंगल, सूर्य और बुध सभी आपस में मिलेंगे। इसका संयुक्त प्रभाव सभी राशि के लोगों के लिए शुभफल देने वाला माना जा रहा है। कार्तिक अमावस्या को दीपावली पूजन स्थिर लग्न में करने का विधान है। अधिकतर लोग स्थिर लग्न में ही महालक्ष्मी का पूजन करते हैं।

धनतेरस का पर्व जनमानस में 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। छोटी दीपावली 19 अक्टूर को मनाई जाएगी। परंतु उदयातिथि से पुष्टिमार्ग मंदिर देवालयों में धन तेरस पर्व 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इसी दिन शाम धन्वंतरी जयंती भी मनाई जाएगी। पुष्टीमार्ग मंदिरों में छोटी और बड़ी दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। 20 अक्टूबर को शाम श्री लक्ष्मी पूजन किया जाएगा।

पुष्टि मार्ग मंदिर में कान जगाई कार्यक्रम होते हैं । जिसमें गाय माता के कान में गोवर्धन पूजन करने का निमंत्रण दिया जाता है। इसलिए 21 अक्टूबर को सुबह पुष्टि मार्ग में गोवर्धन पूजा ओर अन्नकूट पर्व मनाया जाएगा। अन्य स्थानों पर अमावस्या होने के कारण प्रतिपदा में 22 अक्टूबर को अन्नकूट गोवर्धन पूजा होगी। 23 अक्टूबर को भाई दौज का पर्व होगा। दीपावली को लेकर घर, मंदिरों में तैयारियां चल रही हैं। द्वारकाधीश मंदिर में दीपावली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट के दर्शन होंगे। 20 अक्टूबर को लक्ष्मी, गणेश पूजन शयन के दर्शन से पूर्व व कान जगाई का कार्यक्रम होगा। 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गोवर्धन पूजा होगी। शाम चार बजे से शाम 7.30 बजे तक अन्नकूट के दर्शन होंगे।

# मजिस्ट्रेट और उपनिरीक्षक ने पकड़ा पराली जलाता किसान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा के कस्बा शेरगढ़ बांगर में एक किसान को पराली जलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। मजिस्ट्रेट और उपनिरीक्षक ने मौके पर कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पराली जलाने पर लगाए गए सख्त प्रतिबंध के बावजूद सामने आई है।

यह मामला शेरगढ़ थाना क्षेत्र का है। किसान की पहचान आदमपुर निवासी प्रभुदयाल के रूप में हुई है, जो शेरगढ़ बांगर में खेती करता है। हाल ही में जब मजिस्ट्रेट शिव शंकर वहां से गुजर रहे थे, तो उन्होंने प्रभुदयाल को अपने खेत में पराली जलाते देखा। मजिस्ट्रेट शिव शंकर ने तत्काल थाना शेरगढ़ से पुलिस बुलाई। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार और सिपाही ललित मौके पर पहुंचे और किसान प्रभुदयाल के खिलाफ पराली जलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। इसके बावजूद, कुछ किसान इन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाए जा रहे हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और मिट्टी की उर्वरता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# आंगनबाडी कार्यकत्रियों को वितरीत की गई प्रारम्भिक बाल्यावस्था, देखभाल एवं शिक्षा सामग्री किट



**सामग्री के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकत्रियां बच्चों का करायेंगी रचनात्मक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास:नीरू मलिक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज विकासखण्ड पुंवारका के प्रांगण में आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रारम्भिक, बाल्यावस्था, देखभाल एवं शिक्षा सामग्री किट वितरित की गयी। वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी पुंवारका नीरू मलिक ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रारम्भिक बाल्यावस्था, देखभाल और शिक्षा के लिए सामग्री किट वितरित की जा रही है ताकि वे 3 से 6 वर्ष के बच्चों को बेहतर शिक्षा दे सकें। किट में खिलौने, लर्निंग एड और अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल होती है, जिनका उपयोग बच्चों के रचनात्मक, सामाजिक, भावनात्मक और संज्ञानात्मक विकास के लिए किया जाता है। सरकार की पोषण भी, पढ़ाई भी पहल के तहत ये किट आंगनवाडी केन्द्रों को एक सीखने के केन्द्र के रूप में बदलने में मदद करेगी। विभिन्न गतिविधियों के लिए सामग्री किट में ऐसी सामग्रियां है जिनसे आंगनवाडी कार्यकर्ता बच्चों को विभिन्न गतिविधियां और खेल करा सकें। इसमें पहले जैसी शैक्षणिक सामग्री और गतिविधियों के लिए मार्गदर्शिकाएं शामिल है। किट वितरित करने का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है ताकि आजीवन सीखने के लिए एक मजबूत आधार तैयार हो सके। किट में मुख्यत पांच डैडी रिंग खिलौने, एक गोल्डा ट्राईसाईकिल, तीन प्लास्टिक बॉल टॉय, पांच कले, पांच 123 पाउच, पांच पीवीसी फ्रूट सेट, पांच ब्लॉकस् टॉयज, पांच एबीसी पाउच, पांच एबीसी पजल, एक राइटर हॉर्स, दो स्टोरी बुक्स, पांच एनिमल टॉयज, पांच एजुकेशनल चार्ट, एक व्हाइट बोर्ड, एक मारकर एवं एक डस्टर शामिल है। इस अवसर पर श्रीमती गौहर अंजुम बाल विकास परियोजना अधिकारी पुंवारका, श्रीमती सीमा चैधरी मुख्य सेविका पुंवारका, श्रीमती नीशू यादव, शाईस्ता, रीचा सिंह, सोफिया अंसारी मुख्य सेविका, सुरेन्द्र कुमार, बबीता, रेखा, मोहिनी, मानसी, सुनीता, आरती सैनी, मित्रा मुकेश, मुनेश नीलम आदि समस्त आंगनवाडी कार्यकत्रियों के द्वारा किट प्राप्त की गयी।

# ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रही खेल प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ बच्चे एवं युवा ले रहे भाग



*** पांचवे दिन 13268 खिलाडियों ने किया प्रतिभाग**

*** खेल प्रतियोगिताओं में 05 दिनों में लगभग 75 हजार खिलाडियों ने दिखाया अपना हुनर**

*** एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो में खोजी जा रही प्रतिभाएं**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के अनुपालन में ऑपरेशन सवेरा के तहत ग्रामीण युवाओं को खेलों के प्रति आकृषित करने एवं युवाओं में नशे की लत से बचाने के दृष्टिगत ग्रामीण स्तर खेल प्रतियोगिताओं का महाकुम्भ आयोजित किया जा रहा है। 05 दिनों में लगभग 75 हजार खिलाडियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभाग किया है। 13 से 19 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिताओं के पांचवे दिन ग्राम पंचायतों में 13268 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। विजयी खिलाडियों एवं टीम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी बच्चों एवं युवाओं को yuvasathi.in पोर्टल पर पंजीकरण करते हुए अधिकाधिक संख्या में खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होने कहा कि आयोजित होने वाले खेलों में एथलेटिक्स, वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, बैडमिंटन, जूडो में ग्रामीण क्षेत्र के युवा एवं बच्चे बढ-चढ कर हिस्सा लें रहे है।

# फसल अवशेष जलाए जाने की सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग के माध्यम से हो रही है मॉनिटरिंग

*** फसल अवशेषों पर बायो डिकम्पोजर का प्रयोग कर कम्पोस्ट खाद बनायें तथा मृदा की उर्वरा शक्ति को बढायें**

*** फसल अवशेष जलाने पर होगा पर्यावरण प्रदूषित**

*** गांव में मुनादी, लाउड स्पीकर, बैठक एवं अन्य संशाधनों से फसल अवशेष न जलाये जाने हेतु ग्रामवासियों को करे जागरूक**

*** कृषक बंधुओं से अपील फसल अवशेष को न जलायें, मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनायें**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में उप कृषि निदेशक श्री संदीप पाल ने बताया कि फसल अवशेष जलाया जाना दण्डनीय अपराध है।

उप कृषि निदेशक ने बताया कि फसल अवशेष जलाये जाने से होने वाले वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु सेटेलाईट रिमोट सेन्सिंग के माध्यम से भारत सरकार द्वारा होती है यदि कोई भी घटना होती है तो इसकी रिपोर्ट सीधे जिला प्रशासन को प्राप्त होती है। घटना घटित होने पर जिलाधिकारी द्वारा गठित उपजिलाधिकारी तथा थाना प्रभारी एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों का सचल दस्ता तत्काल सेटेलाईट रिमोर्ट सेन्सिग द्वारा प्राप्त लोकेशन पर पंहुचकर सम्बन्धित के विरूद्ध अर्थदण्ड की कार्रवाई करती है।

कृषि भूमि का क्षेत्रफल 2 एकड से कम होने की दशा में अर्थदण्ड 5000 रूपये प्रति घटना, 2 एकड से 5 एकड के बीच होने की दशा में अर्थदण्ड 10000 रूपये प्रति घटना, 5 एकड से अधिक होने की दशा में अर्थदण्ड 30000 रूपये प्रति घटना तथा कृषि अपशिष्ट के जलाये जाने की पुनरावृत्ति करने पर कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित करने का प्राविधान है। उन्होने कृषक बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेष को न जलायें तथा अपनी मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनायें। पराली प्रबन्धन किये जाने हेतु अधिक से अधिक पराली को मिटटी में मिलाकर कार्बनिक खाद में परिवर्तित करें या गौशाला, गौ-सेवकों को दान देने का कष्ट करें। फसल अवशेष कम्पोस्ट खाद बनाने में सहायक है जो कि मृदा की भौतिक/रासायनिक एवं जैविक क्रियाओं में लाभदायक है। अतः फसल अवशेषों पर बायो डिकम्पोजर का प्रयोग कर कम्पोस्ट खाद बनायें तथा मृदा की उर्वरा शक्ति को बढायें। जो कम्बाईन हार्वेस्टर से फसल की कटाई करा रहे है वह सुनिश्चित कर लें कि कम्बाईन हार्वेस्टर मशीन एस0एम0एस0 या स्ट्रारीपर के अटैचमेन्ट के बिना न चलायी जाये। यदि कम्बाईन हार्वेस्टर मशीन एस0एम0एस0 व स्ट्रारीपर के बिना चलती हुई पायी जाती है तो कम्बाईन हार्वेस्टर मशीन को सीज करते हुए सम्बन्धित कम्बाईन हार्वेस्टर स्वामी के विरूद्ध प्राथमिकी अंकित कराते हुए दण्डात्क कार्यवाही हेतु न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जायेगा ।

जनपद में सभी चयनित ग्राम प्रधानों का उत्तरदायित्व होगा कि वह अपने गांव में मुनादी, लाउड स्पीकर, बैठक एवं अन्य संशाधनों से फसल अवशेष न जलाये जाने हेतु ग्रामवासियों को जागरूक करें तथा कोई घटना न होने दें।

# दो माह पूर्व नई नवेली दुल्हन प्रेमी संग शादी की जिद पर अड़ी पति को किया दरकिनार, पुलिस मामले को निपटने में उलझी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** नगर से एक नव विवाहित युवती अपने पति को छोड़कर पूर्व प्रेमी के साथ फरार हो गई पुलिस ने उसे नरपतनगर से बरामद कर पुलिस चौकी ले आई है। जिससे पूछताछ की जा रही है। स्वार थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरपत नगर निवासी एक ग्रामीण की बेटी की शादी दो माह पूर्व नगर पंचायत मसवासी के मोहल्ला चाउपूरा निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी के रूप में रह रहे थे लेकिन विवाहित युवती का प्रेम प्रसंग दूसरी बिरादरी के नरपत नगर के ही एक युवक से धीरे-धीरे चला रहा विवाहिता के ससुराली जनों को भी उसे पर संदेह नहीं हुआ और वह धीरे-धीरे प्रेम युवक से बात करती रही शुक्रवार को वह मौका पाकर अपनी ससुराल से मायके जाने का बहाना बनाकर निकल गई और मायके न पहुंच कर प्रेमी युवक के साथ रफू चक्कर हो गई। इस मामले की सूचना व्यवस्था के पति ने पुलिस को दी पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम कार्रवाई करते हुए उसे नगर पंचायत नरपत नगर में बरामद कर लिया गया और पुलिस चौकी ले आए। पूछताछ में उसने प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई और पति पर आरोपी की बौछार लगाकर उससे किनारा कर लिया नव विवाहिता के परिजन भी उसे समझाते रहे लेकिन उसने अपने मायके वालों और ससुराल वालों की एक न सुनी और प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड गई। देर शाम तक पुलिस चौकी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता चलती रही पुलिस ने प्रेमी और नव विवाहिता के पति को अलग-अलग बैठा रखा था लेकिन नव विवाहित किसी की भी सुनने को तैयार नहीं थी चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की महिला को बयानों के आधार पर भेजा जाएगा।

# हत्या के आरोपियों को किया गिरफ्तार




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम किरतपुर में घर के बरामदे में सो रहे बुजुर्ग जयपाल सिंह की हत्या के दो आरोपियों को ईट सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा वादी अतुल कुमार पुत्र जयपाल सिंह ग्राम किरतपुर द्वारा एक तहरीर थाना चांदपुर मे दी । कि अभियुक्त गण अवनीश उर्फ तारा सिंह हर्ष उर्फ बल्ले पुत्र धर्मवीर सिंह निवासीगण ग्राम किरतपुर व एक अज्ञात व्यक्ति नाम पता नामालूम के द्वारा वादी के पिता के जयपाल सिंह साथ मारपीट की गयी । जिससे वादी के पिता जयपाल सिंह की मृत्यु हो गई ।

पुलिस द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए । मु0अ0स 588/2025 धारा 103 (1) बीएन एस पंजीकृत कर अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया ।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्तगण से की गई पूछताछ मैं तथ्य प्रकाश में आये। की दिनांक 15 अक्टूबर 2025 की सांय अभियुक्त गण अविनाश और हर्षवर्धन की मृतक जयपाल सिंह और उनके पुत्र अतुल से कहा सुनी हो गई थी । जिन्होंने अभियुक्तगण को अप शब्द कहकर चढ़ाया था । जिससे गुस्से में अभियुक्तगण ने देर रात जाकर घर के बरामदे में सो रहे जयपाल की सिर के पर पास पड़ी ईट से वार कर उसकी हत्या कर दी ।

पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तगण अवनीश उर्फ तारा सिंह पुत्र धर्मवीर सिंह हर्षवर्धन उर्फ़ बल्ले पुत्र धर्मवीर को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर अभियोग उपरोक्त में धारा 3(5) बीएन एस की वृद्धि की गई है । आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर कांस्टेबल मुकेश कुमार व रजनीश द्वारा दोनों अभिकरणों को गिरफ्तार किया गया।

# पर्यावरण और पानी बचाने के लिए गंभीरता से काम करे : महापौर




**-'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' पर विभिन्न वर्ग के लोगों से लिए गए सुझाव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा है कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित सहारनपुर बनाएं और उस संकल्पना को पूरा करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ एकजुट होकर स्वदेशी और स्वालंबन के लिए काम करें।

आज नगर निगम के मां शाकंभरी सभागार में 'विकसित उत्तर प्रदेश-2047' पर विभिन्न वर्ग के लोगों और पार्षदों को सुझाव लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। महापौर उसी सम्बंध में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने महानगर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को अपनाते हुए प्लास्टिक मुक्त जीवन अपनाने और पानी को बचाने के लिए गंभीरता से काम करने की महानगर वासियों से अपील की। उन्होंने दृढ़ संकल्प लेकर रोजगार बढ़ाने पर भी जोर दिया। नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के लिए नये विजन की जरुरत है, नये विजन के साथ ही हम विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित सहारनपुर की ओर बढ़ सकते हैं।

पद्मश्री सेठपाल ने विकसित उत्तर प्रदेश के लिए प्लास्टिक और कूड़े के खिलाफ मजबूत लड़ाई लड़ने पर जोर देते हुए पानी का दोहन रोकने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा खेती और कृषि से अधिक आय देने और रोजगार सृजन की संभावना किसी क्षेत्र में नहीं है। उन्होंने कृषि विविधिकरण को अपनाने और प्रत्येक क्षेत्र में जनसहभागिता का सुझाव दिया। इण्डियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल ने महानगर में जड़ी बूटियों पर आधारित 300 यूनिट्स का उल्लेख करते हुए उन्हें सब्सिडी और कार्यशालाएं आयोजित कर प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया।

साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने महानगर में एक भाषा भवन बनवाने तथा काव्य गोष्ठियों, पुस्तकों के लोकार्पण व नाट्य गतिविधियों के लिए एक सभागार बनवाने और जिला अस्पताल के पीछे खाली स्थान पर एम्बुलेंस पार्किंग बनवाने का सुझाव दिया। हौजरी उद्यमी मनजीत शाह ने आईटीआई स्कूलों में सिलाई सीखने वाली लड़कियो के लिए नयी मशीने उपलब्ध कराने तथा शहर से अतिक्रमण हटवाने का सुझाव दिया। व्यापारी घनश्याम माहेश्वरी ने मेडिकल कॉलेज में आवश्यक मशीने लगवाने और श्रेष्ठ चिकित्सकों की नियुक्ति कराने, अंतर्राष्ट्रीय जूडो रेफरी दीपक गुप्ता ने बाजारों में कूड़ेदानों की व्यवस्था कराने व नालों से अतिक्रमण हटवाने का सुझाव दिया।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को दीपावली त्यौहार के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालयों में कार्य प्रबंधन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि दिनांक 20.10.2025 (सोमवार) को दीपावली त्यौहार के अवसर पर दिल्ली क्षेत्र के रेल आरक्षण कार्यालय निम्नानुसार संचालित किया जायेगा:-

- सरोजिनी नगर, कीर्ति नगर, शकूरबस्ती, दिल्ली शाहदरा, गाजियाबाद, कड़कड़डूमा, ओखला, नोएडा, तुगलकाबाद, सब्जी मंडी, आदर्श नगर, लाजपत नगर, रोहिणी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), अंतर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई.आर.सी.ए. भवन) के आरक्षण कार्यालय सायंकालीन पाली में 14:00 बजे से 20:00 बजे तक बंद रहेंगे। उपरोक्त सभी कार्यालय प्रातःकालीन पारी में यथावत कार्यरत रहेंगे।
- संसद भवन, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, रेलवे बोर्ड, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आरक्षण कार्यालय पूरे दिन बंद रहेंगे।
- आई.आर.सी.ए. भवन, दिल्ली जं. और हज़रत निज़ामुद्दीन के आरक्षण कार्यालय अर्थात् आई.आर.सी.ए. भवन में (2) काउंटर, दिल्ली जं. में (2) काउंटर और हज़रत निज़ामुद्दीन में (1) काउंटर पर आंशिक सेवाएं 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

3219/2025 पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली—110001
Mail ID : salenr365@gmail.com

संख्याः 117—एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2025—26 दिनांक : 16.10.2025

उत्तर रेलवे के अक्टूबर – 2025 नीलामी कार्यक्रम में शुद्धिपत्र।

अक्टूबर – 2025 के महीने के लिए नीलामी कार्यक्रम की शुद्धि निम्नानुसार होगी:

| क्र.सं. | वर्कशॉप | ई—नीलामी के लिए रद्द तारीख | ई—नीलामी के लिए नयी तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | उप मुख्य सामग्री प्रबंधक (जगाधरी) 01732252388 | 21.10.2025 | 31.10.2025 |

अन्य सभी नीलामी तिथियां, समय तथा निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। ई—नीलामी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

(नरेंद्र सिंह)
3220/2025 उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली-मुजफ्फरपुर त्योहार विशेष ट्रेन: 18 से 24 अक्तूबर तक चार फेरे, कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव

नई दिल्ली। दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने नई दिल्ली से मुजफ्फरपुर के लिए त्योहार विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। यह विशेष सेवा 18 से 24 अक्तूबर के बीच दोनों दिशाओं में कुल चार-चार फेरों के साथ चलेगी, जिससे पूर्व दिशा में बढ़ती मांग को व्यवस्थित ढंग से संभालने में मदद मिलेगी। सभी कोच वातानुकूलित श्रेणी के होंगे, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बनी रहेगी।



रेलवे के अनुसार नई दिल्ली से 04058 नंबर की त्योहार विशेष गाड़ी 18, 19, 22 और 23 अक्तूबर को दोपहर डेढ़ बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर तकरीबन दो बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वापसी दिशा में 04057 नंबर की ट्रेन 19, 20, 23 और 24 अक्तूबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे मुजफ्फरपुर से चलेगी और अगले दिन शाम 4:50 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

**● समय-सारिणी को त्योहारों के यात्री प्रवाह के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि कनेक्टिंग सेवाओं और रात के सफर के संतुलन के साथ भीड़ का दबाव कम हो सके। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन का ठहराव मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रखा गया है**

समय-सारिणी को त्योहारों के यात्री प्रवाह के अनुरूप तैयार किया गया है, ताकि कनेक्टिंग सेवाओं और रात के सफर के संतुलन के साथ भीड़ का दबाव कम हो सके। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन का ठहराव मार्ग के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर रखा गया है। गाड़ी गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर और हाजीपुर में निर्धारित समय के अनुरूप रुकेगी। पूर्वांचल और उत्तर बिहार के व्यस्त जंक्शनों पर स्टॉपेज से छोटे शहरों तथा जिले-स्तरीय यात्रियों को भी सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। त्योहारी सीजन में सामान्य ट्रेनों में लंबी प्रतीक्षा सूची को देखते हुए इस विशेष सेवा से कंफर्म बर्थ पाने की संभावना बढ़ेगी। यात्रियों को सलाह है कि अग्रिम आरक्षण कराने के साथ ही यात्रा तिथियों में लचीलापन रखें और स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन के लिए समय से पहले पहुंचें। वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और महिलाओं के साथ यात्रा करने वाले परिवार अपने कोच और बर्थ विवरण की पूर्व पुष्टि कर लें तथा वैध पहचान पत्र साथ रखें। रेलवे प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त स्टाफ, अनाउंसमेंट, सहायता काउंटर और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के संकेत दिए हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि प्लेटफॉर्म परिवर्तन, कोच पोजीशन और आगमन-प्रस्थान समय के अद्यतन पर नियमित रूप से ध्यान दें।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक व्यक्ति मृत मिला, एक अन्य घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में दो अलग-अलग घटनाओं में 25 वर्षीय एक व्यक्ति मृत पाया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को सूचना मिली थी कि शास्त्री पार्क चौक के पास सर्विस रोड पर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उमाम उर्फ उभाम (25) के रूप में हुई है, जो दिल्ली के कैलाश नगर का निवासी था। कुछ ही समय बाद पुलिस को उसी इलाके की फल मंडी के पास एक अन्य व्यक्ति के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली। घायल की पहचान नदीम (27) के रूप में हुई है, जो कैलाश नगर का ही रहने वाला है। उसे भी जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में, न्यूनतम तापमान में गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के सामान्य तापमान से 1.2 डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 74 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 241 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच को 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच को 'मध्यम', 201 से 300 के बीच को 'खराब', 301 से 400 के बीच को 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है।

### सज्जन कुमार की अपील पर 19 नवंबर को सुनवाई

नई दिल्ली। 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक हत्या के मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को चुनौती देने वाली अपील याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट 19 नवंबर को सुनवाई करेगा। जांच एजेंसी की अपील पर सुनवाई के लिए निर्धारित मामले को अदालत ने स्थगित कर दिया है। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए निर्धारित जांच एजेंसी की याचिका पर आज अदालत ने विचार किया, लेकिन मामले की सुनवाई 19 नवंबर तक टाल दी। यह फैसला सज्जन कुमार की अपील के संदर्भ में आया है, जिसमें उन्होंने अपनी दोषसिद्धि और सजा को चुनौती दी है। ट्रायल कोर्ट ने 25 फरवरी को सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। यह मामला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद एक नवंबर 1984 को दिल्ली सहित देशभर में भड़के सिख विरोधी दंगों से जुड़ा है। इन दंगों में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। सज्जन कुमार पर इन हत्याओं में शामिल होने का आरोप था।

### दो लापता नाबालिग लड़कियों को परिजनों को सौंपा

नई दिल्ली। अपराध शाखा की मानव तस्करी विरोधी इकाई ने दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को ढूंढकर उनके परिवारों को सुरक्षित सौंप दिया। दोनों मामलों में पुलिस ने तकनीकी निगरानी, सीसीटीवी फुटेज और लगातार जांच के जरिए लड़कियों का पता लगाया। अपराध शाखा उपायुक्त पंकज कुमार ने बताया कि पहला मामला थाना उत्तम नगर का है, जहां 13 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत 8 सितंबर को दर्ज की गई थी। परिजनों ने बताया था कि वह 21 अगस्त से लापता थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया।

# एक्यूआई ने बढ़ाई चिंता, एनसीआर में गाजियाबाद और नोएडा समेत दिल्ली के कई इलाके रेड जोन में शामिल






नई दिल्ली। एनसीआर में वायु प्रदूषण एक बार फिर चिंता का कारण बना हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, शुक्रवार को भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के ज्यादातर हिस्सों में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई है। इसमें भी गाजियाबाद सबसे प्रदूषित शहर बना हुआ है, उसके बाद नोएडा और दिल्ली का स्थान है।

गाजियाबाद की स्थिति पर गौर करें तो 17 अक्टूबर 2025 की सुबह तक, यहां का एक्यूआई 301 तक पहुंच गया था, जिसे 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक, इस स्तर का प्रदूषण लंबे समय तक रहने पर सांस संबंधी बीमारियों का कारण बन सकता है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त आंकड़े और भी चिंताजनक तस्वीर पेश करते हैं। लोनी इलाके में तो एक्यूआई 352 दर्ज किया गया, जो कि 'गंभीर' श्रेणी के काफी करीब है। वहीं, संजय नगर में 288, इंदिरापुरम में 280 और वसुंधरा में 284 एक्यूआई रहा। अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह के आंकड़े दिखाते हैं कि पीएम10 इस क्षेत्र में प्रमुख प्रदूषक रहा है। 16 अक्टूबर को पीएम10 का स्तर 307 तक पहुंच गया था, जबकि 15 अक्टूबर को 254 और 14 अक्टूबर को 261 दर्ज किया गया। नोएडा की हालत भी ज्यादा बेहतर नहीं रही। यहां के सेक्टर-125 में एक्यूआई 337 दर्ज किया गया, जो ह्यगंभीरह्न श्रेणी में आता है। सेक्टर-116 में 269, सेक्टर-1 में 257 और सेक्टर-62 में 218 एक्यूआई रहा। दिल्ली में भी हालात नाजुक बने हुए हैं।

आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार इलाका सबसे प्रदूषित पाया गया, जहां एक्यूआई 365 दर्ज किया गया। यह स्तर ह्यगंभीरह्न श्रेणी में आता है। वहीं, वजीरपुर में 333, बवाना में 306 और मुंडका में 283 एक्यूआई रहा। इससे साफ है कि दिल्ली के कई इलाके भी ह्यबहुत खराबह्न से लेकर ह्यगंभीरह्न श्रेणी की हवा में लोग सांस ले रहे हैं। मौसम विभाग और पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि हवा की रफ्तार धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण प्रदूषक तत्व हवा में जमा हो रहे हैं। इस समय हवा की दिशा और गति प्रदूषकों को फैलाने के अनुकूल नहीं है। विशेषज्ञों ने नागरिकों से सलाह दी है कि वे सुबह और शाम के समय बाहरी गतिविधियों से बचें, खासकर सांस के मरीज और बुजुर्ग। साथ ही, मास्क पहनने और घर के अंदर एयर प्यूरीफायर के इस्तेमाल की भी सलाह दी जा रही है।

## दिवाली पर फूलों की महक से बाजार गुलजार



नई दिल्ली। दीपावली से पहले गाजीपुर फूल मंडी में रौनक बढ़ गई है। पूरी मंडी खुशबू से गुलजार है। भीड़ और फूलों की मांग से विक्रेताओं की चांदी हो गई है। रात में भी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ जुट रही है। लोग पूजा और घरों की सजावट के लिए गेंदे से लेकर कमल तक खरीद रहे हैं।

व्यापारियों ने बताया कि मंडी में गंगधारी, फतेहपुर, खतौली, कोलकाता आदि जगहों से आ फूल आ रहे हैं। कमल, गेंदा, गुलाब और अशोक के पत्ते की खूब मांग है। इसके अलावा मंडी में सूरजमुखी, डेजी, जिप्सी, रजनीगन्धा, ऑर्किड, लिलि, ट्यूलिप, करंजा, वैजन्ती, गुलदाउदी और ग्लैड के फूल भी खूब बिक रहे हैं। आम दिनों में एक कमल 15-20 रुपये में बिकता है लेकिन इन दिनों 25-30 रुपये में बिक रहा है। गेंदे के फूलों का गुच्छा 400-600 रुपये में बिक रहा है जबकि आम दिनों में इसकी कीमत 300-400 रुपये रहती है। इसके अलावा गुलाब का बंडल 300-400 रुपये में बिक रहा है। मंडी में फूल की कीमत निर्धारित नहीं होती है। फूलों की कीमत मांग और सप्लाई पर निर्भर करती है। इसके अलावा लॉजिस्टिक लागत और क्षेत्र की जलवायु भी कीमत निर्धारण में अहम भूमिका निभाती है। वहीं, ग्राहकों का कहना है कि दिवाली में कारोबारी अधिक मुनाफा कमाने के लिए फूलों को अधिक कीमत पर बेच रहे हैं।

## जरूरतमंद परिवारो की दीपावली हमारी जिम्मेदारी, श्याम सुन्दर अग्रवाल पूर्व महापौर

नई दिल्ली। प्रगतिशील स्वर्णकार सभा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं घरेलू सहायिकाओं को दीपावली का सामान वितरण कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने पूर्व महापौर को पटका पहनाकर सम्मान दिया।

140 जरूरतमंद परिवारो को गणेश लक्ष्मी की मूर्ति,मिठाई, दिए एवं पांच स्टील के बर्तनों का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा महिला मोर्चा शाहदरा जिला मंत्री कंचन शर्मा ने किया ।कार्यक्रम में थाईलैंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े सुरेश गिरी ने आकर हिस्सा लिया।

पूर्व महापौर श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा दीपावली का त्यौहार समाज का हर वर्ग मना सके इसकी जिम्मेदारी हमे उठानी चाहिए अपने घर में दीपक जलाने से पहले किसी जरूरतमंद परिवार के घर में दीपक जलाने एवं मिठाई खिलाने की व्यवस्था हमे करनी चाहिए समाज के संपन्न परिवारों को अपनी सामर्थ अनुसार कुछ परिवारों को दीपावली का सामान वितरण करने का संकल्प लेना चाहिए मेरा विश्वास है जब आप जरूरतमंद परिवारो के चेहरों पर दीपावली मनाने के खुशी देखेंगे तो आपको अपनी दीपावली मनाने की खुशी चार गुना हो जाएंगी।

श्याम सुन्दर अग्रवाल ने कहा इस बार ऐसे परिवारों को सामान वितरण के लिए चुना गया जो यमुना के किनारों पर रहते है जिनका बाढ़ आने के कारण घर का सारा सम्मान बह गया था इनकी मदद करने से बहुत खुशी मिली है।

सुरेश गिरी ने कहा समाज में ऐसे कार्यक्रमों की बहुत जरूरत है इससे समाज में एकता का वातावरण बनता है जरूरतमंद समाज को विश्वास रहता है कि हमारे सुख दुख में हमारे साथ कोई खड़ा है।







कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सतीश शर्मा,राजन जी,पूर्व महिला मोर्चा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपिका जैन,भाजपा शास्त्री पार्क मंडल अध्यक्ष रविंद्र कुमार बाबू भाई,अग्रवाल सेवा संगठन अध्यक्ष योगेंद्र अग्रवाल,डॉक्टर पूनम,मदन पसरिचा,निर्मल कुमार,दीपांशु मरकन,संजीव अग्रवाल,पवन जैन,अभिषेक अग्रवाल,दीपक चौधरी, कृष्ण कुमार,प्रशांत तिवारी एवं निशा अग्रवाल ने वितरण करने में सहयोग किया।

### दिल्ली के स्कूल में बम की धमकी निकली झूठी

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के एक निजी स्कूल को भेजा गया बम की धमकी वाला ई-मेल फर्जी निकला जिसे परीक्षा से बचने के लिए एक छात्र ने भेजा था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाने को बृहस्पतिवार को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल में विशाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्हें एक ई-मेल मिला है, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'कई टीमें स्कूल पहुंचीं और बम धमकी संबंधी प्रोटोकॉल लागू किए गए। भवन को खाली कराया गया और बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ता और अग्निशमन दल की टीमों को जांच के लिए बुलाया गया।' उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर धमकी को फर्जी घोषित किया गया। मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान साइबर टीम ने फर्जी ई-मेल को भेजने वाले के स्त्रोत का पता लगाने के दौरान एक नाबालिग छात्र का पता लगाया। अधिकारी ने कहा, 'नाबालिग को पकड़ा गया और पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने धमकी भरा ई-मेल इसलिए भेजा क्योंकि वह परीक्षा से डर रहा था और चाहता था कि स्कूल अवकाश घोषित करे।'

### दिवाली से पहले हरकेश नगर की गलियों में पसरा अंधेरा

नई दिल्ली। दिवाली से ठीक पहले जहां पूरे शहर में रोशनी की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं दक्षिण दिल्ली के हरकेश नगर इलाके की कई गलियां अभी भी अंधेरे में डूबी हुई हैं। इलाके के मेन मार्केट और आसपास की सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से बंद पड़ी हैं। हरकेश नगर के एफ-4 और एफ-6 ब्लॉक के सामने लगी लाइटें पूरी तरह बंद हैं। आरडब्ल्यूए सदस्यों ने बताया कि अग्रवाल स्वीट से लेकर मेट्रो गेट और माता मंदिर तक एक भी स्ट्रीट लाइट चालू नहीं है। इस वजह से रात के समय यहां लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। स्थानीय निवासियों कहना है कि दिवाली जैसे त्योहारी मौसम में इलाके का अंधेरे में डूबा रहना चिंताजनक है। बच्चों और महिलाओं के अकेले निकलने में डर बना रहता है। नागरिकों ने नगर निगम और बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जाए, ताकि त्योहार से पहले इलाके में रोशनी लौट सके। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि रोशनी न होने से शाम के समय बाजार में ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो गई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा की उम्मीद से विक्रेताओं के चेहरे खिले

नई दिल्ली। धनतेरस के शुभ अवसर पर आज राजधानी दिल्ली के बाजारों में जमकर धनवर्षा की उम्मीद है। इससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। जीएसटी की दरें कम होने का असर धनतेरस, दीवाली समेत अन्य बड़े-बड़े त्योहारों पर नजर आने की संभावना है। इसके चलते धनतेरस पर जबरदस्त रौनक होना तय है। सुबह से ही लोग शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए बाजारों और शोरूम की ओर रुख करेंगे। परंपरागत रूप से सोना-चांदी, बर्तन और सिक्के खरीदने के साथ-साथ इस बार लोगों का रुझान आधुनिक वस्तुओं की खरीदारी की ओर भी रहेगा। कई लोग आज के दिन नए फोन, टीवी, फ्रिज और गाड़ियां खरीदने की योजना बना चुके हैं। चांदनी चौक, लाजपत नगर, राजौरी गार्डन, सरोजिनी नगर, नेहरू प्लेस, साकेत और करोल बाग जैसे प्रमुख बाजारों में सुबह से ही भीड़ उमड़ेगी। स्थानीय दुकानदारों ने ग्राहकों ने इस बार एक महीने पहले ही धनतेरस के लिए अपनी पसंद की वस्तुओं की बुकिंग कर ली है ताकि आखिरी समय में स्टॉक की समस्या न हो। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में आज सबसे ज्यादा भीड़ स्मार्टफोन और स्मार्ट टीवी काउंटरों पर दिखाई देगी। कई ब्रांड्स ने फेस्टिव ऑफर्स, एक पर एक मुफ्त और आकर्षक डिस्काउंट्स की घोषणा की है, जिनका फायदा ग्राहक उठाने के लिए उत्सुक हैं। वहीं, ऑटोमोबाइल शोरूमों में भी नए मोटरसाइकिल, स्कूटी और कारों की डिलीवरी के लिए लोग पहुंच रहे हैं। कई परिवार आज शुभ घड़ी में अपनी नई गाड़ियां घर लेकर जाएंगे।

### मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश कर दो तस्करों ससुर-दामाद क्रमशः मोहम्मद आबिद और मोहम्मद जावेद खान को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 32 लाख रुपये से अधिक मूल्य की 54,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट (ट्रेकेन-100) जब्त कीं गई हैं। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर शाखा की सेंट्रल रेंज में तैनात इंस्पेक्टर गौरव चौधरी की टीम ने जामिया नगर की नूरानी मस्जिद के पास महक अपार्टमेंट में घेराबंदी कर सात अक्तूबर को लगभग 6.30 बज को एक आरोपी मदनपुर खादर निवासी मोहम्मद आबिद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के एक बड़े कार्टन बैग में छिपाकर रखी गई 54,000 ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड टैबलेट (ट्रेकेन-100) बरामद हुईं की गई। इससे पूछताछ के बाद इसके सहयोगी व दामाद मोहम्मद जावेद खान को गिरफ्तार को इलाके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल फोन की डिजिटल फोरेंसिक जांच से पता चला कि मोहम्मद जावेद खान ने व्हाट्सएप के माध्यम से मोहम्मद आबिद के साथ मादक पदार्थों की तस्वीरें साझा की थीं। मोहम्मद आबिद पशु आहार का एक छोटा-मोटा व्यवसाय करता था। जल्दी पैसा कमाने की चाहत में वह नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार में शामिल हो गया और फिर मादक पदार्थों की तस्करी करने लगा।

### खतरनाक रसायन मिलाकर बना रहे थे मिल्क केक और कलाकंद

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के रघुवीर नगर में सोडियम फॉर्मेल्डिहाइड सल्फोक्सिलेट नामक रसायन का इस्तेमाल कर मिल्क केक व कलाकंद बनाया जा रहा था। इस रसायन का इस्तेमाल खाद्य उत्पादों में नहीं किया जाता है। इस मामले में पुलिस ने कारखाना मालिक ताराचंद व उसके ह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि वरिष्ठ निरीक्षक विनय कुमार की टीम को 16 अक्तूबर को दिल्ली के रघुबीर नगर स्थित एक कारखाने के बारे में गुप्त सूचना मिली थी कि जहां हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल करके बड़ी मात्रा में मिल्क केक और कलाकंद जैसी मिठाइयां तैयार की जा रही थीं। पुलिस टीम ने यहां घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। कारखाने से 2600 किलोग्राम से अधिक मिलावटी मिठाइयां और प्रतिबंधित रसायन बरामद किए गए। पूछताछ में हरि नगर, दिल्ली निवासी आरोपी तारा चंद अग्रवाल ने खुलासा किया कि उसका बेटा कई वर्षों से अवैध मिठाई का कारोबार चला रहा था। दो साल पहले अपने बेटे की मौत के बाद तारा चंद ने खुद ही यह धंधा जारी रखा। दिवाली पर ये मिठाइयां विभिन्न दुकानों पर लगभग 200-250 रुपये प्रति किलो की दर से बेची जानी थीं। उपायुक्त ने बताया कि सोडियम फॉर्मेल्डिहाइड सल्फोक्सिलेट नामक रसायन का खाद्य उत्पादों में इस्तेमाल करने से गंभीर स्वास्थ्य परिणाम हो सकते हैं। इससे फॉर्मेल्डिहाइड के कारण कैंसरजन्यता, जठरांत्र संबंधी विषाक्तता, एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं आदि हो सकती हैं।

**शुभारंभ** | अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन का भव्य समापन

# संवाद व अनुसंधान का संगम स्थल बना 'थेरा कनेक्ट-2025'

गुरुग्राम/नई दिल्ली। प्रतिष्ठित एसजीटी यूनिवर्सिटी के परिसर में अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन का भव्यता के साथ समापन हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन ने ज्ञान, नवाचार और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुभांशु मित्तल के उद्बोधन से हुआ। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और विद्वानों ने भाग लिया। मुख्य वक्ताओं में डॉ. अली ईरानी (हेड ऑफ डिपार्टमेंट, नानावटी मैक्स हॉस्पिटल, मुंबई) विशेष आकर्षण रहे। उन्होंने ब्रेन मैपिंग और इसके स्पोर्ट्स परफॉर्मेंस व रिहैबिलिटेशन में उपयोग पर अपने विचार साझा किए।




उनका सत्र खेल पुनर्वास और तंत्रिका विज्ञान की समझ को एक नई दिशा देने वाला रहा। कई अन्य प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भी अपने अनुभव साझा किए ।अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ जोंग यौन ने फिजियोथेरेपी शिक्षा और अभ्यास पर वैश्विक दृष्टिकोण प्रस्तुत कियाक

डॉ. अभिरूप चटर्जी, सीनियर प्रोजेक्ट साइंटिस्ट और हेड, सीओईओ ने पुनर्वास विज्ञान के भविष्य में नवाचार और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. बार्टोज प्रभुक्की (पोलैंड) ने पारंपरिक चिकित्सा और आधुनिक साक्ष्य-आधारित उपचारों के बीच पुल बनाने वाले अपने शोध निष्कर्ष साझा किए। डॉ. वजीर सिंह फोगाट, (हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर, एथलेटिक्स झ्र स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया), ने खिलाड़ियों की पुनर्वास प्रक्रिया और चोटों की रोकथाम पर महत्वपूर्ण विचार रखे। डॉ. चित्रा कटारिया, (प्रिंसिपल, आईएएसआईसी इंस्टिट्यूट ऑफ रिहैब साइंसेज ने मरीज-केंद्रित पुनर्वास की आधुनिक पद्धतियों पर प्रकाश डाला। इन सभी विशेषज्ञों के अनुभवों और विचारों ने थेरा कनेक्ट-2025 को ज्ञान, संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उत्कृष्ट मंच बना दिया।

सम्मेलन में पोस्टर और पेपर प्रेजेंटेशन सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें छात्रों, शोधकताओं और पेशेवरों ने अपने अभिनव विचारों और वैज्ञानिक कार्यों को प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में हो रहे प्रगतिशील अनुसंधान की गहराई को उजागर किया। शाम के समय कार्यक्रम का माहौल सांस्कृतिक रंगों से भर गया। कल्चरल नाइट में ऊर्जा, संगीत और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। जहां जोशीले भांगड़ा के साथ शास्त्रीय और समकालीन नृत्य प्रस्तुतियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत कर दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता ने कार्यक्रम में रचनात्मकता का एक नया रंग भरा। प्रतिभागियों ने विज्ञान और कला का बेहतरीन संयोजन पेश किया, जो उनकी सोच और कल्पनाशक्ति को दशार्ता था। कार्यक्रम का समापन वेलिडिक्ट्री सेरेमनी और पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इसमें बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन, बेस्ट पोस्टर प्रेजेंटेशन, क्लिनिकल एक्सीलेंस अवॉर्ड और सर्वश्रेष्ठ शोध कार्य (यूजी, पीजी और प्रोफेशनल श्रेणी में) जैसे पुरस्कार प्रदान किए गए। यूजी श्रेणी में नवोदित फिजियोथेरेपिस्टों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और उनके अभिनव कार्यों ने यह साबित किया कि आने वाली पीढ़ी चिकित्सा और अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छूने के लिए तैयार है।

# केंद्र और राज्य सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत देश और हरियाणा प्रदेश ने हर क्षेत्र में की बेमिसाल तरक्की : कृष्णपाल गुर्जर



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय जन विश्वास–जन विकास समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने की।

मुख्य अतिथि केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने दीप प्रज्वलन के साथ जिला स्तरीय जन विश्वास–जन विकास समारोह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। समारोह में सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से तैयार की गई सरकार के तीसरे कार्यकाल की एक साल की उपलब्धियों पर केंद्रित बुकलेट का वितरण भी किया गया।

जिला स्तरीय समारोह में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का शुभ सन्देश भी वर्चुअल रूप से सुना व देखा गया। समारोह में उपस्थित नागरिकों ने मुख्यमंत्री हरियाणा के संबोधन को बड़े उत्साह के साथ देखा और सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म और गीत का प्रदर्शन देखा, जिसमें राज्य में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और सार्वजनिक हित के निर्णयों की झलक प्रस्तुत की गई।

केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों का विकसित भारत चार अमृत स्तंभों पर टिका है। ये अमृत स्तंभ हैं हमारी नारी शक्ति, हमारी युवा शक्ति, हमारे किसान और हमारे गरीब परिवार। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिलाएं और किसान प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन के मुख्य आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों का कल्याण और उत्थान ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने का काम कर रही है। हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष का सफर जनता के विश्वास, विकास और सुशासन के प्रतीक के रूप में दर्ज हुआ है। राज्य सरकार ने बीते एक वर्ष में अंत्योदय और जनकल्याण की अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

**प्रदेश सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल रहा जन विश्वास और जन विकास का प्रतीक : केंद्रीय मंत्री**

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा हरियाणा सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष में विकास और सुशासन के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाओं को धरातल पर लागू किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि विकास का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय जन विश्वास–जन विकास समारोह ने जनता में सरकार की उपलब्धियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया है। प्रदेश सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल जन विश्वास और जन विकास का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पहली नवंबर से पात्र महिलाओं के खातों में 2100 रुपए आने शुरू हो जाएंगे। इस योजना के तहत 5 लाख से अधिक महिलाओं ने आवेदन किया है। सरकार की ओर से अंत्योदय और बीपीएल परिवार को 500 रुपए में एलपीजी गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

**अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण है केंद्र व हरियाणा सरकार की पहचान : कृष्णपाल गुर्जर**

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारना है ताकि हर नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है जिससे किसान, मजदूर और आम नागरिक आत्मनिर्भर बन रहे हैं। अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण के कार्य केंद्र व हरियाणा सरकार की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यरत सरकार ने अपने वचनों को कर्म से सिद्ध किया है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है और सरकार का यही कार्य संस्कृति जनता के प्रति जवाबदेही और समर्पण का परिचायक है। विकास की हर योजना, जनकल्याण के हर निर्णय और सेवा की हर पहल इस बात का प्रमाण है कि सरकार केवल वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें धरातल पर साकार भी करती है। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक केहर सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, सह प्रवक्ता यशपाल बत्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, हरेंद्रपाल राणा, भगत सिंह घुघेरा, उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला, अतिरिक्त उपायुक्त जयदीप कुमार, एसडीएम ज्योति, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, जिला नगर आयुक्त मनीषा शर्मा, एमडी शुगर मिल द्विजा, नगराधीश अप्रतिम सिंह सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बिहार में फिर एक बार एनडीए सरकार बनेगी : गौरव गौतम



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा सरकार में मंत्री गौरव गौतम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही बिहार के दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं ने हरियाणा के खेल और कानून मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। वे बिहार चुनाव में भाजपा की ओर से चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों की जीत में अहम भूमिका निभाएंगे।

गौरव गौतम हरियाणा सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बिहार की जनता को बताएंगे। वे यह भी साझा करेंगे कि किस तरह हरियाणा सरकार ने विकास, सुशासन और पारदर्शिता के मॉडल पर काम करते हुए राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बढ़ाए हैं। हर घर तक उज्ज्वला योजना के तहत गैस, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल और किसानों के हित में अनेक योजनाओं से जनता का जीवन बदल गया है। बिहार में भी अब यही विकास यात्रा और तेजी से आगे बढ़ेगी, हरियाणा सरकार का विजन और विकास मॉडल पूरे देश के लिए प्रेरणा बना है। हम बिहार के लोगों को बताएंगे कि कैसे हरियाणा में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। गौरव गौतम ने यह भी कहा कि बिहार में एक समय ऐसा था जब तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सरकार के दौरान पूरा बिहार क्राइम, भ्रष्टाचार और लूट की नगरी बन चुका था। जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जी रही थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बनी एनडीए सरकार के बाद बिहार के लोगों ने अमन, विकास और चयन की नई सुबह देखी है। गौरव गौतम बिहार के विभिन्न जिलों में जनसभाओं, संवाद कार्यक्रमों और बूथ स्तर तक कार्यकताओं के साथ जुड़कर जनता को केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराएंगे। बिहार की जनता अब विकास चाहती है, और विकास का पर्याय केवल एनडीए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में फिर एक बार एनडीए की सरकार बनेगी

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव 2025 में छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** खंड स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का आयोजन राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका पंजाबी ग्राउंड में आयोजित किया गया । महोत्सव का उद्घाटन खंड शिक्षा अधिकारी चरण देव द्वारा रिबन काटकर किया गया। सांस्कृतिक महोत्सव में खंड फिरोजपुर झिरका के सभी स्कूलों के छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया । प्रतियोगिता में चार मुख्य कार्यक्रम आयोजित कराए गए जिसमें कक्षा नवी से 12वीं तक सामूहिक नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका की अंजू के नेतृत्व में भूमिका, काजल, वर्षा, ममता, अंजलि, तनिष्का, राधिका, निकुंज, निशा, रिया एवं रितिका की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भांकड़ोंजी के प्रतिज्ञा के नेतृत्व में फिजा, तहजीब, मालूमा, अरवाना, वनीषा, निदा और फिजा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साकरस की निशा के नेतृत्व में नेहा, ममता, आरती व अंजलि की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । एकल नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका की छात्रा अंजू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका बाल के आकाश की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाठखोरी की छात्रा नेहा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । नाटक में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका की संजना के नेतृत्व में मोनिका, प्रीति, भावना, सोनिया, आरती, सुषमा, काजल व कशिश आदि छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुबलहेड़ी के परवेज के नेतृत्व में वाजिब, विकास, नाजिश, इक्लास, मौसमिना, अनुष्का, कय्युम, मुनासिफ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रावली के अनिल के नेतृत्व में रोहित, प्रिंस, हरबीर, सागर, पवन, मनीष और रॉबिन छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूर्ण, अपैरल हाउस में आयोजित किया गया जन विश्वास - जन विकास समारोह

- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत
- जनाकल्याण, पारदर्शिता और तीव्र विकास की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुआ हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष : राव नरबीर सिंह
- राव ने कहा, हरियाणा सरकार ने विकास को घोषणाओं की सीमा से निकालकर वास्तविकता में बदलने का किया कार्य
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 113 पात्र लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष प्रदेश के इतिहास में जनकल्याण, पारदर्शिता और तीव्र विकास की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास, सुशासन और सेवा के सिद्धांतों को धरातल पर उतारते हुए हरियाणा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। राव ने कहा कि हरियाणा प्रदेश आने वाले वर्षों में विकसित भारत निर्माण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेक्टर-44 स्थित अप्रैल हाउस में जन विश्वास – जन विकास कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। डीसी अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचकुला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया था। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने इस अवसर पर अन्य गणमान्य के साथ हरियाणा सरकार द्वारा पिछले एक वर्ष में पूर्ण की गई उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट का विमोचन भी किया।

**हरियाणा सरकार ने विकास को घोषणाओं की सीमा से निकालकर वास्तविकता में बदलने का किया कार्य**

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने समारोह में उपस्थितजन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने चुनावी संकल्प पत्र को केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि जनता से किया गया पवित्र वचन माना है। इसी प्रतिबद्धता के तहत हरियाणा सरकार ने महज एक वर्ष के भीतर 217 में से 46 वादों को पूर्ण कर अंत्योदय के अपने संकल्प की दिशा में आगे कदम बढ़ाएं हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में158 वादों पर कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ प्रगति पर है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हरियाणा सरकार ने विकास को घोषणाओं की सीमा से निकालकर वास्तविकता में बदलने का कार्य किया है। राव ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य ने नीति और नीयत दोनों स्तरों पर अभूतपूर्व गति प्राप्त की है। उनकी दूरद्रष्टिता ने ग्रामीण ढांचे को मजबूत करने, औद्योगिक निवेश बढ़ाने, युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा किसानों की आमदनी दोगुनी करने सहित हर क्षेत्र में सरकार ने ठोस परिणाम दिए हैं।

**ग्रामीण और शहरी विकास को गति देने के लिए हरियाणा सरकार ने उठाए कई ऐतिहासिक कदम**

राव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र को आत्मसात करते हुए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में केंद्र की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों के माध्यम से प्रदेश के हर वर्ग को सशक्त बनाया गया है। किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार देने, शिक्षा और स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने तथा ग्रामीण और शहरी विकास को गति देने के लिए हरियाणा सरकार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

**राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम की अभूतपूर्व प्रगति का किया उल्लेख**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज गुरुग्राम तकनीक, निवेश, शहरी बुनियादी ढाँचे और रोजगार के अवसरों के मामले में पूरे उत्तर भारत का विकास इंजन बन चुका है। मारुति सुजुकी, सुजुकी मोटर साइकल, यूनो मिंडा और फ्लिपकार्ट जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के बड़े निवेशों ने हरियाणा को औद्योगिक क्षेत्र में विश्वस्तरीय पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि जंगल सफारी जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं से गुरुग्राम को टूरिज्म हब बनाने की दिशा में भी हरियाणा सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। राव ने औद्योगिक क्षेत्र में प्रदेश की तरक्की से अवगत कराते हुए कहा कि आईएमटी खरखौदा, सोहना और अन्य क्षेत्रों में स्थापित हो रहे मेगा प्रोजेक्ट्स द्वारा लाखों रोजगार सृजित हो रहे हैं। वहीं ग्लोबल सिटी, इलेक्ट्रॉनिक मेन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब जैसी परियोजनाओं ने प्रदेश को लॉजिस्टिक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा निर्यात के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने के लिए रोजगार सब्सिडी योजना शुरू की गई है और छोटे व मंझोले उद्योगों के लिए नीतिगत सुधार किए गए हैं।

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कायम की जा रही नई मिसाल**

राव ने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण में भी हरियाणा ने उल्लेखनीय प्रगति की है। 21.52 करोड़ पौधारोपण, प्राण वायु देवता पेंशन योजना, शहरी एवं इको टूरिज्म का विकास, और बीड़ शिकारगाह में एशिया का प्रथम गिद्ध प्रजनन केंद्र जैसे नवाचारी प्रयासों से राज्य की जैव विविधता को सशक्त किया गया है। गिद्ध संरक्षण, ऑक्सी वन, हाथी पुनर्वास केंद्र जैसी पहलों से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिसाल कायम की गई है। विद्यार्थियों को पौधारोपण से जोड़ने और जल सरंक्षण अभियानों ने पर्यावरण संरक्षण को जनांदोलन का स्वरूप दिया है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि सैनिकों और उनके परिवारजनों के सम्मान के लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। शहीद जवानों के परिवारों को अनुकंपा के आधार पर नौकरियां दी जा रही हैं, साथ ही उनकी अनुग्रह राशि बढ़ाकर एक करोड़ रुपये तक कर दी गई है। भूतपूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं को मासिक आर्थिक सहायता बढ़ाई गई है और घायल जवानों के लिए विशेष अनुदान की व्यवस्था की गई है।

# देवउठनी एकादशी पर होने वाले बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों व संस्थानों पर की जाएगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

- विवाह में सेवा देने वाले टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर, प्रिटिंग प्रेस वालो पर भी होगी कार्यवाही

**हथीन, सुरेंद तेवतिया।** देवउठनी एकादशी पर बाल विवाह होने का अंदेशा बना रहता है, जो बाल विवाह निषेध अधिनियम में कानूनी अपराध है। जिला प्रशासन बाल विवाह रोकथाम के लिए सतर्क है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ निर्देशानुसार संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग द्वारा देवउठनी ग्यारस पर बाल विवाह रोकने के लिए अभियान चलाकर आमजन को बाल विवाह न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व आमजन को बाल विवाह जैसी बुराई को जड़ से खत्म करने का आह्वान किया जा रहा है, जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देवउठनी एकादशी पहली नवंबर को पड़ रही है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लडकी व 21 वर्ष से कम आयु के लडके को नाबालिग माना जाता है। यदि कम आयु में विवाह किया जाता है तो यह गैर जमानती कानूनी अपराध है, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, उसको बढ़ावा देता है या उसकी सहायता करता है, तो 2 साल तक की सजा और 1 लाख रुपए तक का जुमार्ना हो सकता है। उन्होंने विवाह में सेवा देने वाले टेंट, हलवाई, पंडित, केटरर, प्रिटिंग प्रेस वालो से भी आह्वान किया कि ऐसे किसी भी विवाह कार्यक्रम में न तो शामिल हो और न ही अपनी सेवाएं दें। अन्यथा उनके विरूद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बाल विवाह के आयोजन से सम्बन्धित जानकारी देने के लिए आमजन बाल विवाह निषेध अधिकारी, मैजिस्ट्रेट या चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर सूचना दे सकते हैं ताकि समय पर हस्तक्षेप करके नाबालिग के विवाह को रुकवाया जा सके।

# होडल अनाज मंडी में आढ़तियों द्वारा फसल तोलने में गड़बड़ी, मार्किट कमेटी में शिकायत

- दो से तीन किलो वजन का किसानों के साथ घोटाला

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** होडल अनाज मंडी में बैठे आढ़तियों द्वारा किसानों के साथ धोखेबाजी की जा रही है किसानों का आरोप है कि धान खरीद में आढ़तियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कांटों में दो से तीन किलो वजन का किसानों के साथ घोटाला किया जा रहा है, किसानों के साथ इस तरह गड़बड़ी होने पर आए दिन यहां फसल बेचने वाले किसानों को लाखों रुपए का चूना यहां के आढ़ेती लगा रहे हैं, होडल अनाज मंडी पिछले कई वर्षों से सुर्खियों में रही है जहां हजारों क्विंटल धान घोटाले का मामला अभी थमा नहीं है वहीं इस वर्ष भी फसल की आवाक के साथ ही फसल की तुलाई में गड़बड़ी और किसानों की फसल को आढ़तियों द्वारा मनमाने दाम पर खरीदने की चर्चा लगातार हो रही है। मंडी में धान की फसल बेचने आए कोंडल निवासी किसान दीपक ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने एक किसान साथी के साथ अनाज मंडी होडल में फसल लेकर आया जब मेरी फसल को तोला जा रहा था तो मुझे उनके इलेक्ट्रॉनिक काटे में गड़बड़ी का अंदेशा हुआ जिस पर मेरी फसल तोली जा रही थी। उसके बाद मैने पास में रखे दूसरे कांटे पर वजन किया तो उस कांटे पर वजन आया 60 किलों और जिसपर मेरी फसल तोली जा रही थी उस कांटे पर वजन था 62 किलो निकला, इस दौरान जागरूक किसान ने इस मामले की वीडीओ भी बनाई है, किसान दीपक ने बताया कि जिस आढ़ेत पर वह फसल लेकर आया था उसका कांटा सही था लेकिन पास में रखा हुआ दूसरा कांटा किसानों के साथ गड़बड़ी कर रहा है, किसान का कहना है कि इस पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और किसानों को फसल का सही रेट मिलना चाहिए। किसान दीपक ने इस मामले की शिकायत मार्केट कमेटी होडल के दफ्तर में लिखित में दे दी है होडल अनाज मंडी के आड़ेती रोताश मित्तल उर्फ पिप्पा ने बताया कि किसान दीपक उनके पास धान की फसल लेकर आया था, किसान दीपक ने 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटों से वजन किया जिसमें उनका कांटा तो सही था जिस पर 62 किलो वजन दिखाया गया लेकिन वही दूसरे आड़ेती का पास में कांटा रखा हुआ था जिस पर 60 किलो वजन दिखाया गया है, आड़ेती ने कैमरे के सामने कबूल किया है कि होडल की अनाज मंडी में किसानों के साथ फसल की तौलाई पर सरासर घोटाला किया जा रहा है। हैरानियत की बात तो यह है कि किसान के साथ तौलाई में घोटाला हो रहा है लेकिन कैमरे के सामने बोलने वाले आड़ेती ने दूसरे इलेक्ट्रॉनिक कांटे के मालिक का नाम नहीं बताया ,आड़ेती रोताश मित्तल ने भी किसानों के साथ हो रहे फसल तौलाई में घोटाले कि निष्पक्ष तरीके से जांच की मांग की है। होडल मार्केट कमेटी के सचिव विद्यासागर को जब इस पूरे मामले के बारे में बताया गया तो उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से ज्यादा अबकी बार होडल अनाज मंडी में धान की आवक हुई है , किसानों को सभी सुविधाएं मुहिया कराई जा रही हैं, किसान की शिकायत उनके पास आई है, किसान द्वारा दी गई शिकायत पर कार्रवाई की जा रही है।

# नगीना के वार्ड नंबर तीन झबला मोहल्ला की सफाई व्यवस्था बाधित

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** कस्बा नगीना वार्ड नंबर तीन के झबला मोहल्ला में सफाई व्यवस्था बाधित होने की वजह से वार्ड वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मोहल्ला के रजत जैन, हरीश शर्मा ने बताया की वार्ड नम्बर तीन व दो के झबला मोहल्ला की सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से बाधित होने की वजह से वार्ड में गंदगी के ढेर लगे हुए हैं तथा नालियां कीचड़ व गंदगी से भरी हुई है जिसकी वजह से वार्ड में सारे दिन दुर्गंध उठती रहती है तथा मच्छरों का आतंक भी बढ़ गया है जिसकी वजह से बीमारियों का फैलने का खतरा भी बना रहता है लगभग एक वर्ष से सफाई कर्मचारियों ने वार्ड में हाजिरी तक नहीं लगाई है कई बार मौखिक रूप से ग्राम पंचायत, ग्राम सरपंच , खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ग्राम सचिव,व प्रशासन से झबला मोहल्ला की सफाई करवाने की मांग मोहल्लावासी कई बार कर चुके हैं लेकिन उनकी समस्या का समाधान की ओर कोई ध्यान ना देने की वजह से समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। रजत जैन ने बताया कि एक और तो अधिकारी लंबे चौड़े दावे करते हैं लेकिन उनकी ये सभी दावे खोखले साबित हो रहे हैं दिवाली पर भी सफाई ना होना अपने आप में एक चिंता व चिंतन का विषय है। आखिर सफाई व्यवस्था क्यों ठप्प है। मोहल्ला वासियों की प्रशासन से मांग है की तुरंत प्रभाव से झबला मोहल्ला की नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था करवाई जाए।

## समाचार

# सामूहिक विवाह सम्मेलन शामिल होंगे मंत्री रणबीर गंगवा व यूपी के मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** फिरोजपुर झिरका में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा और उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री धर्मवीर प्रजापति शामिल होंगे। यह कार्यक्रम श्री शक्ति प्रजापति समाज द्वारा आगामी 1 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने दोनों मंत्रियों को निमंत्रण दे दिया है। पहली बार सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के दो मंत्रियों के पहुंचने को लेकर प्रजापति समाज के लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। विवाह सम्मेलन कमेटी द्वारा लगातार घर-घर में न्यौता पहुंचाया जा रहा है। ताकि समाज के लोग कार्यक्रम में दोनों मंत्रियों के संबोधन को सुन सके। वहीं इस कार्यक्रम में दूरदराज से भी काफी संख्या में समाज के लोगों के आने की उम्मीद है। भारतीय प्रजापति हीरोज आगेर्नाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव ओमकरण प्रजापति ने कहा कि उन्होंने इस बार सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के दो मंत्रियों को निमंत्रण दिया है। जो आने वाली 1 नवंबर को कार्यक्रम में पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद देंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। हर बार की तरह इस बार भी श्री सीताराम की बगीची में विवाह सम्मेलन का आयोजन करवाया जाएगा। विवाह सम्मेलन में शादी करवाने वाले लोगों के लिए पहले की तरह दान स्वरूप 11 हजार रुपये की राशि रखी गई।

# खेड़ला पंचायत ने स्वच्छता की दिशा में उठाया अनोखा कदम

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** खेड़ला पंचायत में स्वच्छता और सामुदायिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का आयोजन खेड़ला पंचायत के सरपंच आरिफ के नेतृत्व में किया गया। आयोजन में पंचायत सदस्यों के साथ-साथ अनुभूति समिति एवं सिविक फेलो रेनू, संजय, नजमा, राहुल, इमरान, प्रियंका , साजिद और नुरैज ने सक्रिय भागीदारी निभाई और चौपाल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। चौपाल की शुरूआत सरपंच आरिफ के संबोधन से हुई। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि गाँव की स्वच्छता केवल सरकार या पंचायत की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जब हर व्यक्ति अपने घर और आस-पास की सफाई का ध्यान रखेगा, तभी हमारा गाँव स्वच्छ और सुंदर बन पाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत ने गाँव में कचरा संग्रहण वाहन (कचरे की गाड़ी) की सुविधा शुरू की है, जो प्रतिदिन सुबह प्रत्येक घर से कचरा एकत्र करेगी। सरपंच ने सभी से अपील की कि वे अपने घर का कचरा खुले में न फेंके, बल्कि पंचायत द्वारा उपलब्ध कराए गए डस्टबिन में ही डालें। कार्यक्रम के दौरान सरपंच ने स्वयं ग्रामवासियों को डस्टबिन वितरित किए और उन्हें इसके सही उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक जिम्मेदारी है। इसके बाद सिविक फेलो रेनू ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि डस्टबिन का उपयोग करने से न केवल गंदगी कम होगी बल्कि बीमारियों का फैलाव भी रुकेगा। उन्होंने कहा कि यदि हर परिवार यह छोटा-सा कदम उठाए तो पूरा गाँव साफ-सुथरा और रहने योग्य बन सकता है। अन्य फेलो साथियों ने भी स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर अपने विचार साझा किए।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपन टेंडर–1023 दिनांक : 17.10.2025

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | नवनिर्मित रेलवे कार्यालयों में कॉन्फ्रेंस हॉल और ऑडिटोरियम में दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान तथा नई दिल्ली में आईटीओ के पास तिलक ब्रिज पर अधिकारी विश्राम गृह। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,21,40,632.08/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,60,700.00/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 10.11.2025 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

3225/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रचनात्मक आवाज़ों की गूँज, बच्चों ने दिखाया जलवा





**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कक्षा चौथी और पाँचवीं के छात्र-छात्राओं के लिए अंग्रेजी गतिविधियों की श्रृंखला का तीसरा चरण %क्रिएटिव वॉइसेज़% (रचनात्मक आवाज़ें) थीम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सार्वजनिक रूप से स्वयं को अभिव्यक्त करने की झिझक को दूर करना था।

इस रोचक कार्यक्रम में कुल 49 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता की अनूठी छाप छोड़ी। बच्चों ने कहानी सुनाना (स्टोरी टेलिंग), चित्र वर्णन (पिक्चर कंपोजिशन) और नाटक (स्किट) जैसी विविध गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आज के नाटकों की विशेष थीम दीवाली विद ए डिफरेंस थी, जिसके माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण के प्रति सजगता और सुरक्षित दिवाली मनाने का सुंदर संदेश दिया।

कार्यक्रम की सफलता में 31 उत्साही अभिभावकों की मौजूदगी ने चार चाँद लगा दिए। उनके उत्साहवर्धन ने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के होनहार एंकरों - कक्षा 5- की रिज़ा सुहैल, कक्षा 6 की इनाया क्रमर और कक्षा 6-की मिसबा ने बखूबी किया। उनकी फुर्तीली प्रस्तुति और मधुर वाणी ने पूरे कार्यक्रम में एक नया जोश रंग भर दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने कहा, यह देखना अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे बच्चे न केवल भाषा पर अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रहे हैं। क्रिएटिव वॉइसेज़ जैसे आयोजन उनकी संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम निश्चित रूप से छात्रों के आत्मविश्वास और रचनात्मक सोच को एक नई उड़ान देगा।

# थाना कुतुबशेर, जनपद सहारनपुर की साइबर टीम द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर साइबर पुलिस टीम द्वारा थाना कुतुबशेर क्षेत्रांतर्गत बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिला एवं पुरुष नागरिकों को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्टिंग एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान नागरिकों को साइबर अपराध से बचने के उपाय बताए गए तथा पंपलेट वितरित कर विस्तृत जानकारी दी गई।टीम द्वारा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा वेबसाइट www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों की साइबर संबंधी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण भी किया गया, साथ ही अधिक से अधिक लोगों तक साइबर जागरूकता संदेश पहुँचाने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान-5.0 से भी जागरूक किया गया।

# कांग्रेस पिछड़ा विभाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विकेश कुमार का स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** शुक्रवार को कांग्रेस पिछड़ा विभाग कासमपुर निवासी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विकेश कुमार चौधरी निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा के निवास कैंप कार्यालय मोहम्मदपुर टांडा पहुंचे जहां पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय शर्मा ने बधाई देते हुए फूल माला पहनकर स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा जो जिम्मेदारी आपको मिली है उसे पूरी लगन के साथ सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मिलजुलकर संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस के पिछड़ा पिछड़ा विभाग को मजबूत करने का कार्य करें मैं हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को तैयार खड़ा हूं हम सब मिलकर कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, विजेंद्र गिरी, सौरभ चौधरी, रोहित वर्मा, दीपक शर्मा, दीपांशु शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, विजेन्द्र चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता





*** (बालक एवं बालिका वर्ग) के आयोजन में दिखा प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** द हेज़लमून स्कूल में दो दिवसीय इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र -छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रथम दिवस में बालक वर्ग की प्रतियोगिता में कार्नेलियन हाउस से निखिल कुमार,अभिनव यादव,अर्जित कुमार ,जतिन वान्या, शौर्य चौधरी , यश कुमार , मो.अयान, ईशांत सिंह, जसकरण सिंह ,भविष्य सिद्धु।

सिट्रिन हाउस से रब कुमार त्यागी, आदित्य त्यागी, शौर्य गोयल, मंजीत सिंह ,लव कुमार,चन्द्रवीर यादव, उमर गफ्फारी ,मो.अफ़्फ़ान। एमरल्ड हाउस से नावेद आलम,मो.मुतलक ,मयंक चौधरी, देवश्य रावल,अंश जिंदल, लविश जिंदल, शौर्य हरसाना।सफायर हाउस से जतिन सिसोदिया,अभिजय सिंह,मो.बिलाल,शौर्य त्यागी , निशांत राजपूत , मो.हमजा,अवि अग्रवाल,देव जिंदल ने अपने शानदार खेल कौशल, एकजुटता और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

मैच के दौरान हर हाउस के प्रतिभागियों ने पूरी लगन और उत्साह से खेलते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

अंकों के आधार पर परिणाम घोषित किए गए,जिसमें एमरल्ड हाउस ने प्रथम स्थान, सफायर हाउस ने द्वितीय स्थान तथा सिट्रिन हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय दिवस में बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में कार्नेलियन हाउस से पावनी गर्ग,परी, रैना, आरुषि राजपूत, तेजस्वी, आराध्या, वैष्णवी तोमर।

सिट्रीन हाउस से चार्ली सिंह, मानवी मित्तल, पीहू यादव, मीरा सिंह राणा, काव्या जिंदल, गुंजन जिंदल, सुहानी, सौम्या चौधरी, जिया लांबा।

एमरल्ड हाउस से निष्ठा बंसल, अनुष्का तोमर, सिमर कौर, सारा महबूब, रुहानी मलिक, निविका, दृष्टि शर्मा, रिया पाल, शांभवी ।

सफायर हाउस से अग्रयता चौधरी, जानवी जिंदल, वैष्णवी गुप्ता, संस्कृति अग्रवाल, कुमकुम चौधरी, ज़ायना रहमान, अंशिका कटारिया, दिव्यांशी चौधरी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

खेल के प्रत्येक पल में बालिकाओं की ऊर्जा, तालमेल और जीत का जज़्बा देखने लायक था।

इस प्रतियोगिता में सफायर हाउस प्रथम,एमरल्ड हाउस,द्वितीय तथा सिट्रिन हाउस तृतीय स्थान पर रहे।

विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने सभी प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि ÷खेल केवल शारीरिक क्षमता का नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास का प्रतीक हैं। बास्केटबॉल जैसे खेल टीमवर्क, धैर्य और नेतृत्व के गुणों को निखारते हैं। प्रत्येक खिलाड़ी ने जिस समर्पण और अनुशासन के साथ भाग लिया, वह सराहनीय है। हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सच्ची जीत अपने प्रयासों में निहित होती है। विद्यालय अपने विद्यार्थियों में ऐसे गुणों को विकसित करने के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा।÷

विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ÷हमारे विद्यार्थियों ने न केवल उत्कृष्ट खेल कौशल दिखाया, बल्कि सच्चे खिलाड़ी की भावना का परिचय भी दिया। इस प्रतियोगिता ने यह साबित किया कि जब टीम मिलकर खेलती है, तो हर चुनौती आसान लगने लगती है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं।÷

पूरे विद्यालय में प्रतियोगिता के दौरान जोश, उल्लास और प्रेरणा का वातावरण देखने को मिला। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, टीम वर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था।

# स्वच्छ कुण्ड पर हुआ मेला समापन व दीपोत्सव का आयोजन

**– योग गुरु भारत भूषण, विधायक राजीव गुंबर, मंडलायुक्त अटल कुमार राय, एसएसपी आशीष तिवारी, पूर्व महापौर संजीव वालिया, सीडीओ सुमित महाजन आदि रहे शामिल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** श्री जाहरवीर गोगा जी के म्हाड़ी परिसर में 'स्वच्छ कुण्ड' पर बृहस्पतिवार देर शाम को मेला 'गुघाल का समापन और दीपोत्सव-2025' का नगर निगम द्वारा आयोजन किया गया। योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, मेला चेयरमैन पार्षद नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग, महानगर भाजपा अध्यक्ष शीतल विश्नोई व अनेक पार्षदों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में निर्मित गौमय दीपों को स्वच्छ कुण्ड के चारों ओर अतिथियों द्वारा प्रज्वलित किया गया। स्वच्छ कुण्ड परिसर में दीपों और लाइटों की जगमगाहट स्वच्छ कुण्ड परिसर में एक अनुपम सौंदर्य छटा बिखेर रही थी। कुण्ड के तट पर दीयों से लिखा गया नगर निगम देखते ही बनता था। उक्त अतिथियों के अलावा मंडलायुक्त अटल कुमार राय, एसएसपी आशीष तिवारी, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, सीडीओ सुमित महाजन, आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू, उद्यमी मदन अग्रवाल, व्यापारी नेता राजकुमार मक्कड़ व पाल्ली कालड़ा, मुख्य वार्डन सिविल डिफेंस राजेश जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आशुतोष जी व कविंद्र जी, डॉ. पंकज खन्ना आदि ने भी दीप प्रज्वलित किये। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला गुघाल भव्य रुप से सम्पन्न कराने के लिए सभी पार्षदों, शहरवासियों और निगम टीम का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आज का आयोजन यहां इसलिए किया गया है कि यही वह तालाब है जहां जाहरवीर महाराज ने काबली भगत को अपना चिह्न नेजा दिया था। महापौर डॉ. अजय कुमार ने महानगर के सफाई मित्रों को सेल्यूट करते हुए कहा कि मेले के भव्य आयोजन में आप सबके अलावा हमारे सफाई मित्रों का सबसे ज्यादा योगदान रहा है। इस वर्ष मेले में अनेक नये सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल किये गए। नगरायुक्त एवं महापौर ने सभी लोगों को दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी। उपसभापति मयंक गर्ग, मेला वाइस चेयरमैन के के बत्रा, अहमद मलिक व नूतन तोमर के अलावा लगभग सभी पार्षदों ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। संचालन पार्षद ज्योति अग्रवाल व आस्था शर्मा द्वारा किया गया।

# भीख से सीख की ओर के बच्चों ने अधिकारियों को भेंट किए स्वनिर्मित दीये



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दीपावली के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन सम्भल एवं वीनस शुगर मिल्स के सहयोग से उम्मीद संस्था द्वारा संचालित भीख से सीख की ओर कार्यक्रम के बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और मेहनत से तैयार किए सुंदर हस्तनिर्मित (हैंडमेड) दीये जिलाधिकारी (डीएम) पुलिस अधीक्षक (एसपी) तथा एडीएम को भेंट किए। इन दीयों को बच्चों ने स्वयं तैयार किया, जिनमें उनकी मेहनत, आत्मविश्वास और सीखने की चमक झलक रही थी। जिलाधिकारी डॉ0 राजेन्द्र पेंसिया ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ये दीये सिर्फ मिट्टी के नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की आशा के प्रतीक हैं। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की और उन्हें पढ़ाई-लिखाई में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एडीएम ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा देते हैं। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीपीओ चंद्रभूषण ने भी बच्चों की सराहना की। उम्मीद संस्था से डॉ रैना ने बताया कि यह कार्यक्रम उन बच्चों के पुनर्वास और शिक्षा से जोड़ने का प्रयास है जो पहले भीख मांगने को मजबूर थे। अब ये बच्चे अपनी प्रतिभा और मेहनत से शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास झलक रहा था। जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को मिठाई और उपहार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

# एएमयू संस्थापक सर सैयद अहमद खां का केक काटकर मनाया जन्मदिन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खां का जन्मदिन शिक्षण संस्थानों मे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। केक काटकर एक दूसरे को बधाईयां दी गई और उनके जीवन कार्यो पर प्रकाश डाला गया।

नगर के हिलाली सराय स्थित नवाब महमूद अंसारी गर्ल्स इण्टर कॉलिज मे अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां को उनके जन्मदिन के मौके पर छात्राओं ने याद करते हुए उत्साह के साथ मनाया। केक काटकर एक दूसरे को बधाईयां दी गई। इस मौके पर विधालय की प्रधानाचार्य कु0 रफ्त जहां ने बोलते हुए कहा कि सर सैयद अहमद खां ने इतना बढ़ा इदारा कायम कर लोगों को शिक्षित बनाने का काम किया है। विधालय के संयोजक सईद अख्तर इसराईली ने बोलते हुए कहा कि आज समाज को शिक्षित बनने का मौका मिल रहा है। हमे उनके जीवन से काफी कुछ सीखने की ज़रूरत है।

# कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

*** पुलिस कर्मचारियों को दी नई तकनीकी की जानकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत साइबर व महिला सुरक्षा पर आयोजित साइबर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट डॉ.रक्षित टंडन ने एक ओर जहां छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों को साइबर क्राइम के बढ़ते स्वरूप के प्रति जागरूक किया, वहीं पुलिस विभाग में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ.टंडन ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिये।

स्थानीय जनमंच सभागार में आयोजित साइबर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उप्र के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए सहारनपुर परिक्षेत्र के डीआईजी अभिषेक सिंह ने कहा कि संचार क्रान्ति के इस युग में साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है, इसलिए विभाग द्वारा समय-समय पर एक ओर जहां आमजनमानस को इन साइबर अपराधियों के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है, ताकि साइबर क्राइम की बढती घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सजग रहने की अपील की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ जनमानस को अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है, क्योंकि जरा सी असावधानी होने पर साइबर अपराधी इसका फायदा उठा लेते है। उन्होंने छात्र-छात्राओं व वरिष्ठ नागरिकों से किसी भी अंजान व्यक्ति को अपना ओटीपी नम्बर न बताने व व्हास्टअप पर किसी अंजान नम्बर से आने वाले लिंक को न खोलने के प्रति भी जागरूक किया।कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट डॉ.रक्षित टंडन ने साइबर अपराधों के बढ़ते स्वरूप, जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया ब्लैकमेलिंग आदि के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सावधानी, सजगता और समय पर रिपोर्टिंग ही साइबर अपराध से सुरक्षा का सबसे सशक्त उपाय है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने साइबर अपराध व मिशन शक्ति से सम्बन्धित प्रश्न किए गये, जिनका डा.रक्षित टंडन ने रोचक तरीके से जवाब दिया।

कार्यक्रम में मण्डलायुक्त अटल कुमार राय व मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन भी मौजूद रहे। कार्यशाला के अंतिम सत्र में साइबर एक्सपर्ट डॉ.रक्षित टंडन ने पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 के उपयोग की जानकारी दी गयी। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा हेतु संचालित मिशन शक्ति अभियान और 1090 महिला हेल्पलाइन नम्बर के बारे में भी विस्तार से बताया।

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने साइबर एक्सपर्ट डॉ.रक्षित टंडन, एडीजी जोन कार्यालय में तैनात सब इन्स्पेक्टर सचिन धामा, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान व वरिष्ठ रंग कर्मी संदीप शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यशाला ने प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान ने छात्र-छात्राओं व केएल अरोड़ा ने वरिष्ठ नागरिकों का आभार जताया।

कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम मुनीष चन्द्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रिया यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी लाइन अमित श्रीवास्तव, कोतवाली सदर बाजार प्रभारी कपिल देव, सीनियर सिटी वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक केएल अरोड़ा के अलावा भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, विभिन्न स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राएं व पुलिस विभाग के साइबर सेल में तैनात सब इन्स्पेक्टर व पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# रायसत्ती पुलिस ने लगाई स्कूल मे चौपाई महिलाओं को किया आत्म रक्षा को जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत मोहल्ला पंजू सराय में निगार पब्लिक स्कूल थाना रायसत्ती जनपद संभल में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, हे.का. सुखवेन्द्र सिंह, का. कपिल कुमार, का. सावन कुमार, का. पीयूष शर्मा, म.का.सोनम थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# महा पर्व दीपावली के उपलक्ष में बैठक का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**भागूवाला।** थाना मंडावली में आगामी त्योहारों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधुओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने की और संचालन चौधरी ईशम सिंह किया। ईशम ने कहा कि दीपावली पर्व का मतलब है प्रेम और भाईचारा है सभी को प्रेम भाव से त्यौहार मनाना चाहिए आपस में मिलजुल कर रहे तभी त्यौहारों का आनन्द आता है। थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व प्रेम-भाव और सौहार्द की मिसाल है। सभी ग्रामवासियों से उम्मीद है कि मिलजुल कर प्रेम-भाव से त्यौहार मनायें यदि कोई व्यक्ति अनावश्यक रूप से परेशान करता तो उसकी सूचना प्रशासन को दें उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी ग़लत काम करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। सभी ग्रामवासियों से आग्रह किया कि पुलिस प्रशासन का सहयोग करें पुलिस प्रशासन सदैव आपके साथ खड़ा रहेगा। बैठक में भाजपा नेता ईशम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र सिंह, वाजिद मकरानी,हाजी नसीम अंसारी, परवीन सिंह, माजिद प्रधान, करवा सिंह, चौधरी अनुज, उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक लखनलाल, तथा थाना मंडावली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्यालय में बालिकाओं को किया जागरूक





*** दीपों के पर्व दीपावली की दी शुभकामनाएं**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** क्षेत्र के ग्राम हिरावाली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को कक्षा 5 से 8 तक की छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को 1090, 1098 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती मीनाक्षी चौधरी ने छात्राओं को आत्मरक्षा, बाल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सही उपयोग तथा बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सदैव सजग रहना चाहिए और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन या शिक्षक से संपर्क करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने दीपावली पर्व की एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय परिसर को दीयों से सजा कर प्रकाशमय बना दिया।

इस अवसर पर छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाना और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना रहा।

# अभिषेक सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया





**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), उत्तर प्रदेश चन्द्र प्रकाश द्वारा जनपद सहारनपुर स्थित रीजनल ट्रेनिंग सेंटर (ऋक्ष्रष्ट) का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। उनके आगमन पर पुलिस उप महानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर श्री अभिषेक सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), उत्तर प्रदेश श्री चन्द्र प्रकाश ने आरटीसी में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अधीनस्थ प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों की दिनचर्या, अनुशासन व्यवस्था तथा अधोसंरचना का गहन अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध संसाधनों, कक्षाओं, परेड ग्राउंड, भोजनालय एवं आवासीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की और संपूर्ण प्रशिक्षण प्रणाली को सुदृढ़ एवं व्यवहारिक बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशिक्षण में केवल शारीरिक व विधिक दक्षता ही नहीं, बल्कि नैतिक मूल्यों, जनसंपर्क कौशल और संवेदनशील पुलिसिंग को भी विशेष महत्व दिया जाए, जिससे प्रशिक्षु भविष्य में कानून-व्यवस्था के साथ जन-विश्वास को भी सुदृढ़ कर सकें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात, सहारनपुर श्री सिद्धार्थ वर्मा को यातायात प्रबंधन, सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित प्रशिक्षण सत्रों को और अधिक प्रभावी बनाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक तकनीक व डिजिटल शिक्षण साधनों से सुसज्जित कर भविष्य की चुनौतियों हेतु तैयार किया जाना आवश्यक है। पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण), उत्तर प्रदेश श्री चन्द्र प्रकाश ने विश्वास व्यक्त किया कि आरटीसी सहारनपुर उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण तंत्र में आदर्श केंद्र के रूप में स्थापित होगा और यहां से प्रशिक्षित पुलिसकर्मी उत्कृष्ट सेवा भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/17/2025 5:15 PM Page 1



# सम्पादकीय

## महंगाई की कितनी आपूर्ति

सरकारी कर्मचारियों का भुगतान फिर दिवाली की किस्त में दर्ज हुआ, तो हिमाचल सरकार ने महंगाई की आपूर्ति में तीन कदम बढ़ा दिए। सत्तर लाख की आबादी में 3.62 लाख कर्मचारी और पेंशनरों के चूल्हे पर तीन प्रतिशत डीए की किस्त राज्य के आर्थिक दबाव बढ़ाने के बावजूद कितना संतुष्ट कर पाएगी, यह कहा नहीं जा सकता। कर्मचारी अपेक्षाओं का समुद्र इतना गहरा है कि सरकार की किश्तियां कभी भी साहिल पर नहीं पहुंच पातीं, इसलिए तीन प्रतिशत महंगाई के वित्तीय मुनाफे खुदगर्ज ही रहेंगे। ये मनौतियां हैं या मन्नतें जो सरकार की ओर से निभाई जाती हैं। डीए की किस्तें अब हक हकूक की पैरवी में सरकारों के वित्तीय खातों को कमजोर करके भी एक दस्तूर नहीं बनती, इसलिए यह कोई मापक यंत्र नहीं, बस सत्ता से एक हिसाब किताब है। यही परिदृश्य एचआरटीसी पेंशनरों की हड़ताल को कर्कश बना रहा है। वहां किसका पलड़ा भारी, किस पर दुश्वारी, फैसला होने से पहले, एक असंतोष जहरीला होने लगा है। दो महीने से पेंशन का चिट्ठा एचआरटीसी पेंशनरों को सडक पर पहुंचा गया, तो यह प्रदेश का आर्थिक प्रबंधन है या हमने जरूरत से ज्यादा ओढ़ ली चादर। ऐसे कई सरकारी उपक्रम हैं जो अपने उद्देश्यों का अमृत पीकर अब जहर उगल रहे हैं। ढांचा इतना कमजोर है कि सरकार को उधार लेकर खिलाना पड़ रहा है। कब तक एचआरटीसी के प्रदर्शन में सार्वजनिक धन को जलाना पड़ेगा। आश्चर्य के बोध में सरकारी नवाले हर जगह तकलीफदेह हैं। ओपीएस का नवाला प्रदेश के आर्थिक संसाधनों की जान लेगा या यह प्रदेश जी जान लड़ा कर किसी तरह कर्मचारी ब्रिगेड के आशियानों, अफसानों, एहसानों और फरमानों की जुंबिश में एक मजबूर साहस करते हुए उधार में पगार की कतार को संतुष्ट करता रहेगा। यह इसलिए कि बिजली बोर्ड कर्मचारी ओपीएस बहाली की सतह पर गर्म मिजाज रखते हैं। यह स्वाभाविक आक्रोश हो सकता है क्योंकि कर्मचारी तो कर्मचारी है, चाहे एक डाल पर बैठे या दूसरी पर। गुनाह तो राजनीतिक होते हैं जो कब्र पर महल बनाकर पुण्य कमाना चाहते हैं। हैं कब्रें बहुत और हर विभाग में बहुत हैं। एचआरटीसी के ड्राइवर-कंडक्टर तो बूढ़ी, उम्रदराज और कंडम हो चुकी बसों को भी चलाने की जुर्रत करते हैं, लेकिन नित नए डिपो खोल कर सियासत ने कर्म की कब्रगाह खोद डालीं। यही हाल अन्य विभागों का है, सरकारी खर्चों का है, राजनीतिक नियुक्तियों का है, सरकारी कामकाज की गुणवत्ता का है और उस परिपाटी का भी है जो जनता को निराश करके सदा विद्यमान रहती है। प्रदेश की सारी मोहलतें, आर्थिक कुर्बानियां और वित्तीय निशानियां अगर बजट में खोजनी हों, तो सरकारी कर्मचारी की पगार, पेंशन और वित्तीय अधिकारों की फेहरिस्त तलवार बन जाती है। सरकार कब तक चैन मनाएगी, इसलिए फिलहाल तीन प्रतिशत दर से महंगाई का भत्ता दर्ज हुआ। यह दीगर है कि भत्तों की लंबित कतार इससे दूर नहीं हुई। अपेक्षाओं की सुगबुगाहट में केंद्रीय कर्मचारियों की डीए किस्तें दरबान की तरह सरकार के कक्ष के बाहर खड़ी हैं। केंद्रीय कर्मचारियों को 58 फीसदी महंगाई भत्ता मिल चुका है, तो यही मुकाबला राज्य की तस्वीर में अब 45 प्रतिशत हो गया, यानी कर्मचारी वर्ग को खुश करने की नीयत में राज्य सरकार को 13 प्रतिशत डीए का देय, अपनी फितरत में सहेज कर रखना होगा। हम पल भर के लिए सोचें कि हिमाचल किसके लिए कमाए, किसके लिए गवाए। निजी क्षेत्र, स्वरोजगार, व्यापार व उद्यम में लगे करीब 15 से बीस लाख लोगों पर सरकारी बजट का कोई उद्देश्य इतना सक्रिय क्यों नहीं होता। एक महत्त्वाकांक्षी युवा पीढ़ी के लिए रोजगार का ढांचा कब इतना जरूरी होगा कि सरकारें समय-समय पर यह भी बता सकें कि निजी क्षेत्र को बचाने के लिए भी कोई किस्त आमद हुई।

### विशेष

## गाजा में कत्लेआम जारी

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप मसखरी करते रहें या विभिन्न देशों के राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों के सामने शेखी बघारते रहें अथवा दुनिया में शांति के नाम पर धौंस दिखाते रहें या रूस को ह्यटॉमहॉकह्ल विनाशक क्रूज मिसाइलों की धमकी देते रहें, लेकिन फिलिस्तीन के गाजा में शांति फिलहाल अधूरी है। यह तब तक निरर्थक रहेगी, जब तक हमास के आतंकवादी हथियार नहीं डाल देते। राष्ट्रपति ट्रंप ने यहां भी शेखी बघारी है कि यदि हमास ने हथियार नहीं छोड़े, तो हम उसे निरस्त्र कर देंगे। शांति-समझौते पर दस्तखत कर हमास ने निरस्त्रीकरण पर सहमति जताई थी। सह-अस्तित्व शांति की बात स्वीकार की थी। बेशक युद्धविराम हो गया। हमास ने 20 इजरायली बंधकों को रिहा कर दिया। 4 बंधकों के शव भी सौंपे हैं और 20 बंधकों के शव अभी लौटाने हैं। हमास उन लाशों को रख कर क्या करेगा? इजरायल ने भी करीब 2000 फिलिस्तीनी और हमास के कैदी रिहा किए हैं। उनमें करीब 250 कैदी आजीवन कारावास के सजायाफ्ता थे। शांति के 20-सूत्रीय समझौते को पूरी तरह लागू करना चाहिए था, लेकिन 11-13 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने चेहरे पर नकाब पहन कर, आईएसआईएस आतंकियों की तर्ज पर, कुछ लोगों को घुटनों के बल बिठाया और पीछे से गोलियों की बौछार कर दी। हमास इन दो दिनों में 60 से अधिक लोगों की हत्याएं कर चुका है। मृतकों पर जासूसी के आरोप चस्पां किए गए और कत्लेआम कर दिया। हम इसे ह्यनरसंहारह्ल करार देते हैं। ऐसे में राष्ट्रपति ट्रंप और कतर, मिस्र, तुर्किये सरीखे पर्यवेक्षक देशों के शांति-प्रयास बेमानी हैं। जब तक सभी हितधारक देश कानून नहीं बनाते और हमास के स्थान पर अरब एवं अंतरराष्ट्रीय सेना बल का गठन नहीं होता और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के हाथों गाजा और पश्चिमी तट आदि का शासन नहीं दिया जाता, तब तक हमास का आतंकवाद जारी रहेगा। हमास के लिए शांति और स्थिरता के मायने ये हैं कि फिलिस्तीन में उनका वर्चस्व कायम रहे और नागरिक शासन उन्हीं के हाथों में रहे। क्या ट्रंप और अरब देशों ने गाजा में शांति और पुनर्वास का यही मसविदा, समझौता तैयार किया था? क्या गाजा के मौजूदा हालात इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गाजा पर फिर हमले शुरू करने को विवश कर रहे हैं? फिर शांति को पलीता लगा दिया जाएगा? राष्ट्रपति ट्रंप संयुक्त राष्ट्र से अभी तक ऐसा प्रस्ताव पारित नहीं करा पाए हैं, जो गाजा में हमास के निरस्त्रीकरण और सुरक्षा की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय शांति सेना का गठन कर सके। फिलिस्तीन सुरक्षा बल का गठन भी विचाराधीन है। गाजा के पुनर्वास और पुनरोत्थान पर जो अरबों डॉलर खर्च किए जाने हैं, वह राशि कहां से आएगी और कौन देगा, यह भी अभी तक अस्पष्ट है। यह भी अभी तक अस्पष्ट है कि उस फिलिस्तीनी कैबिनेट की नियुक्ति और प्रबंधन कौन करेगा, जो अंततः गाजा को चलाएगा? दरअसल राष्ट्रपति ट्रंप की अध्यक्षता वाला शांति-बोर्ड अभी तक क्यों नहीं बन पाया, यह ट्रंप ही जानते हैं। ट्रंप को नेतन्याहू से अब यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह हमेशा उनके साथ ही रहेंगे अथवा खिलाफ भी जा सकते हैं! क्या नेतन्याहू इजरायली राजनीति के केंद्र में आकर एक ऐसा गठबंधन बना सकते हैं, जो नए फिलिस्तीनी प्राधिकरण के साथ मिल कर हमास की जगह ले सके और हमास को फिलिस्तीन से बाहर फेंका जा सके? क्या इस तरह इजरायल गाजा और पश्चिमी तट पर शासन करने की मंशा पूरी कर सकेगा? या नेतन्याहू वही खेल जारी रखेंगे, जो वह 1996 से अमरीकी राष्ट्रपतियों के साथ खेलते आए हैं? बहरहाल हमास के आतंकियों ने न केवल गाजा में कत्लेआम जारी रखा है, बल्कि वे सशस्त्र कई इलाकों में दिखाई दिए हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025 : सत्ता, रणनीति और जाति की नई बिसात

-विनोद कुमार सिंह-

बिहार का यह पहला चुनाव होगा, जब लगातार बीस वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद भी बीजेपी और जेडीयू-दोनों ही अपने अब तक के सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही हैं। आप को बता दे कि सन 2003 में जदयू की स्थापना के बाद पार्टी ने 2005 में 138 सीटों पर, 2010 में 141 सीटों पर, 2015 में 101सीटों पर( राजद के साथ गठबंधन में), और 2020 में 115 सीटों पर बीजेपी के साथ चुनाव लड़ा था, लेकिन 2025 में यह संख्या घटकर करीब 84 सीटों तक सीमित रह गई है। यानी 20 वर्षों के शासन के बाद भी नीतीश कुमार की जदयू का सीट शेयरिंग अनुपात करीब 27% घट गया है। दूसरी ओर, बीजेपी जैसी राष्ट्रीय पार्टी को भी अपने सहयोगी दलों के दबाव में सीटों का त्याग करना पड़ा है। 2005 में वह 101 सीटों, 2010 में 102, 2015 में जब नीतीश उनके साथ नहीं थे तो 157 सीटों पर उतरी, 2020 में 110 सीटों पर और अब 2025 में फिर घटकर 101 सीटों पर आ गई है। येआंकडा दिखाता है कि सत्ता में साझेदारी का अनुपात कम होने के बावजूद, बिहार की राजनीति में जाति और क्षेत्रीय समीकरण आज भी निर्णायक हैं। बिहार की राजनीति का यह दिलचस्प पहलू है कि यहाँ राष्ट्रीय पार्टियाँ जातीय समीकरणों के आगे झुकती रही हैं। बीजेपी और जेडीयू को इस बार भी चिराग पासवान (एलजेपीरामविलास), जीतन राम मांझी(हम), उपेंद्र कुशवाहा (आरएलएम) और मुकेश सहनी (वीआईपी)जैसे छोटे लेकिन जाति- आधारित दलों से समझौता करना पड़ा है। इन सभी दलों ने अपनी-अपनी जातियों को राजनीतिक रूप से संगठित कर, एक ऐसा वोट बैंक बना लिया है जिसमें राष्ट्रीय पार्टियाँ सेंध नहीं लगा पाईं। यही कारण है कि बीजेपी और जेडीयू जैसी बड़ी पार्टियाँ इन्हें साथ रखे बिना सत्ता तक पहुँचने की कल्पना भी नहीं कर सकतीं। 1990 के दशक में लालू प्रसाद यादव ने जाति ही पहचान है का जो नारा दिया था, उसने बिहार की राजनीति की दिशा ही बदल दी थी। आज भी बिहार में वही जातीय गणित सत्ता की चाबी तय करता है। बस चेहरे बदल गए हैं, लेकिन जाति का समीकरण जस का तस कायम है। 1995 के बाद से बिहार की राजनीति में जो स्थायी पैटर्न उभरकर आया है, यहाँ मुकाबला दो दलों के बीच नहीं बल्कि दो गठबंधनों के बीच होता है। 2020 के विधानसभा चुनाव के नतीजे इसका प्रमाण हैं-राजद को मिले 23.1% वोट, भाजपा को 19.5%, जदयू को 15.4%, कांग्रेस को 9.5% वोट, जबकि छोटे दलों ने मिलकर 23.9% वोट बटोरे। यह आँकड़ा बताता है कि छोटे दल भले अकेले सत्ता में न आएँ, लेकिन बड़े दलों का खेल जरूर बिगाड़ देते हैं। वे बिखरे हुए वोटों को जोड़कर किसी गठबंधन को बढ़त दिला सकते हैं। यही वजह है कि बिहार की राजनीति में छोटे क्षेत्रीय दल किंगमेकर बन चुके हैं। छोटे दल, बड़ी भूमिका-जाति के गणित से सत्ता की रचना चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास)दलितों और विशेषकर पासवान समुदाय की राजनीतिक आवाज है। जीतन राम मांझी की हम(हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा)मुसहर और अनुसूचित जातियों के बीच प्रभाव रखती है। उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम (राष्ट्रीय लोक जनशक्तिमोर्चा) कोइरी- कुशवाहा वर्ग की आवाज है, तो मुकेश सहनी की वीआईपी निषाद समाज का प्रतिनिधित्व करती है। इन चारों नेताओं ने अपनी जातियों को राजनीतिक चेतना दी, और यही चेतना अब गठबंधन की अनिवार्यता बन गई है। बीजेपी और जेडीयू के रणनीतिकारों को यह पता है कि बिना इन जातीय दलों के, वोटों का अंकगणित जीत में तब्दील नहीं हो सकता। बीजेपी ने इस बार बहुत खामोशी और चालाकी से बिहार में अपनी राजनीतिक बिसात बिछाई है। उसने नीतीश कुमार को छह इंच छोटा कर दिया - यानी जदयू की सीटें घटाईं, और अपने सहयोगियों को ऐसी स्थिति में ला दिया कि वे दो- तीन सीटों से ज्यादा न जीत पाएं, ताकि बाद में उनके साथ समझौता आसान हो। बीजेपी ने संजय झा जैसे नेताओं के जरिए जदयू में सेंध भी लगा दी है। अब स्थिति यह है कि उम्मीदवार चयन में भी बीजेपी का अंतिम फैसला होगा। यानी चुनाव के बाद अगर जेडीयू सत्ता में रहती भी है, तो उसका नियंत्रण नीतीश कुमार के नहीं, बल्कि बीजेपी के हाथों में होगा। नीतीश के पास तब दल बदलने की भी हैसियत नहीं बचेगी, क्योंकि उनके अधिकांश सांसद पहले से ही बीजेपी के संपर्क में बताए जाते हैं। यहाँ तक कि केंद्र सरकार पर भी नीतीश का कोई दबाव नहीं रह जाएगा। मोदी के हनुमान या नीतीश के शत्रु बीजेपी ने इस चुनाव में चिराग पासवान को 29 सीटें दी हैं राजनीतिक सूत्रों के अनुसार इनमें से 8 से 10 उम्मीदवार बीजेपी के अपने होंगे, जो एलजेपी के चुनाव- चिह्न पर लड़ेंगे। यानी चिराग के कंधे पर बैठकर बीजेपी अपनी चाल चल रही है। चुनाव के बाद वही एलजेपी के टिकट वाले विधायक बीजेपी के पाले में जा सकते हैं, जिससे नीतीश कुमार की स्थिति कमजोर और बीजेपी की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी मजबूत हो जाएगी। यह ठीक वैसा ही परिदृश्य होगा जैसा महाराष्ट्र में शिंदे-बालासाहेब गुट के उभार के समय हुआ था। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अगर बीजेपी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो वह एलजेपी और हम जैसी पार्टियों के सहारे सत्ता का चेहरा बदल सकती है, और नीतीश कुमार को शिंदे जैसा हाशिये पर पहुँचा सकती है। नीतीश की राजनीतिक आत्मघात या मजबूरी का गठबंधन -नीतीश कुमार के राजनीतिक यात्रा में यू-टर्न लेना नई बात नहीं, लेकिन 2025 का चुनाव उनके करियर का शायद सबसे जोखिम भरा मोड़ है। उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए बार-बार गठबंधन बदले, लेकिन इस बार गठबंधन ने उन्हें बदल दिया है। बीजेपी के साथ रहते हुए अब वे मुख्यमंत्री पद के प्रतीक मात्र बनते जा रहे हैं। पार्टी की सीटें घट गईं, संगठन में मतभेद बढ़े और उनके करीबी नेता तक बीजेपी के संपर्क में बताए जा रहे हैं। नीतीश अब उस स्थिति में हैं कि अगर वे असंतुष्ट भी हों, तो सुशासन बाबु के हाथ में कुछ नही लगेगें। वे ना तोगठबंधन तोड़ सकते हैं, ना ही अपना दबाव बना सकते हैं। देश की राजनीति अब पूरी तरह मोदी के नाम और चेहरे पर केंद्रित हो चुकी है, लेकिन बिहार अब भी जातीय पहचान की राजनीति से मुक्त नहीं हुआ है। बीजेपी का राष्ट्रवाद और एक रंग वाली राजनीति, बिहार के बहुरंगी जातिगत समीकरणों से बार-बार टकराती है। मोदी-शाह की रणनीति यह है कि बिहार को धीरे-धीरे जाति की जकड़ से निकालकर राष्ट्रीय एजेंडे में लाया जाए, लेकिन राजनीतिक व्यवहार में यह अभी संभव नहीं दिखता। क्योंकि बिहार का वोटर विकास के साथ-साथ जाति और मान-सम्मान के सवाल को भी मतदान का आधार बनाता है। एकता में दरारें और नेतृत्व का संकट- अगर हम विपक्षी खेमे की बात करें तो महागठबंधन में भी एकता का संकट कम नहीं। राजद, कांग्रेस, वामदल और अन्य छोटे दलों के बीच सीट बंटवारे और नेतृत्व पर मतभेद गहराते जा रहे हैं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व को लेकर कांग्रेस और वामपंथी दलों में हिचक है, जबकि कांग्रेस खुद संगठनात्मक रूप से कमजोर है। हालाँकि महा गठबंधन का वोटबैंक अब भी लगभग 45 प्रतिशत के आसपास माना जाता है, लेकिन अगर सीटों पर तालमेल बिगड़ा तो इसका सीधा लाभ एनडीए को मिलेगा। जाति जितनी मजबूत, सत्ता में उतनी धमक मजबूत-बिहार की राजनीति का यह निष्कर्ष बार-बार दोहराया जा सकता है कि जाति जितनी मजबूत, सत्ता में उतनी धमक मजबूत। आज के बिहार में कोई भी पार्टी जातिगत समीकरणों की उपेक्षा कर चुनाव नहीं जीत सकती। बीजेपी के पास मोदी का चेहरा है, राजद के पास लालू-तेजस्वी की सामाजिक समीकरण की पूँजी, और जदयू के पास अब भी सुशासन बाबू का चेहरा, लेकिन निर्णायक शक्ति उन्हीं छोटे दलों के पास है जो जातियों को संगठित वोट बैंक में बदल चुके हैं। संक्षेप में बिहार का नया राजनीतिक युग2025 का बिहार विधानसभा चुनाव केवल सत्ता का नहीं, बल्कि सत्ता की साझेदारी और नियंत्रण का चुनाव है। यह चुनाव तय करेगा कि क्या नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बचा पाएंगे, या फिर बीजेपी अपनी चालों से बिहार की सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लेगी। बिहार का यह चुनाव यह भी दिखाएगा कि क्या मोदी का राष्ट्रवाद जातीय राजनीति को मात दे पाएगा, या फिर बिहार एक बार फिर यह साबित करेगा कि यहाँ सत्ता की चाबी जाति के पास ही रहती है। बिहार की राजनीति का यह संदेश साफ है कि यहाँ के छोटे दल भले आकार में छोटे हों, पर प्रभाव में बड़े हैं।

# ममता बैनर्जी की चिंता से निकला समाधान

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-

यह तो खुदा का शुक्र है कि अभी हाल में ही भारत की यात्रा पर आए हुए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को किसी ने बता नहीं दिया कि भारत में भी लड़कियों के प्रति बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए उस प्रदेश की मुख्यमंत्री, जिस प्रदेश में काबुलीवाला कहानी लिखी गई थी, भी कुछ कुछ उसी तर्ज पर उपाय कर रही हैं जिस तर्ज पर तालिबान ने अफगानिस्तान में कर रखे हैं। वैसे लड़कियों के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए ममता बनर्जी जैसे क्रांतिकारी विचार पहली बार आए हों, ऐसा नहीं है। एटीएम (अरब, तुर्क, मुगल) के शासन काल में भी यही होता था। तुर्क लडकी को उठा कर न ले जाएं, इस भय से बचने के लिए भी भारत में कुछ लोगों ने सोच विचार किया था और उसका समाधान भी निकाला था। ममता बनर्जी तो यह सुझाव दे रही हैं कि लडकी को रात्रि को घर से बाहर मत निकलने दो, लेकिन उन दिनों इससे भी ज्यादा कारगर रास्ता खोजा गया था। लडकी को संसार में आते ही मार दो। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी।

पिछले दिनों पश्चिमी बंगाल के एक मेडिकल कालेज में अध्ययन कर रही एक छात्रा से सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। उससे पहले भी कोलकाता के ही एक मेडिकल कालेज में एक मेडिकल छात्रा की कालेज के भीतर ही सामूहिक बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। ऐसी बात नहीं कि देश के दूसरे हिस्सों में ऐसी घटनाएं नहीं होतीं। यह पूरे देश की समस्या है। इसका समाधान क्या हो सकता है, इस पर भी समाजशास्त्री अपने विचार देते रहते हैं। दूसरे लोग भी विचार-विमर्श करते ही हैं। मामले पश्चिमी बंगाल के हैं और हो भी वहां हो रहे हैं जिनके बारे में माना जाता है कि वे प्रबुद्ध लोग हैं, तो जाहिर है प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चिंतित भी होंगी और समाज मे फैल रही इस बीमार मानसिकता और पाश्विकता से निपटने या उसे समाप्त करने के लिए रास्ता भी खोज रही होंगी। पिछले कल अगस्त महीने में कोलकाता के मेडिकल कालेज में बलात्कार और हत्या और कुछ महीने बाद ही मेडिकल कालेज में ही दूसरा बलात्कार, ममता बनर्जी की संवेदनशीलता को देखते हुए मानना चाहिए कि वे समाजशास्त्रियों के साथ मनन करके कोई रास्ता निकालेंगी ही, ऐसा बंगाल ही नहीं देश की जनता भी सोच रही थी।

अब ममता बनर्जी ने साल भर गहन अध्ययन और धरातल के यथार्थ को देखते हुए समाधान का सटीक रास्ता निकाल लिया है और उन्होंने देश की जनता को मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी भी दी ताकि लड़कियां तुरन्त उसका पालन करना भी शुरू कर दें। ममता बनर्जी का सुझाव है कि लड़कियों को रात के वक्त घर से निकलना नहीं चाहिए। उन्होंने यह नहीं बताया कि उनके हिसाब से लड़कियों के लिए कितने बजे से रात शुरू हो जाती है? मसलन क्या सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय तक? यह जानना इसलिए जरूरी है कि यदि बंगाल या देश के अन्य हिस्सों की लड़कियां सचमुच मुख्यमंत्री के इस हुक्म पर अमल करना चाहें तो टाइम लाईन का तो सभी को पता होना ही चाहिए। वैसे यदि ममता जी चाहें तो सूर्यास्त के बाद एक-दो घंटों की और रियायत भी दे सकती हैं। वैसे ममता बनर्जी का यह समाधान नया नहीं है। एक बार दिल्ली की मुख्यमंत्री रह चुकीं शीला जी ने भी प्रदेश में बलात्कार की एक घटना के बाद यही सुझाव दिया था। यह सुझाव और आदेश कुछ कुछ इस मनोवृत्ति में से उपजा है कि यदि ट्रेन एक्सीडेंट हो जाता है तो ट्रेन में बैठने से परहेज करना चाहिए। वैसे ममता बनर्जी शायद यह मानकर चलती हैं कि बलात्कार की घटनाएं रात के अंधेरे में ही होती हैं। इसलिए लड़कियों को केवल रात को घर में रहने के लिए कह रही हैं। यदि खुदा न खास्ता दिन में भी कुछ घटनाओं

> **पुलिस इन गिरोहों और राजनीतिज्ञों में पुल का काम करती है। इस प्रकार की व्यवस्था का शिकार लड़कियां ही आसान शिकार बनती हैं। वे शिकार न बनें इसका एक रास्ता तो अपराधी सिंडीकेटों व राजनीतिज्ञों के बीच की रस्सी काटनी होगी।**

की रपट आ गई तो शायद वे यह सुझाव या हुक्म भी सुना सकती हैं कि लड़कियों को दिन में भी घर में ही रहना चाहिए। घर से बाहर तभी निकलना चाहिए जब कोई बहुत ही जरूरी काम हो।

यदि हो सके तो अपने साथ किसी पुरुष संबंधी को लेकर ही निकलना चाहिए। जब घर से निकलना ही बन्द हो जाएगा तो कालेज में न लड़कियां रहेंगी और न ही बलात्कार का खतरा होगा। यह तो खुदा का शुक्र है कि अभी हाल में ही भारत की यात्रा पर आए हुए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को किसी ने बता नहीं दिया कि भारत में भी लड़कियों के प्रति बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए उस प्रदेश की मुख्यमंत्री, जिस प्रदेश में काबुलीवाला कहानी लिखी गई थी, भी कुछ कुछ उसी तर्ज पर उपाय कर रही हैं जिस तर्ज पर तालिबान ने अफगानिस्तान में कर रखे हैं। वैसे लड़कियों के प्रति बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए ममता बनर्जी जैसे क्रांतिकारी विचार पहली बार आए हों, ऐसा नहीं है। एटीएम (अरब, तुर्क, मुगल) के शासन काल में भी यही होता था। तुर्क लडकी को उठा कर न ले जाएं, इस भय से बचने के लिए भी भारत में कुछ लोगों ने सोच विचार किया था और उसका समाधान भी निकाला था। ममता बनर्जी तो यह सुझाव दे रही हैं कि लडकी को रात्रि को घर से बाहर मत निकलने दो, लेकिन उन दिनों इससे भी ज्यादा कारगर रास्ता खोजा गया था। लडकी को संसार में आते ही मार दो। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। इसलिए दिन-रात का झंझट भी खत्म हो जाएगा। परन्तु जहां तक ज्ञात है, यह पद्धति उन दिनों भी राजस्थान व सप्त सिन्धु के कुछ इलाकों तक ही सीमित थी। बंगाल में तो कम से कम नहीं थी। अब शायद ममता बनर्जी लड़कियों के प्रति हो रहे अपराधों को रोकने के लिए इस मध्यकालीन पद्धति को युगानुकूल परिवर्तन कर कुछ संशोधनों के साथ बंगाल में लागू करना चाहती हैं। यह ठीक है कि यह मामला केवल कानून व्यवस्था का ही नहीं है। इसमें सामाजिक परिवर्तन, टूटते परिवारों इत्यादि के अनेक कारक हैं। लेकिन इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि पुलिस और प्रशासकीय तंत्र में ही असामाजिक तत्व घुस चुके हैं। वोट की राजनीति के चलते वे अपराधियों को संरक्षण देते हैं। ये अपराधी धीरे-धीरे गिरोह और गैंग में शामिल होकर संगठित होते हैं।

पुलिस इन गिरोहों और राजनीतिज्ञों में पुल का काम करती है। इस प्रकार की व्यवस्था का शिकार लड़कियां ही आसान शिकार बनती हैं। वे शिकार न बनें इसका एक रास्ता तो अपराधी सिंडीकेटों व राजनीतिज्ञों के बीच की रस्सी काटनी होगी। यदि यह रस्सी कट गई तो कुछ थोक वोटों का भुगतान करवा देने वाले लोग छिटक जाएंगे। फिर सत्ता हाथ में कैसे रहेगी। इसलिए सबसे आसान तरीका है लड़कियों को ही सख्ती से कहा जाए, घर बैठा करो। ममता बनर्जी चिन्तनशील हैं और आम जनता से जुड़ी होने का दावा भी करती रहती हैं। लेकिन इस बार कुछ ज्यादा ही चिन्तनशील हो गई लगती हैं। इस मामले में कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अपराधियों को जल्द से जल्द दंड मिलना चाहिए। साथ ही समाज में जागरूकता फैलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। यह जमाना लड़कियों को बांधे रखने का नहीं है।

# सूचिता का पर्व है दीपावली

-कांतिलाल मांडोत-

कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या की सघन काली रात में ज्योति का झिलमिल प्रकाशं करके दीपावली मनाने की यह परम्परा भारतीय संस्कृति के बहुमुखी चिन्तन को प्रकट करती है। समाजशास्त्रियों का मत है कि विजयादशमी खासकर क्षत्रियों का धर्व है। इस अवसर पर शासक वर्ग अपनी राज-व्यवस्था, राष्ट्र-व्यवस्था का निरीक्षण-परीक्षण कर उसके गुण-दोषों की समीक्षा करते थे और राज-व्यवस्था को हर दृष्टि से मजबूत व व्यवस्थित करने का प्रयास करते थे। विजयादशमी के बाद दीपावली आती है। यह वैश्यों का पर्व है। वैश्य व्यापारी वर्ग राष्ट्र की आर्थिक धुरा का संचालक है। किसी भी राष्ट्र व समाज की सुदृढ़ता, सुस्थिरता और सम्पन्नता केवल सेना और शस्त्र-बल के आधार पर नहीं हो सकती। राष्ट्र की धुरी का अर्थ है-धन। धन से ही राष्ट्र की व्यवस्था चलती है। इसलिए राष्ट्र की आर्थिक प्रगति का लेखा-जोखा, निरीक्षण-परीक्षण कर नवीन योजनाएँ बनाने का अवसर मिलता है दीपावली के दिन। इसलिए समाजशास्त्र की दृष्टि से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुसंचालित करने वाला पर्व दीपावली है। अतः इसे राष्ट्र की सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना गया है।

दीपावली भारत का सांस्कृतिक पर्व है। इसका त्यौहार के रूप मे प्रचलन कब हुआ यह कहना मुश्किल है। कुछ लोगों की मान्यता है कि राजा बलि ने देवताओं को बन्दी बनाया तब उनके साथ लक्ष्मी को भी बन्दी बना लिया था। तब विष्णु ने वामन रूप धारणकर देवताओं सहित लक्ष्मी को बलि के बन्दीगृह से आज ही के दिन मुक्त कराया। इस कारण इस दिन लक्ष्मी की पूजा प्रारम्भ हो गई। कुछ विद्वानों का यह कथन है कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम लंका-विजय करके सीता-लक्ष्मण सहित अयोध्या लौटे तो अयोध्यावासियों ने पूरे राज्य में विशाल उत्सव मनाया। घर-घर पर दीपक जलाये गये। इसलिए कार्तिक अमावस्या के दिन दीपमालिका करने की प्रथा चली। संत तुलसीदास जी ने गीतावली में भी इसका रोचक वर्णन किया है-

ततस्तु लोकः प्रतिवर्षमादराद् प्रसिद्धं दीपावलिका भारते।

राम-राज्याभिषेक उत्सव तथा भगवान महावीर निर्वाण की दोनो घटनाओं में समानता यही है कि जनता ने दीप जलाकर प्रकाश उत्सव मनाया।

हमारी लक्ष्मी न्यायोपार्जित ही हम सविवेकपूर्वक इसका उपयोग व उपयोग करें। दीपक संसार में जलकर प्रकाश करता है। इसी तरह यहां अपना बलिदान देकर दूसरों के जीवन में प्रकाश करें। अंधकार में मटकरी लोगों को ज्ञान-ज्योति, नेत्र ज्योति और आनन्द की ज्योति प्रदान कर जाते जीवन की सार्थक बनाएँ। दीपावली शुचिता का पर्व है। हमारा बाह्य वातावरण, अस्त्र, घर आदि जिस प्रकार स्वच्छ हैं, उसी प्रकार हमारा जीवन भी साफ-सुथरा हो, मन भी पवित्र हो, जीवन-व्यवहार भी पवित्र हो। कपट, द्वेष, मिथ्याचार अहंकार की गंदगी दूर करें। दीपावली पर लड्डू आदि विविध मिष्टान्नों का भोग बढ़ता है। मित्र स्वजनों, परिचितों को मिष्टान्न का आदान-प्रदान करने के साथ मधुरता क भाव बढ़ाएँ। हमारी वाणी मधुर हो। हमारा व्यवहार शालीन हो। किसी के प्रति कटुता व क्षुद्रता नहीं रखें। कहावत है खाने में चीनी की मात्रा कम रखें, किन्तु वचन में मिठास घोलकर मधुरता की सृष्टि करें।

आज कार्तिक कृष्ण पक्ष की अमावस्या है। आज की अमावस्या को, आज के दिन को हम सभी दीपावली के रूप में जानते हैं। प्रत्येक अमावस्या गहन अंधकार में डूबी हुई होती है, पर आज की अमावस्या में

> **दीप-पर्व पर हम अपने भीतर में संयम-साधना एवं परमार्थ का प्रकाश पैदा करें, तभी दीपावली के इस दीप पर्व की सार्थकता सिद्ध होगी। अब दीप पर्व की जो ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है इस सम्बन्ध में आवश्यक रूप से कुछ जान लेना जरूरी है।**

अंधकार की तनिक भी अवस्थिति नहीं है। आज की रात्रि में कोई, कहीं भी दृष्टिपात कर ले, उसे सर्वत्र आलोकहीआलोक अठखेलियों करता हुआ दिखाई देगा। अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर के परिनिर्वाण की पावन स्मृतियाँ इस दिन के साथ जुड़ी हुई हैं। दीपावली का यह पावन पर्व जन-जन को जागृति का संदेश देने के लिए समुपस्थित हुआ है। दीप पर्व के सम्बन्ध में हम कह सकते हैं- दीपावली, प्रतिपल जगने जगाने का संदेश देती है।

दीपावली, दीपावली है। इस पर्व के आगमन का हर एक व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है। दीपावली के आगमन से पूर्व ही प्रायः इसके स्वागत के लिए प्रत्येक व्यक्ति सक्रिय हो उठता है। घर, दुकान, कार्यालय, फेक्ट्री, संस्थान आदि की स्वच्छता में प्रत्येक जुट जाता है। प्रयत्न यह रहता है कि कहीं भी थोड़ी-सी भी गंदगी या कचरा न रह जाए। लोक धारणा यह है कि जिस घर में अधिक स्वच्छता अथवा अधिक प्रकाश होगा, उसी घर में लक्ष्मी का आगमन होगा एवं लक्ष्मी जी उन्हीं पर प्रसन्न होंगी।

दीप-पर्व पर हम अपने भीतर में संयम-साधना एवं परमार्थ का प्रकाश पैदा करें, तभी दीपावली के इस दीप पर्व की सार्थकता सिद्ध होगी। अब दीप पर्व की जो ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है, इस सम्बन्ध में आवश्यक रूप से कुछ जान लेना जरूरी है। दीप पर्व के साथ में सैकड़ों प्रसंग जुड़े हैं और वे सभी प्रसंग हमें संप्रेरित करते हैं।

मयार्दा पुरुषोत्तम राम लंका विजय करके चौदह वर्ष के बाद अयोध्या में लौटे थे। उनके मंगल आगमन के उपलक्ष्य में असीम प्रसन्नता के साथअयोध्यावासियों ने अपने घरों और सम्पूर्ण नगर को दीप-पंक्तियों से जगमगाकर राम का अभिनंदन किया। इसी तरह श्रीकृष्ण ने दीपावली से एक दिन पूर्व चतुर्दशी को नरकासुर दैत्य की अनुचित प्रवृत्तियों से त्रस्त तत्कालीन जन-जीवन को नरकासुर का वध करके मुक्त किया था। इसकी खुशी को अभिव्यक्त करने के लिए लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित किये। तभी से दीपावली मनाई जा रही है। महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्य आनंद को आत्मानंद प्राप्त करने के लिए अप्प दीवो भव अर्थात स्वयं अपने दीप बनो, का दिव्य-संदेश इसी दिन प्रदान किया। सिक्ख गुरु श्री हरगोविन्दसिंह जी ने जेल मंदिर से स्वर्ण मंदिर तक की विजय यात्रा इसी दिन सम्पन्न की। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद इसी दिन स्वगारीही हुए। स्वामी रामतीर्थ ने इसी दिन गंगा की लहरों दीपावली के पावन अवसर पर यह अभ्यास भी रहे कि हम अपने जीवन में अच्छाई का समावेश करें और बुराइयों से अपना दामन बचाएँ। सद्गुणों से समृद्ध जीवन न केवल स्वयं के लिए, अपितु अन्य जनों के लिए भी वरदान सिद्ध होता है। दीपावली पर्व पर अनिवार्य रूप से समय निकालकर जप-तप आदि की प्रवृत्ति को भी अपने घर में सामूहिकता देना, इस दृष्टि से श्रेष्ठ है। यदि दीपावली पर्व पर इस तरह अपने जीवन को सद्गुणों से आलोकित कर पाएँ तो निश्चित रूप से महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धाभिव्यक्ति तो होगी ही, हमारा जीवन भी सफल सार्थक बन सकेगा।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/17/2025 8:10 PM Page 1



# एम एस पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**
**मंडी धनौरा** शुक्रवार को नगर के कलाली रोड़ स्थित एम एस पब्लिक स्कूल में दीपावली के पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी रंगोलियां बनाई और आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत की। प्रतियोगियों के दौरान विद्यालय परिसर रंग बिरंगी रंगोलियों से सजा रहा। छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियां सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजलि चौधरी व निदेशिका बबीता सिंह ने छात्र व छात्राओं की मेहनत और सृजनशीलता की सराहना की उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में कलां, संस्कृति और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में रेड हाउस छात्रा वर्ग में हर्षिता, सृष्टि, परिधि, काव्या, अहरवाल, मानवी, दिवाकर, अनन्या, जानवी, अक्षिता, इलमा, शगुन नीमा, आराध्या व कीर्तिका ने प्रथम ग्रीन हाउस छात्रा वर्ग में प्रज्ञा, मनी, आयुषी, इशिका, जेना, मानवी व कनक ने द्वितीय रेड हाउस छात्रा वर्ग में आरव चौधरी, अर्जुन पंडित, मयंक, हर्ष यादव, हार्दिक व काव्या चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर राजेंद्र, कुश शिवांगी त्यागी, निष्ठा यादव, शिवम् गौड, शीतल त्यागी, शीबा परवीन, अतुल कुमार, अलका सिंह, राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

# पण्डित राधेश्याम श्रीमाली ने बताया धनतेरस पूजा विधि और शुभ मुहूर्त



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** धनतेरस भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। दिवाली पर्व का आरंभ रमा एकादशी, गौवत्स द्वादशी, धनतेरस, नरक चर्तुदशी, महाकाल रात्रि दिपावली,गोर्वधन पूजा,यम दित्तीया भाई दोज तक होता है। सात दिनों तक चलने वाले इस पर्व के तीसरे दिन धन तेरस मनाया जाता है।जबकि श्रीकल्कि नगरी संभल मे यह महापर्व ग्यारह दिन मनाया जाता हैं क्योंकि इस महापर्व के साथ ही संभल के 68तीर्थ 19 कूपो की परिक्रमा (फेरी) की प्राचीन प्रथा भी जुडी हुई हैं। धर्मग्रंथो मे वर्णित हैं की संभलधाम के दिव्य तीर्थो की परिक्रमा जहां असाध्य कार्यो को सहज साध्य कर भक्तो को मन बांछित फल प्रदान करती हैं बही श्रीहरि विष्णु के चोबीसबें माया पुरुषोत्तम अवतार श्रीकल्कि से भी जोडती हैं।कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन ही धन्वन्तरि का जन्म हुआ था इसलिए इस तिथि को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि क्योकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीद कर उसमे मधु रखने की परम्परा है। वर्ष 2025 मे धनतेरस 18-10-2025 को है। हालांकि 18-10-2025 अक्टूबर को त्रयोदशी उदय काल में नही है। किन्तु 19 अक्टूबर रविवार को दोपहर 01-53 से 20 अक्टूबर मध्य रात्रि 02-47 तक अनिष्ट कारी भद्रा के चलते यह शुभ मंगलकारी पर्व 18-10-2025 शनिवार को ही मनाया जाना शुभ जान पडता है।धन तेरस के दिन धन के देवता कुबेर,स्वास्थ्य के देवता धन्वन्तरिऔर मृत्यदेव यमराज की पूजा-अर्चना को विशेष महत्त्व दिया जाता है। इस दिन को धनवंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस की संध्या में यमदेव निमित्त दीपदान किया जाता है। फलस्वरूप उपासक और उसके परिवार को मृत्युदेव यमराज के कोप से सुरक्षा मिलती है। विशेषरूप से यदि गृहलक्ष्मी इस दिन दीपदान करें तो पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। धन तेरस तिथि - 18-10-2025 शुभदिन शनिवार 'धनतेरस पूजन शुभ मुर्हुत -सांय 07-12 बजे से रात्रि 08-14 बजे तक बृषभ काल स्थिर लगन 07-12 से 08-14 प्रदोष काल 05-43 से 08-14 तक लाभ की चौघडिया सांय 05-43 से 07-18 व शुभ चौघडिया रात्रि 08-52 से 10-26 तक उपरोक्त समय में खरीदारी व पूजन करना शुभ जान पडता है।

# 36 घंटे में एजेंट लूटकांड का खुलासा, सात बदमाश गिरफ्तार



*** 60 हजार रुपये नकद, तमंचे व बाइक बरामद, पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम**

**उत्तम भारत संवाददाता**
**अमरोहा/ हसनपुर।** पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा ने कलेक्शन एजेंट से लूट की वारदात का मात्र 36 घंटे में खुलासा करते हुए सात शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटे गए 60,120 रुपये नकद, एजेंट का बैग, जरूरी कागजात, दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद की गई। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत यह सफलता मिली। अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत के पर्यवेक्षण में टीम गठित की गई थी। पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर को दिगंबर फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट मोनू कुमार से ग्राम फूलपुर गढ़ी के पास बाइक सवार बदमाशों ने बैग लूट लिया था, जिसमें 64,050 रुपये, पर्स और कागजात थे। मामले में थाना हसनपुर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। सर्विलांस और एसओजी टीम की मदद से पुलिस ने 17 अक्टूबर को फूलपुर गढ़ी पुलिया के पास से चार बदमाश- राजीव, सिकंदर, जितेंद्र और कैलाश उर्फ झुल्लू- को गिरफ्तार किया। इनके पास से 48,820 रुपये, वादी के कागजात, दो तमंचे, दो बाइक और दो मोबाइल मिले। पूछताछ में इनकी निशानदेही पर तीन अन्य साथी – दिनेश, जगत और सौरभ – को आगापुर तिराहे से दबोचा गया। इनके कब्जे से 11,300 रुपये और एजेंट का बैग बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सिकंदर और राजीव ने तमंचा दिखाकर लूट की वारदात की, जबकि अन्य ने जानकारी देने, निगरानी करने और लूट का सामान छिपाने में मदद की। सभी के विरुद्ध मुकदमे में धारा 317(2)/61(2) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी विचारधारा अनिवार्य: मीनू रस्तोगी



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल:** भारतीय इतिहास संकलन समिति ने स्वदेशी जागरण अभियान में पूरी ताकत लगा दी है, जिसके अंतर्गत समिति के सभी सदस्यों द्वारा स्वदेशी विचारधारा को मजबूत बनाने के लिए किया गया आह्वान तथा स्वदेशी व विदेशी उत्पादों कंपनियों की सूची से युक्त मैगज़ीन प्रकाशित कराकर जन जन को यह बताया जा रहा है कि उन्हें क्या खरीदना है और क्या नहीं खरीदना अर्थात स्वदेशी कंपनी का बनाया हुआ उत्पाद हमें उपयोग के लेना है और विदेशी कंपनियों का पूरी तरह से बहिष्कार करना है। इसके अंतर्गत समिति की जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी के नेतृत्व में ज्योति गुप्ता, शीतल गुप्ता, सुमन लता शर्मा, सुनीता यादव, आशा गुप्ता, सीमा गर्ग, शालिनी रस्तोगी, शोभा गर्ग आदि ने नगर के अनेक मंदिरों में जाकर तथा अनेक सामाजिक संगठनों से मिलकर स्वदेशी व विदेशी उत्पादों कंपनियों की सूची देकर बताया कि उन्हें वस्तु उपयोग मे लानी है जिसको बनाने में अपने देशवासियों का पसीना बहा हो। समिति की जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए स्वदेशी सामान को खरीद कर हम अपना योगदान दे सकते हैं। हमें योगदान देना चाहिए। हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर भारत बनाना है। गायत्री सेवा आश्रम की संचालक सविता गर्ग ने कहा कि स्वदेशी मात्र वस्तुएं खरीदने तक ही सीमित नहीं है अपने आपको अपनी सनातन सभ्यता संस्कृति से जुड़े रखना अपने समाज और राष्ट्र को भी अपनी सनातन संस्कृति के अनुकूल बनाना ही स्वदेशी का वास्तविक अर्थ है। भारतीय इतिहास संकलन समिति की दूसरी टोली में सतवीर सिंह पाल, सुशील कुमार शर्मा, सुशील कुमार गुप्ता भगत जी, पंकज सांख्यधर, गुलशन चावा, अंकुश त्यागी, अशोक कुमार गर्ग आदि ने मार्केट में जाकर व्यापारियों से संपर्क कर स्वदेशी जागरण अभियान को ताकत दी। इस दौरान जिला विद्वत प्रमुख अतुल कुमार शर्मा, पंकज सांख्यधर ने अपने विचार रखे।

इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार रूस्तगी, प्रांत महासचिव प्रोफ़ेसर राजेश गर्ग, प्रांत संगठन सचिव डॉ कुलदीप कुमार त्यागी, महंत ऋषिराज गिरी महाराज, बाल योगी स्वामी दीनानाथ महाराज, हरिश्चंद्र गर्ग ने देशभक्ति युक्त कार्य के लिए शुभकामनाएं और बधाइयां प्रेषित की है। जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि लंबे समय तक भारतीय इतिहास संकलन समिति के सभी सदस्य स्वदेशी जागरण अभियान को मूर्तरुप प्रदान करने के लिए जुटे हुए हैं।

# सड़क सुरक्षा समिति की लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों संग बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया। बैठक के अन्तर्गत एजेण्डा बिन्दु 1 के अन्तर्गत जल जीवन मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत पेयजल पाइपलाइन योजना के अन्तर्गत सड़क पुनर्स्थापन की गुणवत्ता के स्थलीय निरीक्षण एवं सत्यापन के विषय में चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 4 नये चौक पोस्ट को लेकर भी जानकारी प्राप्त की गयी। स्कूली वाहनों के फिटनेस, नो हेलमेट नो फ्यूल,जनपद की सड़क दुर्घटनाओं की तुलनात्मक समीक्षा ई- रिक्शा आदि बिन्दुओं पर भी चर्चा की गयी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश, एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूहों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में प्रेरणा दीपावली मेले का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में लगाये गये प्रेरणा दीपावली मेले का निरीक्षण किया गया और जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को दीपावली के लिए दीपक, मोमबत्ती,गोबर से तैयार की गयीं भगवान गणेश जी एवं लक्ष्मी की मूर्तियां इत्यादि चीज यहाँ से क्रय करने के लिए प्रेरित किया।
उसके उपरांत भीख से सीख संस्था से जुड़े बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में लगाये गये प्रेरणा दीपावली मेले से दीपक, मोमबत्ती,गोबर से तैयार की गयीं भगवान गणेश एवं लक्ष्मी की मूर्तियां क्रय कर दिलायीं तथा दीपावली का मिष्ठान भी भेंट किया। पराली ना जलाने को लेकर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से किसानों को जागरूक करने के लिए जागरूकता गाड़ी को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी डॉ. रेना सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट का किया उद्घाटन



*** माताओं को स्तनपान संबंधी परामर्श और सहयोग देने के उद्देश्य से की गई पहल**

**उत्तम भारत संवाददाता**
**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शुक्रवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट (स्तनपान प्रबंधन इकाई) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने एमसीएच विंग के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और अस्पताल में स्वच्छता, व्यवस्थाओं व स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सेवा गुणवत्ता को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।माताओं को मिलेगा सही परामर्श और प्रशिक्षण जिलाधिकारी ने बताया कि लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट का उद्देश्य माताओं को स्तनपान से संबंधित सही जानकारी, परामर्श और व्यावहारिक सहयोग प्रदान करना है। यहां प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नई माताओं को सही स्तनपान तकनीक सिखाई जाएगी तथा शिशु को जन्म के पहले घंटे में स्तनपान प्रारंभ करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र में माताओं को यह भी बताया जाएगा कि छह माह तक केवल माँ का दूध ही शिशु के लिए सर्वोत्तम पोषण है। साथ ही स्तनपान से जुड़ी सामान्य समस्याओं जैसे दूध न उतरना, दर्द या सूजन आदि का समाधान भी सिखाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल से शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, कुपोषण की रोकथाम करने और माताओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, सीएमएस डॉ. ए.के. भंडारी सहित चिकित्सा अधिकारी एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहे।

**शिशु पोषण व मातृ स्वास्थ्य में आएगा सुधार**

**अमरोहा।** इस इकाई के माध्यम से माताओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। काउंसलर द्वारा मां की काउंसलिंग कर शिशु के पोषण हेतु दूध लिया और सुरक्षित रूप से संग्रहित किया जाएगा, जो कम वजन वाले शिशुओं के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा शुरुआती पांच दिनों के दूध से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया जाएगा।

# डीएम ने की मैथरा धर्मपुर में धान की फसल की क्रॉप कटिंग



**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया ने विकास खंड बहजोई के ग्राम मैथरा धर्मपुर में किसानों की फसल उत्पादकता को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया।
जिसमें जिलाधिकारी ने किसान देवकी पत्नी हरग्यान के खेत गाटा संख्या 468 में जाकर धान की फसल की क्रॉप कटिंग के कार्य का निरीक्षण किया एवं स्वयं भी धान की फसल को काटा। निरीक्षण के दौरान 10म10 त्रिकोण मीटर के क्षेत्र की फसल को निकलवा कर उसके अनाज को क्रॉप कटिंग के मानक के अनुसार माप करवायी। 43. 3 स्क्वायर मीटर में 21.840 कि.ग्रा. धान निकला। जिसमें जिलाधिकारी ने बताया कि क्रॉप कटिंग सभी जनपदों में किए जाते हैं और इसमें रैंडम आधार पर कुछ खेतों को चुना जाता है जिनकी उत्पादकता का आकलन त्रिकोणीय आकृति में खेत को काटकर उससे कितनी उत्पादकता हुई है वह देखी जाती है इससे दो लाभ होते हैं प्रथम जनपद का जो औसत निकलता है उससे यहां की उत्पादकता का पता चलता है और उसके आंकड़े शासन को भी प्रेषित किए जाते हैं द्वितीय उत्पादकता अगर कम होती है तो उन किसानों को जिन्होंने फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा करा रखा है अगर जनपद में उत्पादकता मानकों से कम रहती है तब उन किसानों को फसल बीमा योजना के अंतर्गत लाभ दिया जाता है अतः किसानों को ज्यादा से ज्यादा फसल बीमा कराना चाहिए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार एवं तहसीलदार चंदौसी रवि सोनकर एवं लेखपाल राहुल यादव, अमित कुमार,जगवीर एवं संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हेल्पलाईन नम्बरो से मदद लेने और सुरक्षा करने के लिए किया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता**
**संभल।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा0 विदुषी सिंह के आदेशानुसार व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संभल स्थित चंदौसी विभांशु सुधीर के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत अक्रूर जी कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज चंदौसी, जनपद संभल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित बालिकाओं को विधिक जागरूकता संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान की गयी। इस दौरान निशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी और साथ ही नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस विधिक जागरूकता शिविर में बालिकाओं के अधिकारों, आर्थिक व सामाजिक विकास और महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना था। शिविर में कॉलेज की बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रंगोली के माध्यम से नारी शक्ति, महिला अधिकार और बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर सुंदर संदेश प्रस्तुत किए। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से आशुलिपिक अंशुल कुमार, लिपिक अमित कुमार सैनी तथा चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल संजीव कुमार, डिप्टी चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल चंद्रपाल सिंह, पीएलवी अतुल कुमार, अंशुल, अध्यपिका डा0 ममता चौधरी, अफ्शा इदरीस, डा0 निशा यादव, किरन राव, मोनिका एवं छात्राएं-अपर्णा, सिमरन, स्नेहा, रागिनी आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्या: 675/ नि0वि0/2025 दिनांक- 16.10.2025

**अति अल्पकालीन ई- निविदा सूचना**

विदित हो कि 15 वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अधीन वित्तीय वर्ष 2023-24 में निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय उ.प्र., सेक्टर-7, गोमती नगर विस्तार लखमऊ (टाइड ग्रान्ट) के अन्तर्गत बजट आवंटित शासनादेश सख्या 8/5254/320(4)/15 वें वित्त आयोग/2024-25 लखनऊ दिनांक 28 अक्टूबर 2024 एवं आदेश राख्या 8/5254/320(4)/15वां वित्त आयोग/2024-25 लखनऊ दिनांक 28 अक्टूबर 2024 एवं (अनटाइड ग्रान्ट) बजट सख्या 8/5197/320(4)/15वें वि0आ0/2024-25 लखनऊ दिनांक 18 अक्टूबर 2024 के द्वारा नगर पालिका परिषद, सम्भल को आर्वंटित धनराशि से स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की ई-निविदा दिनांक 27-10-2025 को 01: 00 PM बजे तक आनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो की निविदा डाल सकते है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क0 स0 | नगर पालिक/ NPP Stage | ठेकेदार/ Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Tender Release | | 16-10-2025 4pm | |
| 02 | | Tender Download | 16-10-2025 4Pm | |
| 03 | | Bid Submission | 16-10-2025 4Pm | |
| 04. | Close of Bid | | | 27-10-251PM |
| 05. | Bid Openining | | | 27-10-25 3PM |

वेबसाईक http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सम्भल

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/17/2025 7:54 PM Page 1



## पुलिस ने पति-पत्नी का रिश्ता टूटने से बचाया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** मिशन शक्ति के अंतर्गत थाना पटवाई मे महिला संबंधी पारिवारिक मतभेद हुआ था महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सशक्त बनाने हेतु संचालित मिशन शक्ति केन्द्र कर्मचारी गण म0 हे0 का0 रूमा, म0 का शिवानी एवम, प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह थाना पटवाई द्वारा एक महिला संबंधी प्रकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई गुड्डी पत्नी मोंटी पुत्री भूकनलाल निवासी ग्राम निस्वा थाना पटवाई ने एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि उसके पति एवं ससुरालजन द्वारा दहेज की मांग एवं मारपीट कर परेशान किया जा रहा था प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर थाना



प्रभारी पुष्कर सिंह व मिशन शक्ति केन्द्र कर्मचारी गण महिला द्वारा दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना पटवाई, रामपुर पर बुलवाया गया । वहाँ दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराई गई, जिसमें आपसी मतभेद का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ ।

काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता (राजीनामा) हो गया है तथा आवेदिका का परिवार टूटने से बच गया ।

## थाना भोट का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना भोट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-



सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## दीपावली के दृष्टिगत पैदल गश्त की गयी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तदोपरान्त आगामी



पवित्र त्योहार दीपोत्सव(दीपावली), अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5 (सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## जी एस टी से बिज़नेस ग्रोथ बढ़ी : श्रीष गुप्ता

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** प्रधानमंत्री मा0 नरेंदर मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार ने जो राहत जी एस टी में प्रदान की है उस से उद्योगों के कारोबार में बृद्धि हुई है, मांग बढ़ी है,आम लोगो की क्रय शक्ति बढ़ी है। आई आई ए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने आई आई ए के रामपुर चैप्टर की जनरल बॉडी मीटिंग में यह विचार रखे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार एवं जिले के प्रमुख




अधिकारी प्रदेश एवं ज़िले के औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है ,प्रदेश के औद्योगिकरण हेतु सरकार नई नई घोषणाएं कर रही है,जिनका कि उद्योग जगत स्वागत कर रहा है।

## टीईटी मुक्ति हेतु शिक्षक हर स्तर पर संघर्ष को तैयार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में प्रदेश कार्य समिति एवं जिला कार्यसमिति की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार 16 सितम्बर को प्रदेश के सभी जिला अधिकारियों के माध्यम से मा. प्रधानमन्त्री जी भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया गया । ज्ञापन कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर संगठन पर विश्वास जताया है । संगठन के ज्ञापन कार्यक्रम के दिन ही उत्तर प्रदेश सरकार ने मा. सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर कर



दिया है

सरकार के रिव्यू के साथ ही संगठन की तरफ़ से भी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 57161/2025 रिव्यू 232 पदाधिकारियों को याची बनाते हुए 4 अक्टूबर को दाखिल किया गया है जिसमें श्री मेघराज भाटी जी माण्डलिक मन्त्री मेरठ को मुख्य याची बनाया गया है

## मिशन शक्ति अभियान से संबंधित जानकारी दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं साइबर सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17.10.2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा क्षेत्राधिकारी मिलक व मिशन शक्ति केन्द्र थाना शहजादनगर की टीम के साथ थाना शहजादनगर क्षेत्रान्तर्गत व्हाइट हॉल पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के मध्य एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस



दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा, बाल अपराध की रोकथाम, महिला सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।

## टैंकर की टक्कर से ऑटो खंदी में पलटा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** शुक्रवार को शाहबाद से रामपुर जा रहे ऑटो को रामगंगा पुल के आगे टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो कई फिट गहरी खंदी में जा गिरा। ऑटो में सवार जयतोली निवासी साठ वर्षीय धर्मदास की मौत हो गई। जबकि कई अन्य सवारियां घायल हो गई। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने धर्मदास



को मृत घोषित कर दिया जबकि मड़ैयान तुलसी निवासी रमेश और बड़ागांव निवासी आलम मियां को उपचार देकर रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार धर्मदास कोर्ट के काम से रामपुर जा रहे थे।

## विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सर्वप्रथम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय में तम्बाकू मुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें धारा-4 कोटपा अधिनियम के अनुपालन में जुर्माना अभियान चलाया गया, इसमें 14 व्यक्तियों तंबाकू का उपयोग करते हुए पाए गए, जिनका जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जुर्माना किया गया। इस दौरान मरीजों तथा तीमारदारों को तंबाकू जनित रोग एवं इससे होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक



किया गया और समुचित इलाज की व्यवस्था के बारे में जागरूक किया गया। इसी क्रम में प्रचार वाहन द्वारा राजकीय रजा महाविद्यालय और राजकीय महिला महाविद्यालय पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अभियान में छात्रों, अध्यापकों और आम जन ने प्रतिभाग किया।

## रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा क्षेत्राधिकारी टाण्डा के साथ सावित्री देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टांडा में आयोजित मिशन शक्ति-5 से संबंधित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन




किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया ।

## अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रामपुर के कुशल निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी स्वार महोदय के पर्यवेक्षण में थाना स्वार पुलिस द्वारा अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत लडाई झगडे पर आमदा 01 नफर अभि0 1. रिजवान पुत्र हफीज अहमद नि0 सडक का मझरा बुद्ध



बाजार एक्सिस बैंक के पास थाना स्वार जनपद रामपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 में गिरफ्तार किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभि0 गण को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## सुरक्षा दल ने किया छात्र-छात्राओं को जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** शुक्रवार को क्षेत्र के अंतर्गत महिला सुरक्षा दल ने %मिशन शक्ति% अभियान के तहत कई स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। दल ने पंपलेट वितरित किए और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। यह अभियान सैफनी थाना क्षेत्र के एस पी



एस इंटर कालेज, रुपपुर एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय, खरसौल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## 159 किलो मिलावटी पनीर नष्ट

**सैफनी।** आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शुद्ध खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोक हेतु विशेष छापामार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत शाहबाद बिलारी रोड पर धनौरा ग्राम के पास पुलिस बल के सहयोग से एक चार पहिया वाहन को रोका गया। वाहन में आसिफ अली नामक व्यक्ति लगभग 159किलोग्राम पनीर ले जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने पनीर का एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया। पनीर की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर लगभग 159 किलोग्राम पनीर, जिसकी अनुमानित कीमत 39,750 रुपये है, को मौके



पर ही नष्ट करा दिया गया। संग्रहित नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद दायर किए जाएंगे। अभियान दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, रामचन्द्र यादव, शहाबुद्दीन दोस्त, धर्मपाल सिंह, देवकान्त, मनोज कुमार और अजरा बी मोहम्मद शामिल रहे।

## सड़कों का निर्माण कराएगा लोक निर्माण विभाग

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग की ओर से नगर विधानसभा क्षेत्र में तीन और सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने प्रस्ताव दिए थे, जिसके बाद शासन ने तीनों प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। सड़कों के निर्माण में करीब 40 लाख रूपये की लागत आएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य कराया जाएगा नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों की सड़कें खराब हो चुकी हैं। कुछ सड़कों में गहरे गहरे गडढे हो गए हैं, जिस कारण लोगों को आवागमन



में काफी असुविधा होती है। ऐसे में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने क्षेत्र की सभी जर्जर सड़कों के निर्माण कार्यो के प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग को दे दिए थे, जिसके बाद विभाग ने इन प्रस्तावों को कार्य योजना में सम्मिलित करते हुए मंजूरी के लिए शासन को भेज दिया था। अब शासन ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

## बिलासपुर और स्वार रोड़ पर राशन से भरा कैंटर पलटा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** रामपुर, तहसील स्वार क्षेत्र के यूनिटी डिग्री कॉलेज के पास बिलासपुर स्वार रोड पर राशन से भरा कैंटर पलटा। दिनांक 17 अक्टूबर 2025 को रुद्रपुर से गेहूं के आटा और चोकर भरकर एक 6 टेरा कैंटर रवाना हुआ जो की स्वार में राशन लेकर आ रहा था। जब बह यूनिटी डिग्री कॉलेज के पास पहुंचा तो अचानक से उसका स्टेरिंग की रोड टूट गई और वह ट्रक बेकाबू होकर लाइट के खंभे से टकरा गया और



वह पलट गया उसमें भारत सर राशन खंती में जा गीरा। जान का कोई भी नुकसान नहीं हुआं है ड्राइवर और कंडक्टर सुरक्षित हैं बस कैंटर का काफी नुकसान हो गया है और राशन के कट्टे और चोकर के कट्टे फट गए हैं

## सोहनलाल पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार(रामपुर)** अपना दल एस पार्टी के संस्थापक यशकाई डाक्टर सोनेलाल पटेल जी की पुन्य तिथि पर जनपद जौनपुर की विधानसभा मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में आयोजित अपना दल एस कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वार जनपद रामपुर से माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी ने अन्य पार्टी विधायकों व राष्ट्रीय एवं प्रदेश



पदाधिकारियों एवं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन में शामिल होकर पार्टी संस्थापक यशकाई डाक्टर सोने लाल पटेल जी को श्रद्धांजलि दी।

## नगर पंचायत दढियाल कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार(रामपुर)** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश महासचिव दीप सिंह राही के नेतृत्व में ठेका सफाई कर्मचारीयों ने अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को संबोधित नगर पंचायत कार्यालय में दिया जिसमें मांग कि माह अक्टूबर का वेतन दीपावली पर दिलाने तथा ठेका सफाई कर्मचारीयों का आठ माह का ई,पी,एफ व ई,एस,आई का पैसा ठेकेदार द्वारा कर्मचारियों के वेतन काटा गया है लेकिन उनके खातों में जमा नहीं कराया जा रहा ठेका कम्पनी सफाई



कर्मचारीयों के पैसे हजम करना चाह रही जिससे सफाई कर्मचारीयों को आर्थिक छति हो रही है ठेका कम्पनी द्वारा सफाई कर्मचारीयों का उक्त पैसा जल्द उनके खाते में नहीं डाला गया तो सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था बन्द करने को बाध्य होंगे

## जिला कलेक्ट्रेट पर किसानों का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत कलेक्ट्रेट परिसर मे शुक्रवार को सम्पन्न हुई। ज़िला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व मैं सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर मैं एकत्र हुए नारेबाज़ी करते हुए जिलाधिकारी की अनुपस्थिति मे मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा।जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए जिलाधिकारी से निस्तारण की मांग की




और आगे कहा की किसान का काम है खेती करना जो विपणन धान खरीद 2025 - 26 सरकारी निर्धारित मूल्य है वह मूल्य किसान के धान की खरीद करके उसके खाते में सीधी धनराशि पहुंचाएं यह काम सरकार और ज़िला रामपुर प्रशासन का है।

## सींगनखेड़ा में जागरूकता चौपाल का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को ÷थीम जागरूकता÷ चौपाल कार्यक्रम ग्राम पंचायत सींगन खेड़ा में आयोजित किया।कार्यक्रम में घरेलू हिंसा,दहेज प्रथा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।घरेलू हिंसा में हिंसा है जो परिवार के किसी सदस्य द्वारा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति की जाती है वह शारीरिक मानसिक यौनिक आर्थिक भी हो सकती है घरेलू हिंसा के कारण महिलाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे कि छोटे मानसिक तनाव और यहां तक की मृत्यु भी हो सकती है घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जो कि हमारे समाज में एक बड़े खतरे के रूप में उभरी है।

## युवक के ऊपर धारदार हथियार से किया हमला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**पटवाई।** शुक्रवार को पटवाई थाना क्षेत्र निस्वा गांव के रहने वाले रोहित ने थाना पटवाई पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है की सुबहे 9 बजे जब प्रार्थी अपने गेट के सामने खड़ा था तभी गांव के ही पुरुषोत्तम अनिल व शीशपाल भगवान दास ने प्रार्थी को गंदी-गंदी गाली देते हुए धारदार हथियार से हमला किया पीछे से बचाने गए युवक के पिता जमुना प्रसाद को भी आरोपियों ने उन पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया हमलाबर पिता पुत्र को जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए पीड़ित ने थाना पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है पुलिस में तहरीर के आधार पर पुरुषोत्तम, अनिल, व शीशपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## कर्मचारी एवं सफाई नायकों की बैठक ली

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर पंचायत शाहबाद द्वारा आगामी त्योहारो (धनतेरस, दीपावली, भैया दूज, गोबर्धन पूजा) के दृष्टिगत नगर पंचायत अध्यक्ष पति एवं स्वच्छता प्रेरक वसीम का द्वारा नगर मे सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पथ प्रकाश व्यवस्था को सदृढ बनाये रखने हेतु समस्त संबंधित कर्मचारी एवं सफाई नायकों की मीटिंग ली गई तो सभी को उपरोक्त पर्व को देखते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करने के आदेश दिए गए यदि किसी कर्मचारी द्वारा अपने कार्य में कोई लापरवाही की जाती है तो संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह सवय जिम्मेदार होंगे !

## शत प्रतिशत उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद में यूरिया उर्वरक कुल 17077 मीट्रिक टन, डी0ए0पी0 उर्वरक 1536 मीट्रिक टन एवं एन0पी0के0 7331 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि जनपद में गत वर्ष माह अक्टूबर के वितरण के सापेक्ष इस वर्ष शत प्रतिशत उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है।

इसके अतिरिक्त शुक्रवार को जिले को इफको एन0पी0के0 12=32=16 उर्वरक कुल 1885 मीट्रिक टन की एक रैक प्राप्त हो गयी है, जिसका वितरण सहकारिता एवं इफको के निजी बिक्री केन्द्रों में 80-20 प्रतिशत के आधार पर किया जा रहा है।

इसके साथ ही उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें।

## सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य होगा शुरु

**स्वार।** टांडा विधायक (शफीक अहमद अंसारी) जी ने अपनी विधानसभा क्षेत्र की टूटी सड़को से अवगत कराया लोक निर्माण विभाग ने लिया संज्ञान जल्द होगा विधानसभा में सड़कों की विशेष मरम्मत का कार्य। विधायक जी द्वारा गत दिवस दौरे के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वारा बनी सड़को की वर्तमान दशा को देखते हुए पत्राचार द्वारा टूटे / जर्जर हुए बिभिन्न मार्गो के सम्बंध में अवगत कराया गया था जिसके संबंध में लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न मार्गो की विशेष मरम्मत हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित कर जल्द कार्य कराये जाने हेतु किया। उपरोक्त



मार्गों में , मुरादाबाद टाण्डा दढ़ियाल मार्ग से फत्ता वाला की मिलक से सितला मार्ग, चूंडामणि मबाना लाम्बा खेड़ा मार्ग, शहपुरा से तोढ़ीपुरा मार्ग, रामनगर लतीफपुर से सीकम पुर मार्ग, नरपत नगर नानकार रानी मार्ग से छिद्दावाला हुसैन गंज मार्ग, छप्परा शिवपुरी से इमरतपुर भोट बक्काल मार्ग आदि मार्गो पर जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा विशेष मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।

## 50 मोबाईल फोन प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए किए गए बरामद

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी सर्विलांस सैल, रामपुर के नेतृत्व में आमजन के मोबाईल फोन की गुमशुदगी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के आधार पर सर्विलांस पर लगाकर बरामद किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक, रामपुर के आदेश / निर्देश के अनुपालन में सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से गुम हुए 50 अदद मोबाईल फोन बरामद किये गये, जिनकी



अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये है । पुलिस कार्यालय पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर बरामद मोबाईल फोन को सम्बन्धित मोबाईल स्वामियों को सौपा गया ।

रामपुर पुलिस की इस सफलता पर मोबाईल स्वामियों के मुरझाए चेहरे खिल उठे तथा खुशी की लहर दौड़ गयी । मोबाईल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाईल वापस मिल पायेगा । मोबाईल धारकों को सचेत किया गया कि अपने मोबाईल फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करें । सर्विलांस सैल,रामपुर द्वारा पूर्व में भी काफी संख्या में मोबाईल फोनों को बरामद कर मोबाईल धारकों को उपलब्ध कराया जा चुका है ।

## ग्राम पंचायत सींगनखेड़ा में आयोजित की गई जागरूकता चौपाल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा थीम जागरूकता चौपाल कार्यक्रम ग्राम पंचायत सींगन खेड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। घरेलू हिंसा में हिंसा है जो परिवार के किसी सदस्य द्वारा अपने परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति की जाती है वह शारीरिक




मानसिक यौनिक आर्थिक भी हो सकती है घरेलू हिंसा के कारण महिलाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है जैसे कि छोटे मानसिक तनाव और यहां तक की मृत्यु भी हो सकती है घरेलू हिंसा और दहेज प्रथा जो कि हमारे समाज में एक बड़े खतरे के रूप में उभरी है यह समस्या न केवल महिलाओं के लिए बल्कि समाज के लिए भी एक बड़ा संकट है दहेज प्रथा एक सामाजिक बुराई है जो हमारे समाज में गहराई से जड़ी हुई है दहेज की मांग को पूरा न करने पर महिलाओं को प्रताड़ित किया जाता है और कई बार उनकी हत्या कर दी जाती है।

## महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिए पुलिस अधीक्षक की अभिनव पहल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सिंह के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं स्वावलम्बन को



बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रशिक्षु मुस्कान यादव द्वारा दिए गए सुझाव के क्रम में मिशन शक्ति से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, महिला कल्याणकारी योजनाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं, वीडियो सामग्री को देखने हेतु क्यूआर कोड विकसित कराए गए।


## कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर (उ0प्र0)

पत्रांक-218/000/2025 दिनाक:- 16/10/25

### अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने है, जिसके लिये दिनांक जाती है. जो दिनांक/11/25 नियमानुसार खोली जायेगी। 10125 को अपराह 3 बजे तक सील बन्द निविदाये आमंत्रित की सायं 5.80 बजे तक निविदादाताओं कि उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष नियमानुसार खोली जाएगी।
कार्यों का विवरण
राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित/प्राक्कलन धनराशि | धरोहर राशि 2% | निविदा मूल्य: मूल्य | 18% GST | कुल मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्ड नं.-02 में नवी हसन के मकान से अब्दुल रशीद (किशन पुरिया) के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 2,02,300.00 | 4,046.00 | 200 | 36 | 236 | 03 माह |
| 02. | वार्ड नं.-03 में तफसीर खान की दुकान से चौक तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य | 4,02,600.00 | 8,052.00 | 400 | 72 | 472 | 03 माह |
| 03. | वार्ड नं.-03 में गाजी बाबा की दरगाह के पास इन्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 2,23,900.00 | 4,478.00 | 200 | 36 | 236 | 03 माह |
| 04. | वार्ड नं.-06 में राजेश गुप्ता के प्लाट से देवी दास के मकान से होते हुए प्रीतम लाल के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 9,97,400.00 | 19,948.00 | 1000 | 180 | 1180 | 03 माह |
| 05. | वार्ड नं.-06 में नाजिल अंसारी के मकान से शहाबुद्दीन की दुकान तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 7,10,900.00 | 14,218.00 | 700 | 126 | 825 | 03 माह |
| 06. | वार्ड नं.-13 में नवी हसन के मकान से अतीक अत्तारी के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 2,53,200.00 | 5,064.00 | 250 | 45 | 295 | 03 माह |
| 07. | वार्ड नं.-14 में मोहसिन रजा के मकान से कल्लन के मकान तक इन्टरलाकिंग रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 3,35,500.00 | 6,710.00 | 360 | 63 | 413 | 03 माह |
| 08. | वार्ड नं.-16 में वकील अहमद के मकान से अकबर अली के मकान तक सी.सी. रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 5,04,000.00 | 10,080.00 | 500 | 90 | 580 | 03 माह |
| 09. | मेन गेट से एम.आर.एफ. सेंटर की ओर अवशेष इन्टरलाकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 5,50,000.00 | 11,000.00 | 550 | 99 | 649 | 03 माह |

शर्तें
1. निविदा फार्म की फीस भारतीय स्टेट बैंक खाता सं0-39108284903 आई0एफ0एस0सी0 कोड-SUN0011168 जमा कर रसीद संलग्न करने के उपरान्त ही निविदा फार्म दिनांक-24/10/25 व दिनांक 25/10/25 को 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है. इसके बाद कोई भी निविदा फार्म नहीं बेचा जायेगा।
2. निविदादाताओं को 8% धरोहर राशि निविदा स्वीकृती के उपरान्त एफ0डी0आर के रूप में अधिशासी अधिकारी के नाम कार्यालय में जमा करनी होगी। जिसको नगर पंचायत केमरी के नाम 1 वर्ष के लिए बंधक करना अनिवार्य होगा। तथा 2 प्रतिशत धरोहर राशि नगर पंचायत केमरी के भारतीय स्टेट बैंक खाता सं0-39108284003 आई0एफ0एस0सी0 कोड-SBIN0011168 जमा कर रसीद संलग्न करना अनिवार्य है।
3. शर्त सहित निविदा स्वीकृत नहीं कि जाएगी। निविदा स्वीकृति के पश्चात ठेकेदार / फर्म को अपने व्यय से अनुबन्ध करना होगा निविदा के साथ रु0 100.00 के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित स्वघोषणा पत्र देय अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता का आयकर व जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है, तथा पेन नं., जी0एस0टी0 नं0 संलग्न करना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. किसी भी निविदा व समस्त निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। जिसे किसी भी दशा में चुनौती नहीं दी जा सकती है। वाद विवाद की स्थिति में मा0 न्यायालय रामपुर ही मान्य होगा।
7. निविदादाता को बीच में कार्य नहीं छोड़ना होगा। अगर ठेकेदार/फर्म के द्वारा बीच में कार्य छोड़ा जाता है तो उसे नगर पंचायत केमरी द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा तथा उसकी जमानत राशि को जब्त कर ली जावेगी और नोटिस देने के उपरान्त उसके टेन्डर को निरस्त कर दिया जायेगा।
8. सम्बन्धित कार्य को निर्धारित समय एवं मानक के अनुरूप पूर्ण न करने पर ठेकेदार को शर्तों के अनुरूप 100 प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।
9. ठेकेदार/फर्म को समय-समय पर दिये गये शासन / प्रशासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
10. ठेकेदार को कार्य से पहले तथा कार्य के बाद के फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।
11. उक्त धनराशि का भुगतान धनराशि उपलब्ध होने पर ही करा जायेगा।
12. ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार के द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं किया जायेगा।
13. अन्य शर्तें किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केमरी (रामपुर)

अध्यक्ष
नगर पंचायत केमरी (रामपुर)

# व्रत रखकर श्रद्धालुओं ने मनाई रमा एकादशी

● भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी से की सुख-समृद्धि की कामना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हर वर्ष कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को रमा एकादशी मनाई जाती है। शुक्रवार को रमा एकादशी का पर्व श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर भगवन विष्णु और मां लक्ष्मी की विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर मनाया और भगवान विष्णु व मां लक्ष्मी से सुख-समृद्धि की कामना भी की। श्रद्धालु प्रातः दैनिक कार्यों से निवृत होकर भगवान विष्णु के दिव्य रुप व मां लक्ष्मी की पूजा की और उनका पंचामृत से अभिषेक कर पीला चन्दन, अक्षत, मोली, फल, फूल, मेवा, तुलसी दल आदि अर्पित किए। ज्योतिषाचार्यों का भी कहना है कि एकादशी व्रत का बड़ा ही महत्व है। इस दिन मां तुलसी की पूजा भी बड़ी पुण्यदायी मानी जाती है। कहा जाता है कि जो मनुष्य साल भर आने वाली एकादशी तिथि के व्रत धारण नहीं कर पाता है वो महज इस एकादशी का व्रत रखने से ही जीवन की दुर्बलता और पापों से मुक्ति पाकर सुखमय जीवन जीने लगता हैं। पद्म पुराण में उल्लेख है कि जो फल कामधेनु और चिन्तामणि से प्राप्त होता है उसके समतुल्य फल रमा एकादशी के व्रत रखने से प्राप्त हो जाता हैं। सभी पापों का नाश करने वाली और कर्मों का फल देने वाली रमा एकादशी का व्रत रखने से धन धान्य की कमी भी दूर हो जाती हैं। रमा एकादशी पर लक्ष्मी-नारायण की पूजा करने से साधक को सभी प्रकार के सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है।

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा धनतेरस का पर्व

● अपनी सामर्थ्यनुसार लोग करेंगे सोना-चांदी, हीरा-मोती व स्टील के बर्तनों की खरीददारी




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** दीपावली 5 दिवसीय महापर्व है, जिसका प्रारंभ आज धरतेरस से होने जा रहा है। इस पर्व को महालक्ष्मी को समर्पित माना जाता है। आज शनिवार को धनतेरस पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सोना-चांदी, व स्टील आदि के बर्तनों की भी खूब खरीददारी होगी। दुकानें सजी हुई हैं। लोग अपनी सामर्थ्यनुसार खरीददारी करेंगे। ज्वैलर्स ग्राहकों को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार के ऑफर भी दे रहे हैं। कुछ ज्वैलर्स तो आभूषणों के मैकिंग चार्ज में भी रियायत देने से नहीं चूक रहे हैं। ज्वैलर्स के यहां आभूषणों की कई नई रैंज आई है। भगवान गणेश व लक्ष्मी की सोने-चांदी की मूर्तियों की बिक्री के लिए ज्वैलर्स ने व्यवस्था की हुई है। हालांकि सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम करीब डेढ़ लाख को पार करने जा रही है। ज्वैलर्स का कहना है कि बढ़ती सोने की कीमत भी ग्राहकों विशेषकर महिलाओं के उत्साह को नहीं रोक पा रही है। आभूषणों की धनतेरस पर आज जबरदस्त बिक्री होगी। बड़ी संख्या में लोगों ने आभूषणों की खरीददारी के लिए एडवांस बुकिंग भी कराई हुई है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि धनतेरस पर त्रयोदशी तिथि की शुरूआत जहां आज दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर होगी, वहीं इसका समापन कल दोपहर 1 बजकर 51 मिनट पर होगा।

पूजा का समय सायं 7 बजकर16 मिनट से 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि दीपावली 5 दिवसीय महापर्व होने के कारण प्रथम दिन धनतेरस, दूसरे दिन नरक चौदस, तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन व 5वां दिन भाई दूज के रुप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शहर के मुख्य सदर बाजार, जैकबपुरा, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, सभी आवासीय सैक्टरों के माकिट, सोहना चौक सहित अन्य क्षेत्रों स्थित मार्किटों व शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित शॉपिंग मॉल्स में धरतेरस मनाने की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। दुकानदारों ने हर श्रेणी का सामान बिक्री के लिए रखा हुआ है।

# ओसीएस फाउण्डेशन ने छात्रों के लिए समर्पित किया पुस्तकालय



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** प्रत्येक छात्र को शिक्षा के समान अवसर मिलने चाहिए, ताकि वह जीवन में निर्बाध रूप से तरक्की कर देश के विकास में अपना योगदान दे सके। उक्त विचार ओसीएस फाउण्डेशन के संस्थापक नीरज दहिया ने प्रौजेक्ट पंख के तहत जिले के गांव जाटौला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आधुनिक पुस्तकालय को समर्पित करते हुए व्यक्त किए। पुस्तकालय में कंप्यूटर और पीए सिस्टम भी प्रदान किए गए। उनका कहना है कि छात्रों की शिक्षा केवल कुछ संसाधनों की कमी के कारण अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। हम सभी का कर्तव्य है कि छात्रों को मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। संस्था अपने सामाजिक दायित्व का बखूवी निर्वाह कर रही है। यह पहल समाज के सामूहिक सहयोग से संभव हुई है। संस्था छात्रों को पाठ्य सामग्री, यूनिफार्म, गर्म वस्त्र या अन्य शैक्षणिक सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराती है।

# ईथन स्पोट्र्स उत्पादों को मंत्री जी ने जांचा-परखा, की उत्पादों की सराहना



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल अभियान को देश के विभिन्न प्रतिष्ठान पंख लगाने में जुटे हैं, ताकि मेक इन इंडिया का जहां अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो सके, वहीं प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी आत्मनिर्भर बन सकें। इसी क्रम में स्पोर्टस परिधान निमार्ता प्रतिष्ठान ईथन स्पोट्र्स लोकल फॉर वोकल अभियान को खिलाड़ियों तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। भाजपा आईटी सैल के प्रदेश सह संयोजक रवि बंसल द्वारा ओल्ड दिल्ली रोड क्षेत्र में संचालित ईथन स्पोट्र्स प्रतिष्ठान पर प्रदेश के केबिनेट मंत्री राव नरवीर सिंह पहुंचे और स्पोट्र्स परिधानों की जांच-परख कर उनकी गुणवत्ता की जानकारी ली। रवि बंसल का कहना है कि मंत्री जी ने जहां प्रतिष्ठान के उत्पादों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया है वहीं प्रतिष्ठान से आग्रह किया है कि प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल अभियान को सफल बनाने में जहां वे पूरी ऊर्जा लगा रहे हैं, वहीं उन्हें उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखें, ताकि विदेशी उत्पादों के सामने उनके द्वारा बनाए गए उत्पाद हर तरह से खिलाड़ियों के लिए बेहतर साबित हो सकें। उन्होंने स्पोर्ट्स उत्पादों की खरीददारी भी की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व मंत्री जी के सचिव ब्रह्म यादव आदि भी मौजूद रहे।

## समाचार

# छठ पूजा समिति के सदस्यों ने छठ घाट का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पूर्वांचल मूल के लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाली सामाजिक संस्था छठ पूजा समिति के प्रतिनिधियों व सदस्यों ने राजेंद्रा पार्क क्षेत्र स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया और आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। समिति के राजेश पटेल, गौरवमणि त्रिपाठी, विरेंद्र शुक्ला आदि का कहना है कि संस्था प्रतिवर्ष छठ पूजा का आयोजन धूमधाम से मनाती आ रही है। समिति के सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। छठ घाट के निर्माण के साथ-साथ पूजा स्थल की सफाई आदि की जाएगी। कमेटी के सदस्यों ने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि छठ घाट स्थल की साफ-सफाई कराई जाए, ताकि श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के छठ मना सकें। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरोशोरों से चल रही हैं। इस अवसर पर शिवशंकर गिरि, जितेंद्र सिंह, विजय कुमार, अभिषेक मिश्रा, योगेन्द्र, मनीष पांडे आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर भीम सेना ने की मांग

**2 हाई-प्रोफाइल जान देने के मामलों में कराई जाए सीबीआई जांच**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल तंवर ने हरियाणा पुलिस विभाग से जुड़े दो हाई-प्रोफाइल जान देने के मामलों में गंभीर आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग केंद्रीय गृहमंत्री को पत्र लिखकर की है। पत्र में आईपीएस वाई. पूरन कुमार और असिस्टेंस सब इंस्पेक्टर संदीप लाठर की मौतों को जातिवाद, भ्रष्टाचार और विभागीय साजिश से भी जोड़ा बताया गया है। उनका कहना है कि सीबीआई जांच से ही इन दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है। उन्होंने यह मांग भी की है कि दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए जिनके कारण आईपीएस पूरन कुमार ने अपनी जान दे दी। जो भी लोग दोषी पाए जाएं उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही उक्त मांग पूरी नहीं की गई तो भीम सेना आंदोलन छेड़ देगी। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की ही होगी।

# आईएएनआर व एसआरएस का 2 दिवसीय सम्मेलन शुरू

● देश-विदेशों के चिकित्सक व विशेषज्ञ ले रहे हैं भाग




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अंतर्राष्ट्रीय न्यूरोरेस्टोरेटोलॉजी एसोसिएशन (आईएएनआर) का 2 दिवसीय 17वां वार्षिक सम्मेलन सोसाइटी ऑफ रीजेनरेटिव साइंसेज (एसआरएस) इंडिया के 7वें वार्षिक सम्मेलन के साथ संयुक्त रूप से राजधानी के दक्षिण क्षेत्र स्थित एक आयोजन स्थल पर आयोजित किया गया। जिसमें देश-विदेशों से बड़ी संख्या में चिकित्सक, वैज्ञानिकों तथा रोगी प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जो पुनर्जन्म चिकित्सा व न्यूरोलॉजी में प्रगतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। आईएएनआर के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. होंग्युन हुआंग व सोसाइटी ऑफ रीजेनरेटिव साइंसेज के डॉ. अलोक शर्मा का कहना है कि जनजातिय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में वैज्ञानिक नवाचार की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय शोधकताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री से दिव्यांगों के लिए सेल थेरपी को आयुष्मान भारत में शामिल करने का अनुरोध करेंगे, सम्मेलन सेलुलर थेरपी का उपयोग करके पुनर्जनन चिकित्सा पर केंद्रित है, जो क्षतिग्रस्त ऊतकों को पुनर्स्थापित करता है और न्यूरोलॉजिकल, ऑर्थोपेडिक तथा अन्य कठिन उपचार वाले विकारों से ग्रस्त रोगियों में कार्यात्मक पुनर्बहाली में सुधार लाता है। भारत में 2.68 करोड़ से अधिक दिव्यांग नागरिकों के साथ, प्रतिनिधियों ने जोर दिया कि ये थेरपी उन रोगियों की जीवन गुणवत्ता में व्यापक सुधार ला सकती हैं जिन्हें पहले असाध्य माना जाता था। न्यूरोलॉजिकल स्थितियों में विश्व स्तर पर सबसे अधिक वैज्ञानिक प्रकाशन भारत से हैं। जिसका लाभ दिव्यांगों को आयुष्मान के माध्यम से मिल सकेगा। उनका कहना है कि इस सममेलन में अमेरिका, चीन, पोलैंड, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना, हांगकांग तथा अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन आज भी जारी रहेगा।

# नगर निगम गुरुग्राम और अस्मी संस्था के संयुक्त प्रयास से दुकानदारों को दिलाई स्वच्छता शपथ



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा अस्मी संस्था के सहयोग से कादीपुर स्थित सब्जी मंडी में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय दुकानदारों एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें पॉलिथीन मुक्त गुरुग्राम बनाने के अभियान से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी, बुलंद आवाज वेलफेयर सोसाइटी की उपाध्यक्षा श्रीमती प्रिंका यादव तथा अस्मी संस्था की संस्थापिका श्रीमती शोभा लाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान कुलदीप हिन्दुस्तानी ने दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग-अलग दो डस्टबिन अवश्य रखें, ताकि कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण किया जा सके। श्रीमती प्रिंका यादव ने उपस्थित दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और पर्यावरण हितैषी विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हर दुकान पॉलिथीन का बहिष्कार कर कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग शुरू करे, तो शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाना संभव है। कार्यक्रम के अंत में कुलदीप हिन्दुस्तानी ने सभी दुकानदारों और उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से संकल्प कराया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे, कचरा इधर-उधर नहीं फैलाएंगे और शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में अव्वल स्थान दिलाने में योगदान देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम गुरुग्राम की स्वच्छता टीम, अस्मी संस्था के सदस्यों एवं स्थानीय दुकानदारों का विशेष सहयोग रहा।

# इको-फ्रेंडली दिवाली मनाने का दिया सन्देश

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल और केआईआईटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में दिवाली का उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्रों ने रंगोली, दीया सजावट, पोस्टर




मेकिंग, नृत्य प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कुकिंग विदआउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के अभिभावकों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और बिना आग के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। शिक्षकों ने बच्चों को संदेश दिया कि वे दिवाली पर पटाखों से दूर रहकर पर्यावरण के अनुकूल हरित दिवाली मनाएं। छात्रों को सिखाया गया कि असली खुशी एक-दूसरे के साथ समय बिताने, मिठास बांटने और जरूरतमंदों की मदद करने में है। केआईआईटी वर्ल्ड स्कूल की प्रिंसिपल नीलिमा कामराह ने कहा, दिवाली हमारे जीवन में सकारात्मकता, प्रेम और एकता का संदेश लेकर आती है। इस पर्व का असली अर्थ केवल दीप जलाना नहीं, बल्कि अपने मन में करुणा और संवेदनशीलता की रोशनी फैलाना है।"

# श्री राम मंदिर स्कूल में छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाई प्रतिभा

● स्कूल शिक्षिकाओं को किया सम्मानितः लवली जुनेजा



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** श्री राम मंदिर स्कूल में प्रधान लव जुनेजा स्कूल प्रबंधक दीपक बाली कोषाध्यक्ष धीरज विरमानी योगेश गाबा व राहुल पपरेजा की देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन का किया गया ।उसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा को दिखाया जिसमें सक्रिय ज्वालामुखी, चंद्रयान 3, ऑटोमेटिक ध्वजारोहण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग व अनेकों वैज्ञानिक एवं पर्यावरण से संबंधित कई प्रकार के मॉडल तैयार किए। जहां प्रधान लवली जुनेजा ने कहा छात्रों ने मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

आज के इस विज्ञान के युग में ऐसी आवश्यकताओं की जरूरत बढ़ती जा रही है । ऐसे ही स्कूलों से निकल कर छात्र आज चंद्रयान पर पहुंच चुके हैं उन्हें इस प्रतिभा का हम सभी सम्मान करते हैं ।इस उपलक्ष में चौधरी अशोक बरेजा चंद्रभान , विवेक बाली, राजेंद्र अरोड़ा तिलक डूडेजा अंकुर पठान सतीश जुनेजा, श्रवण जुनेजा गोपाल गेरा ,उमेश विरमानी, अंकित मेहंदी रत्ता आदि अनेक लोगों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। सभी ने अपना आशीर्वाद दिया एवं सभी अध्यापिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उनको दीपावली के उपहार देकर सम्मानित किया।

# तावडू की बेटी ने पास की आरएएस परीक्षा

● गांव की पूर्व सरपंच रही, पति की मौत के बाद हासिल किया मुकाम
● शादी के 8 महीने बाद ही सड़क हादसे में हो गई थी पति की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, नरेश मैहंदीरत्ता।** हरियाणा के नूंह जिले के तावडू खंड के गांव कोटा खंडेवला की रहने वाली रवीना राठी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (फ्अर )परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया है। उनकी इस उपलब्धि से जहां परिवार में खुशी का माहौल है,वहीं मेवात के लोग भी उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दे रहे हैं। रवीना एक बहुत बड़े दुख से भी गुजर चुकी हैं,जिसमें वर्ष 2013 में उनकी शादी हो गई थी। जिसके 8 महीने बाद ही सड़क हादसे में उनके पति की मौत हो गई। इस दुख के बाद भी रवीना राठी के हौसले कम नहीं हुए और उन्होंने कुछ कर गुजरने की ठानली। परिवार के सहयोग से रवीना ने अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखिए और 2016 में गांव की सरपंच बन गई।

रवीना ने बताया कि उन्होंने दसवीं कक्षा गांव के स्कूल से ही पास की थी ।जिसके बाद उन्होंने 11वीं और 12वीं कक्षा मानेसर के एक स्कूल से पास की। उन्होंने कहा साथ ही एएनएम नर्सिंग कोर्स किया और 2012 में उनकी जॉइनिंग का लेटर भी आ गया। लेकिन उन्होंने ज्वाइन नहीं किया। रवीना ने बताया कि 2013 में उनकी शादी हो गई थी। जिस लड़के से शादी हुई थी वह भी पढ़ाई कर रहा था। शादी के समय उनकी ग्रेजुएशन चल रही थी। उन्होंने बताया कि करीब 8 महीने पहले फिर से उनकी जॉइनिंग एएनएम पद के लिए हो गई थी। नवंबर महीने में वह अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर ड्यूटी ज्वाइन करने के लिए अल आफिया नागरिक अस्पताल मांडीखेड़ा नूंह जा रही थी। जब वह तावडू नूंह रोड पर पहुंचे तो उनकी बाइक को एक ट्रक ड्राइवर ने टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद वह बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरी, वहीं उनके पति ट्रक के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में रवीना भी घायल हो गई थी। पति की मौत के बाद 2 महीने बाद फिर से रवीना ने अपने परिवार के सहयोग से अपनी पढ़ाई शुरू की। ग्रेजुएशन कंप्लीट होने के बाद 2016 में गांव में सरपंच पद का चुनाव लड़ा। चुनाव लड़ने के बाद ग्रामीणों ने रवीना की काबिलियत को देखते हुए उन्हें चुनाव जीता दिया। रवीना ने कहा कि स्कूल में शिक्षा और स्वच्छता को लेकर गांव में काफी काम किया। उनके कार्यकाल में स्कूल जिले में स्वच्छता और शिक्षा के मामले में फर्स्ट रैंकिंग पर आ गया था और लड़कियों का ड्रॉप आउट भी काफी कम हुआ था। इसके साथ ही रवीना ने अपने कार्यकाल के दौरान लोगों को घर में शौचालय बनवाने के लिए भी जागरूक करने का काम किया था। रवीना ने बताया कि जब वह सरपंच थी तो उस दौरान उनकी बैठक कई बार जिले के डीसी सहित अन्य अधिकारियों से होती रहती थी। सामने डीसी के नेम प्लेट देखकर उन्होंने भी मन बना लिया कि उन्हें भी ऐसा ही अधिकारी बनना है। इसके बाद उन्होंने घर आकर गूगल पर ऐसा अधिकारी बनने की प्रक्रिया सर्च की तो पता चला कि उसके लिए यूपीएससी की परीक्षा पास करनी पड़ती है। उसके बाद उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास करने का मन बनाते हुए लगातार मेहनत की। रवीना ने कहा कि उन्होंने पांच बार यूपीएससी की परीक्षा दी, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसके लिए उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और 2023 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा ( फ्अर)परीक्षा के लिए अप्लाई कर दिया। पहले ही प्रयास में उन्होंने राजस्थान प्रशासनिक परीक्षा को पास कर दिया और इंटरव्यू के बाद उनका लिस्ट में नाम आ गया है। रवीना ने बताया कि उनके पिता ट्रक चालक थे, लेकिन अब बुजुर्ग हो गए हैं तो खेती-बाड़ी काम देखते हैं। घर में दो भाई और पांच बहने हैं जिनकी शादी हो चुकी है।

# वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगोंके लिए प्रत्येक मंगलवार को होगा जांच-माप शिविर का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल,सुखदेव तेवतिया।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल के सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को लघु सचिवालय के भूतल पर एलिम्को की सहायता से जांच-माप शिविर लगाए जाएंगे। इस जांच-माप शिविर में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को जरूरत का सामान भी उपलब्ध कराया जाएगा ताकि वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को उनके प्रतिदिन के सामान्य काम में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। सचिव बिजेंद्र सोरोत ने बताया कि जारी दिशा-निदेशों के तहत जिला रेडक्रॉस सोसायटी पलवल द्वारा प्रत्येक मंगलवार को लघु सचिवालय पलवल के भूतल पर एलिम्को की सहायता से लगाए जाने वाले जांच-माप शिविर में दस्तावेज पूरे होने उपरांत वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को उनकी जरूरत के उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने अक्षमता से सक्षमता की ओर मुहिम के तहत जिला के दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं, ताकि जिला में कोई भी ऐसा दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक न रहे जिसे सहायक उपकरण न मिला हो।

# निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा नेत्र जांच का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा एवं सेंटीस फाउंडेशन के संयुक्त रूप से नेत्र जांच का आयोजन किया गया और अब इसमें इसी स्थान पर लोगों की सुविधाओं के लिए कैम्प का आयोजन किया जाएगा । आज 209 लोगों की नेत्र जांच की गयी । जिसमें 35 रोगी मोतियाबिन्द से ग्रस्त पाए गए जिन्हें आहूजा नेत्र एवं दंत संस्थान भेजा गया । 50 लोगों को 19 दिसम्बर को चश्मे वितरित किए जाएंगे नेत्र जांच शिविर में डॉ उदय सिंह ने सभी मरीजों की बीपी, सुगर की जांच कर अपनी सेवाएं प्रदान की । संस्था की तरफ से हेमंत अत्रि कुनाल अत्रि ने भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान की । निरामया चेरीटेबल ट्रस्ट की और से डॉ टी. एन. आहूजा, डॉ देवेन्द्र कुमार आहूजा, डॉ मिष्ठी जैन, निधि जी, लक्ष्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई !

# सिगनेचर ग्लोबल फाऊंडेशन इंडिया लिमिटेड टीम कर रही विद्यार्थियों की मदद, विद्यार्थी सहित स्टाफ में उत्साह



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू ( मैहंदीरत्ता )।** शहर के बाईपास पर स्थित मेवात मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को सिगनेचर ग्लोबल फाऊंडेशन इंडिया लिमिटेड की तरफ से बच्चों को स्कूल बैग, मिल्टन की बोतल, एक रजिस्टरए लंच बॉक्स, पेन का पैकेट, सैनेटरी पैड का बॉक्स, फरूटी वितरित की गई। वहीं 7 दरी राजकीय वरिष्ठ कन्या माध्यमिक विद्यालय, कस्तूरबा गांधी राज्य के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मेवात मॉडल संस्कृति स्कूल, के सभी बच्चों को सिगनेचर ग्लोबल फाउंडेशन इंडिया लिमिटेड की तरफ की गई।

इस अवसर पर सिगनेचर ग्लोबल की गीता अग्रवाल, डायरेक्टर कुमारी वेदनशी अग्रवाल और उनके साथ आए उनके सदस्य टीम मेंबर विकास यादव, धीरज यादव एवं अन्य कर्मचारी की मौजूदगी में स्कूल में सामान वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य भारत गौतम, अब्दुल गफ्फार प्रधानाचार्य कस्तूरबा गांधी विद्यालय, महेंद्र गौतम पूर्व प्रधानाचार्य, फरियाद मौहम्मद पूर्व प्रधानाचार्य और सभी स्कूल के स्टाफ सदस्य, एसएमसी प्रधान, दीपक धारीवाल, राजवीर राठी, सतवीर सिंह यादव, तेजपाल यादव वह अन्य अध्यापिकाएं और जयचंद जोस्त्री राजनीतिक विज्ञान प्रवक्ता मौहम्मदपुर अहिर वाले के आहवान पर सिगनेचर ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से सामान वितरण कराया गया। इस दौरान सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए बच्चों में अत्यधिक उत्साह दिखाई दिया।

# तावडू के कॉलेज में सीपीआर प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम द्वारा एम3एम फांउडेशन के सहयोग से एचएलजी कॉलेज में एक सीपीआर प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को हृदय गति रुकने की स्थिति में जीवन रक्षक तकनीक सीपीआर सिखाना था। जिससे आपातकालीन स्थिति में समय पर सहायता दी जा सके व आमजन की जान बचाई जा सके।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों ने विद्यार्थियों को हृदय गति रुकने पर तुरंत उठाए जाने वाले कदम, छाती पर दवाब देने की विधि और कृत्रिम की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर व्यवहारिक रूप से सीपीआर का अभ्यास किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य व डाक्टर निहाल सोलंकी एसएमओ की स्वास्थ्य टीम के सदस्य एवं एम3एम डाक्टर अभिषेक की टीम उपस्थित रही। एम3एम फांउंडेशन द्वारा ऐसे सामाजिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। सीएचसी टीम ने प्रतिभागियों को सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों को अपने जीवन में अपनाने एवं अन्य लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया व शपथ भी दिलाई।

# भतीजा-भतीजी पर चाकू से हमला करने के मामले में चाचा गिरफ्तार, आरोपी को भेजा गया जेल



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** भतीजा-भतीजी पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया।

बंटी वासी श्रद्वानन्द बस्ती फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया की 12 अक्टूबर को करीब 8-9 बजे उसका चाचा सतीश उनके घर के बाहर गाली गलौच कर रहा था। जिसकी आवाज सुनकर वह भी घर आ गया और उसने उसके चाचा को गाली देने से मना किया जब वह नहीं माना तो उसने अपने चाचा को धक्का मार दिया और फिर उसका चाचा घर से चाकू लेकर आया और उसने उसके और उसकी बहन के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से वह और उसकी बहन घायल हो गये। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्रीन फिल्ड चौकी की टीम ने कार्रवाई करते हुए सतीश कुमार निवासी श्रद्वानन्द बस्ती फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि सतीश गली में खडा होकर गाली गलौच कर रहा था तभी उसका भतीजा बंटी वहां आ गया और उसे धक्का देकर गिरा दिया।

जिसके बाद आवेश में आकर वह घर से चाकू लेकर आया और बंटी पर हमला कर दिया, जिसके बीच बचाव के लिए जब उसकी भतीजी आई तो उसने उसको भी चाकू मार दिया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# दिवाली पर्व है खुशियों का आओ मिलकर मनाएं दीए जलाएं



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** सेंट एंथनी स्कूल सेक्टर 9 फरीदाबाद के प्रांगण में स्कूल के छात्र छात्राओं ने राम- लक्ष्मण,सीता,हनुमान जी रावण का अभिनय कर लोगों को संदेश दिया हर परंपरा एक ही मुख्य विषय पर केंद्रित है अंधकार से मुक्ति चाहे अज्ञानता का अंधकार हो, अहंकार का अंधकार हो या निराशा का, दिवाली हमें प्रकाश की ओर सत्य प्रेम और दिव्य ज्ञान की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है दीप जलाने के अलावा लोग समृद्धि लाने वाले देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए अपने घरों की सफाई और सजावट भी करते हैं. श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम राम कहलाये, जिन्होंने संसार को संदेश दिया अधर्म पर धर्म की विजय हमेशा होती है. हनुमान जी ने अपनी भक्ति का संदेश दिया उनके हृदय में माता सीता और भगवान राम विराजमान रहते थे. लक्ष्मण का भाई के प्रति प्रेम संसार में वंदनीय है. वह परछाई बनकर भगवान के साथ रहते थे. माता सीता ने लंका में रहकर भी अपने पतिव्रत धर्म का पालन किया रामायण का हर एक पात्र एक आदर्श है. इसी आदर्श को नन्हे मुन्ने बच्चों ने बाल कलाकार के रूप में अभिनय कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

# टेलिग्राम टास्क के नाम पर 3,08,500 रूपए की ठगी, खाताधारक गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर ठगी करने के एक मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ में चावला कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने अपनी दी शिकायत में बताया कि उसके पास व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब के लिए सम्पर्क किया। जिसमें उसको गूगल पर होटल को रिव्यु करने को कहा गया। जिसके बाद उसे टेलिग्राम ग्रुप का लिंक दिया गया जहां उसे हर टास्क के लिए 50 रू देने की बात कही। कुछ टास्क के बाद उसे पैड टास्क करने को कहा गया, जिसके लिए उसके पास एक वेबसाइट का लिंक भेज टास्क करने के लिए खाता खुलवाया गया। जिसपर उसने विभिन्न टास्क के लिए 3,08,500 ठगों के खाता में भेजे। जब खाता में बोनस के साथ 370000 रूपए हुए तो उसने पैसे निकालने के बारे में ठगों को कहा। पैसे निकालने के बदले में ठगों ने उससे 3 लाख रुपए की और मांग की। जिसके बाद उसे पता चला के उसके साथ साइबर फ्राड हुआ है। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ ने मामले में कार्रवाई करते हुए रफीक निवासी रवानिया कोट गुलसापुरा जोधपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि रफीक खाताधारक है जिसने अपना खाता ठगों को दे रखा थाए जिस खाता में ठगी के 23 हजार रुपए आये थे और वह जोधपुर के एक हॉस्पिटल में सफाई का काम करता है। आरोपी को अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## वाहन चोरी के अलग-अलग मामलो में 2 आरोपी गिरफ्तार, 2 मोटरसाईकिल बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 व एनआईटी की टीम ने अलग-अलग मामलों में 2 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की 2 मोटरसाईकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने कार्रवाई करते हुए हर्ष निवासी पल्ला फरीदाबाद से चोरी की 1 मोटरसाइकिल बरामद की गई है व अपराध शाखा एनआईटी ने आबिद निवासी नगीना मेवात को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# पेड़ लगाना प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और हरित भविष्य की जिम्मेदारी: कृष्णपाल गुर्जर

● एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फरीदाबाद में सघन वन कार्यक्रम आयोजित, केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया पौधारोपण



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, राजेंद्र सिंह।** हरियाली को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन.जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज सेक्टर-59 फरीदाबाद स्थित नेशनल हाईवे की ग्रीन बेल्ट पर श्एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सघन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने स्वयं पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व पर बल दिया। उनके साथ बल्लभगढ़ के विधायक मूलचंद शर्मा ने भी पौधारोपण करते हुए अभियान में सहभागिता दर्ज कराई। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन की आधारशिला हैं, जो हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ जल और संतुलित पर्यावरण प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना केवल एक कार्य नहीं बल्कि प्रकृति और धरती मां के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार या किसी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक परिवार अपने आसपास एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो आने वाले समय में हमारा समाज और अधिक हरा.भरा एवं स्वच्छ बनेगा।

श्री गुर्जर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पौधारोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और दूसरों को भी इस दिशा में प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव ही हमारे जीवन को स्वस्थ, संतुलित और दीर्घकालिक बनाता है और यही आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

इस अवसर पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक अनुपमा अंजलि, एस्टेट ऑफिसर नवीन कुमार, एसई संदीप दहियाख, विभागीय अधिकारीगणए सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्यजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण करते हुए स्वच्छ, हरित और सतत पर्यावरण के निर्माण का संकल्प लिया।

# आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में सासू, साली व पत्नी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, दीपक जैन।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-48 की टीम ने सासू, साली व पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 3 अक्टूबर की सुबह गांव नेकपुर वासी एक व्यक्ति ने अपने 3 बच्चों का गला घोट दिया तथा खुद आत्महत्या कर ली, इस घटना में उस व्यक्ति की दो बेटियों की भी मृत्यु हो गई थी। जिस संबंध में आरोप लगाया गया कि मृतक कर्मवीर को रिश्तेदारों द्वारा प्रताडित किया गया व झुठे केस में फंसाने की धमकी दी गई, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठा लिया। जिस शिकायत पर थाना धौज में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर.48 की टीम ने मृतक की पत्नी, सासू, साली व वंश साला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि 26-27 सितंबर को मृतक कर्मवीर के साथ उसकी पत्नी व अन्य ससुराल पक्ष ने झगडा किया था। आरोपी पक्ष मृतक से पैसे ऐंठना चाहता था, जिस पर कर्मवीर को झुठे केस में फंसाकर पैसे ऐंठने के लिए पुलिस को छेड़छाड़ की झूठी शिकायत की। जिनको माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में एक साली सहित दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुके हैं।

# फरीदाबाद वासियों के साथ केक काटकर मनाया गया फरीदाबाद जिले का स्थापना दिवस : डॉ राजेश भाटिया

● फरीदाबाद के विकास को बुलंदियों तक ले जाने का काम कर रहे है सभी फरीदाबाद वासी : डॉ राजेश भाटिया



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर मार्किट नंबर 1, डा. अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैंकेडरी स्कूल एवं ब्यापार मंडल फरीदाबाद, संस्थाओं ने मिलकर फरीदाबाद जिले का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान मंदिर एवं ब्यापार मंडल फरीदाबाद के प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने बुजुर्गो व गणमान्य लोगों के साथ केक काटा और फरीदाबाद शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर डॉ0 अनिल मालिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधान डॉ राजेश भाटिया ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि 1947 में हमारा देश आजाद हुआ था और 17 अक्टूबर, 1949 को हमारे बुजुर्गो ने न्यू इंडस्ट्रियल टाऊन की नींव रखी थी। उनके प्रयासों और मेहनत के कारण, यह शहर विकसित हुआ और आज हम सभी अपने बुजर्गो की मेहनत और उनके प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए इस शहर की विकास में अपनी भागेदारी निभा रहे है और आगे भी निभाते रहेंगे। डॉ भाटिया ने कहा कि यह ऐसा शहर है, जिसने दूसरे राज्यों व प्रदेशों से आए सभी लोगों को न केवल रोजगार दिया बल्कि रहने के लिए आशियाना भी दिया, यहां सभी धर्मो के लोग मिलजुकर रहते है, जो कि भाईचारे की मिसाल है। उन्होंने फरीदाबाद शहर के निर्माण में योगदान देने वाले सभी बुजुर्गो को नमन करते हुए कहा कि हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलते हुए इस जिले के विकास में अपना योगदान देते रहना चाहिए।

इस मौके पर प्रधान राजेश भाटिया की धर्मपत्नी जनक भाटिया, तपस्या मेहरा, बंसीलाल कुकरेजा, नंदराम पाहिल, मोनिका भाटिया, दीनदयाल गौतम, रविदास, रेखा, राधा सपना, बीना, काजल, राहुल, सचिन भाटिया, रिंकल भाटिया, अमित नरूला, गगन अरोड़ा, कपूर, विशाल भाटिया, आशीष अरोड़ा, अजय शर्मा, प्रेम बब्बर, संदीप यादव, सरदार अमरजीत सिंह भाटिया, अरविंद शर्मा, रविंद्र गुलाटी शामिल रहे।

# सुशासन की नई पहचान, बिना पर्ची, बिना खर्ची बना तीसरी बार भाजपा सरकार की जीत का मंत्र: मनोहर लाल

● हरियाणा बना देश का पहला कैरोसिन फ्री स्टेट, हर घर तक बिजली, गैस और पानी की सुविधा




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन में जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता उपायुक्त विक्रम सिंह ने की।

जिला स्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह की शुरूआत मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत लाभार्थियों को 50-100 वर्ग गज के प्लॉट आवंटन पत्र वितरित करके की गयी। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने फरीदाबाद के सावित्री और अमी चंद को व्यक्तिगत रूप से प्लॉट आवंटन पत्र सौंपे।

इस अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का शुभ सन्देश भी वर्चुअल रूप से सुना गया। समारोह में उपस्थित नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को बड़े उत्साह के साथ देखा और सुना। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने हरियाणा सरकार की उपलब्धियों पर आधारित फिल्म और गीत का प्रदर्शन देखा, जिसमें राज्य में हुए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं और सार्वजनिक हित के निर्णयों की झलक प्रस्तुत की गई।

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आज प्रदेशभर में लगभग 9000 पात्र लाभार्थियों को 50-100 गज के प्लॉट आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्लॉट उनके लिए दीपावली का उपहार हैं, जिससे उनका घर का सपना साकार होगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार ने मिलकर पिछले 11 वर्षों में विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में अब तक करोड़ों परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है और अगले चार वर्षों में 7 करोड़ मकान प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र परिवारों को न केवल प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं, बल्कि मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है, ताकि हर परिवार के सिर पर एक सुरक्षित छत हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का उद्देश्य केवल ईंट और गारे का मकान बनाना नहीं, बल्कि हर घर को शौचालय, बिजली, गैस, स्वच्छ पानी और राशन जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करना है। हरियाणा देश का पहला कैरोसिन फ्री स्टेट बनाए जहां हर घर तक बिजली, गैस कनेक्शन और नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने ई.गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है।

## समाचार

# तावडू महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने रन आफ प्रतियोगिता में लिया भाग, विद्यार्थियों में उत्साह

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव बावला में स्थित हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब की तरफ से विद्यार्थियों ने स्टेट लेवल रन आफ कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत बीए प्रथम वर्ष से दीपेंद्र, मौहम्मद वाकिफ और मौहम्मद वारिश ने 5 सौ मीटर की रन आफ प्रतियोगिता में भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार जून के निदेर्शानुसार सभी विद्यार्थियों ने जिले का नेतृत्व किया। प्रतियोगिता में कोऑर्डिनेटर डाक्टर प्रीति रही तथा डाक्टर राजवेन्द्र मलिक जिला स्तरीय ट्यूबरक्लोसिस ऑफिसर एवं मीना ठाकुर कि इस प्रतियोगिता में मुख्य भागीदारी रही। प्रतियोगिता के अंतर्गत हरियाणा जिले के लगभग सभी महाविद्यालयों के जिला स्तर के महाविद्यालय विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य स्तरीय सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।




# तावडू में समावेशी शिक्षा पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सामपन्न



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के मुख्य मार्ग पर स्थित आदर्श मॉडल संस्कृति वरिश्ठ माध्यमिक विद्यालय में समावेशी शिक्षा पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी दीप्ती बोकन द्वारा किया गया। जिन्होंने दिवयाग बच्चों के पूर्ण समावेशन पर जोर देते हुये अध्यापकों की समावेशी शिक्षा के उड्देश्यों से अवगत कराया। प्रधानाचार्य विजय प्रतीक ने दिव्यांग बच्चों को खेल-कूद में बेहतर प्रर्दशन कर सकते है इस विषय में बताया। शिक्षा के साथ खेल कूद दिव्यांग बच्चों के लिये बहुत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर इस कार्यक्रम का निरीक्षण करते रहते हैं। समावेशी शिक्षा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 दिव्यांगों के लिए सुविधायें, योजनायें आदि के विषेप में स्पेशल टीचर अरविन्द व बलवीर के द्वारा संयुक्त रूप से विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# फरीदाबाद पुलिस का अवैध हथियार रखने वालों पर प्रहार, 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 देसी कट्टा व 1 देसी पिस्टल बरामद



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 व एनआईटी की टीम ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टा व 1 देसी पिस्टल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने जतिन निवासी सुर्या विहार पार्ट.2 पल्ला को एतमादपुर पुल फरीदाबाद से 1 देसी कट्टा सहित व क्राईम ब्रांच एनआईटी की टीम ने लोकेश सोलंकी निवासी बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को सेक्टर 17 पुल फरीदाबाद के पास से 1 देसी पिस्टल सहित व अजरुद्दीन निवासी गांव बडखल फरीदाबाद को 1 देसी कट्टा सहित सुरजकुण्ड रोड से गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये गये हैं। आरोपियों को माननीय न्यायलय मे पेश कर जेल भेजा गया है।

# लड़ाई झगड़ा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** लड़ाई झगड़ा करने व जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। अनिल वासी पर्वतीय कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पड़ोस में रहने वाले विवेक व उसके परिजन उन्हें जातिसूचक शब्द देते है व गाली गलौच करते है। 19 जुलाई को विवेक और उसका भाई भरत व उनके साथी उसके घर पर आये और उनके साथ मारपीट की जिसमें उसको गंभीर चोट आई। जिस शिकायत पर थाना सारन में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी की टीम ने कार्रवाई करते हुए रमेश चन्द जोशी व नवीन चन्द जोशी निवासी गांव मेल्टा जिला अल्मोड़ा उत्तराखंड हाल पर्वतीय कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि मामले में मुख्य आरोपी विवेक व भरत का प्लाट पिडित के घर के बगल में है जिसमें शिकायतकर्ता के घर का पानी चला जाता था। जिसके लिए आरोपी और पीड़ित की कई बार कहा सुनी हो चुकी थी। 19 जुलाई को विवेक व भरत ने रमेश व नवीन दोनों भाईयों को बुलाया और शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। विवेक व भरत की तलाश जारी है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/17/2025 9:18 PM Page 1



# क्षेत्राधिकारी हाईवे द्वारा दीपावली एवं धनतेरस के पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया!

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शुक्रवार को नगर में क्षेत्राधिकारी हाईवे, द्वारा, पुलिस बल के साथ धनतेरस पर्व, आगामी त्योहारों, को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया यह फ्लैग मार्च अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत से थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई तथा नगर वासियों को सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी भी दी गई यह फ्लैग मार्च नगर के मुख्य बाजारों से होकर जामा मस्जिद पर एबं सभी चौराहों से निकल गया! आवश्यक निर्देश दिये गये। आगामी त्योहारों पर अगर कोई व्यक्ति किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि करता है तो! उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी!



# अंधेरे में भी दीप जलाने की प्रेरणा, बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने अभावग्रस्त परिवारों संग मनाई दीपावली

● दीपावली समाज के अंधेरे को मिटाने का पर्व-डॉ पवन कुमार जैन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** अपना दीप जले तो क्या, सबके मन में प्रकाश भरो, जीवन का सच्चा उत्सव है, जब तुम दूसरों का तम हरो। इस पंक्ति को साकार करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन जी की प्रेरणा से बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास ने गत वर्षों की भांति दीपावली का पर्व विशेष रूप से समाज के वंचित वर्गों के साथ मनाया। पीतल नगरी (सिल-पत्थर बस्ती) मुरादाबाद में स्थित विद्या भारती द्वारा संचालित संस्कार केन्द्र में न्यास के कार्यकताओं ने पहुँचकर अभावग्रस्त परिवारों के बीच मिष्ठान, पटाखे, मोमबत्तियाँ, आदि वितरण किए।



बच्चों के चेहरों पर दीपों जैसी मुस्कान फैल गई। इस दौरान दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए सभी ने एक दूसरे को समाज सेवा की भावना के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने कहा कि दीपावली केवल घरों को रोशनी से भरने का नहीं, बल्कि समाज के अंधेरे को मिटाने का पर्व है। उन्होंने कहा— हमारी यही कामना है कि दीपावली का यह पर्व समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला बने। सभी लोग अपने आसपास के क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों की दीपावली को भी प्रकाशवान बनाएं, तभी वास्तविक दीपोत्सव का अर्थ पूर्ण होगा। विभाग प्रचारक बृजमोहन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीपों की लौ और बच्चों की मुस्कान ने यह सन्देश दिया कि जब समाज सेवा के दीप जलते हैं तो हर हृदय आलोकित हो उठता है। यदि हम राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर ले जाना चाहते हैं, तो हमें समाज के प्रत्येक पायदान पर खड़े परिवारों के सुख-दुख में सहभागी बनना होगा।

सामाजिक समरसता ही राष्ट्र की शक्ति है। इस अवसर पर विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दीपावली का अर्थ केवल बाहरी प्रकाश नहीं, बल्कि अंतरमन के अंधकार को भी दूर करना है। उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सेवा भाव को बढ़ाने पर बल दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से प्रान्त प्रौढ़ कार्य प्रमुख ओमप्रकाश शास्त्री, न्यास के सचिव नमन जैन, कोषाध्यक्ष अलका जैन, विधिक सलाहकार एडवोकेट अमन जैन, सदस्य श्रीमती राशि जैन, देवेश सिंह, संस्कार केन्द्र के संचालक प्रीतम सिंह, अनुज कुमार गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता, हरिओम शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार

# अगवानपुर क्षेत्र में तेंदुए की दहशत

**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर।** मुरादाबाद की नगर पंचायत अगवानपुर में तेंदुए ने एक बार फिर ग्रामीणों को खौफजदा कर दिया। मौहल्ला ढाप से लगे ईख के खेत में सरे शाम ही तेंदुए को घूमता देख ,एकबार तो भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।और अपने बहुत करीब ही तेंदुए को देख खेतों से लौट रहे किसानों ने दौड़ लगा दी। तेंदुए की खबर फैलते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा और लाठी डंडे लेकर लोग मुहल्ले से लगे जंगल की ओर दौड़ पड़े। कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाने शुरू कर दिए , चारों ओर से टार्चो की रौशनी और शोर सुनकर तेंदुआ ईख के खेतों में घुस गया।और रह रहकर दिखाई देता रहा। रात नौ बजे तक यही क्रम चलता रहा। बताते चलें कि विगत कुछ महीनों से क्षेत्र में तेंदुए और उसके चार शावकों को देखा जा रहा है। लगभग डेढ़ महीने पूर्व आईना 24 ने तेंदुए और शेर की भिड़ंत शीर्षक से एक वीडियो भी प्रसारित किया था ।जिसमें लगभग तीन से चार घंटे तक दोनों की खतरनाक भिड़ंत हुई थी, बड़ा सवाल तो यह है कि इतना सब कुछ होने पर भी वनविभाग के अधिकारियों की नींद नहीं टूटी, । क्षेत्र के किसान खौफ के साए में जी रहे हैं । शाम होते ही लोग बाहर निकलने से भी डरते हैं। क्योंकि ये घटना रिहायशी इलाके से मात्र तीन चार सौ मीटर की दूरी पर है। परंतु तमाम सूचनाओं को नजर अंदाज करते हुए वनविभाग अभी तक सोया हुआ है ।और तेंदुए को पकड़ने के कोई प्रयास नहीं किए गए हैं। जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। वनविभाग की यही उदासीनता किसी भी दिन किसी की जान लेकर छोड़ेगी ।सवाल तो यही है कब जागेगा वनविभाग, क्या उनकी नींद किसी निरीह किसान की जान लेकर ही टूटेगी।



# भाजपा सरकार में ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने में स्थानीय प्रशासन चुप क्यों

● मुख्यमंत्री के आदेश के बाद स्थानीय प्रशासन ने ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने में कोई बरत रहा है लापरवाही

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** भाजपा सरकार में भी ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त करने में स्थानीय प्रशासन नाकाम साबित हो रहा हैं। खंड विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी का पत्र भेजकर भूमि की पैमाइश की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराए के लिए भी कहा गया है। बता दें कि तत्कालीन सपा सरकार में सत्ता की हनक के चलते खुलेआम ब्लॉक की भूमि पर नगर निवासी रईस खान उर्फ बल्ले खां ने अपनी निर्धारित भूमि से अधिक भूमि पर कब्जा कर निर्माण कर लिया था। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद रईस खान ने कुछ भूमि से कब्जा हटाकर करीब पौने बीघा जमीन पर कब्जा कर दो मंजिल इमारत खड़ी कर ली। इसके बाद एडीओ पंचायत शिवराम सिंह ने उच्चाधिकारी को पत्र भेजकर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की। साथ ही ब्लॉक कर्मचारियों ने उच्चाधिकारी को पत्र भेजकर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए 1999 में पत्र भेजा था। उच्चाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए स्थानीय प्रशासन को आदेश दिए थे। लेकिन स्थानीय प्रशासन सत्ता की हनक के चलते भूमि को कब्जा मुक्त नही करा कसे। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गुंडो और भ्रष्टाचारियों व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाने के आदेश दिए थे। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद ब्लॉक भूमि कब्जा मुक्त नही हुईं । तब नगर निवासी नागेंद्र लाम्बा ने उच्चधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की फिर से शुरूआत की। नागेंद्र लाम्बा भी कुछ दिन तक भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगाते रहे लेकिन भूमि को कब्जा मुक्त नही करा सके।



एक माह से रईस अहमद ने ब्लॉक की भूमि पर से अवैध कब्जा हटाना स्वयं ही शुरू कर दिया। लेकिन अवैध भूमि पर बनी दो मंजिल इमारत में केवल एक मंजिल इमारत से कब्जा हटाना शुरू किया, इमारत में बने वेमेंट की स्थिति ज्यों की त्यों है। इस पर खंड विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी को पत्र भेजकर राजस्व विभाग द्वारा की पैमाइश की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही वेमेंट की इमारत से अवैध कब्जा हटवा कर ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की बात कही है। हल्कालेखपाल ने बताया कि 502 वर्गमीटर भूमि पर निर्माण है, जबकि गांटा संख्या 54 में मात्र 320 वर्ग मीटर भूमि है। इसमें 182 वर्ग मीटर भूमि ब्लॉक की है। ब्लॉक की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# अवैध तमंचे के साथ पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार कर भेजा जेल।

**उत्तम भारत संवाददाता/मैनाठेर।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने डींगरपुर मे पुनर की रोड पर सिंचाई विभाग के करो के पास एक संदीप व्यक्ति को घूमते हुए। पकड़ा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ पकड़े गए आरोपी ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम कासिम उर्फ मोटा पुत्र मुनव्वर निवासी मोहल्ला तकिया कुंदरकी बताया पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को शुक्रवार को ही जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर किरन पाल ने बताया कि पकड़े गए आरोपी कासिम पर पूर्व में भी कुंदरकी थाने पर मुकदमे दर्ज हैं



# नगर के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसरों को किया सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर स्थित आकाश कोरियन ताइक्वांडो अकादमी में सोशल मीडिया के माध्यम से नगर कांठ की सकारात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों को एक्सप्लोर कर लोगों तक पहुँचाने का कार्य कर रहे युवाओं को सम्मानित किया गया। आयोजित एक समारोह में नगर के दो युवा सोशल मीडिया प्रमोटर्स शिवम यदुवंशी (इंस्टाग्राम पेज कांठ वाले) और अरुण तोमर (इंस्टाग्राम पेज कांठ ऑफिसियल) एवं मनीष यदुवंशी को सम्मानित किया गया। इन युवाओं के पेजों को शहर के हजारों लोग फॉलो करते हैं। ये अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से कांठ शहर की सकारात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों को एक्सप्लोर कर लोगों तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा एवं देवेंद्र विश्नोई ने दोनों युवाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहर के युवा यदि सोशल मीडिया का उपयोग समाज और अपने क्षेत्र की अच्छी बातों को फैलाने में करें, तो यह एक बड़ी प्रेरणा बन सकती है। इस अवसर पर अकादमी के संचालक आकाश शर्मा, कोच हर्ष शर्मा, रितिका शर्मा एवं शौर्य प्रताप, शौर्य विश्नोई, नव्या प्रताप सिंह, मिष्ठी पूनिया, मृत्युंजय सिंह, साकेत मोहन अग्रवाल, ऐनी चौहान, कामाक्षी माहेश्वरी, उन्नति माहेश्वरी, प्रणिका शुक्ला, पोरस चौहान, राघव मोहन अग्रवाल, नव्या अहलावत, प्रणनीत अहलावत, खुशी सिंह, मधुर त्यागी, वाणी त्यागी, अथर्व विश्नोई, आहना भारद्वाज, ऋषिका शर्मा, जीविशा शर्मा, वंशिका शर्मा, अक्षिता, वैदिक आदि प्रशिक्षु उपस्थित रहे। एकेडमी संचालक आकाश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# दहेज प्रताड़ना, पांच के खिलाफ मुकदमा दज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** दहेज की मांग न पूरी होने पर एक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने गंभीर रूप से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला बेहड़ावाला निवासी एक विवाहिता कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसकी शादी उत्तरखण्ड के थाना आईटीआई जिला उधमसिंह नगर, के महुआखेडागंज निवासी आसिफ अली पुत्र मौ अली के साथ हुई थी। जिसमे विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी के समय उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया, लेकिन ससुराल वाले लगातार दो लाख रुपये और मारूति कार की मांग करने का आरोप लगाया है कि उसके ससुराल वाले उससे अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। जब उसने इनकार किया, तो उसके साथ मारपीट, गला घोटने की कोशिश और कपड़े फाड़ने जैसी घटित घटनाएं हुईं। 14 सितंबर को विवाहिता के अनुसार उसके पति और ससुराल वालों ने उसे गंभीर रूप से पीटा। उसके गले में दुपट्टा डालकर गला घोटने की कोशिश की और उसे जमीन पर गिराया। उसकी चीख-पुकार पर उसके पिता और भाई मौके पर पहुंचे और उसे बचाया। इस दौरान उसके पति ने एक ही बार में तीन तलाक कहकर तलाक दे दिया है। जिसपर ववाहिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। जीसपर कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आसिफ अली, मौ अली, जुवैदा, नदीम और नाजिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# त्योहारों को लेकर डिप्टी एसपी ने पीएसी बल के साथ किया फ्लैग मार्च

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा ।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस व पीएसी बल ने नगर में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान डिप्टी एसपी ने बाजार, मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से संवाद करते हुए त्योहारों के दौरान शांति, सौहार्द और सहयोग बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह या अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फ्लैग मार्च में कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल सहित पीएसी जवानों और नगर पुलिस बल मौजूद रहे।

# ओटीडी के अंतर्गत जिले में चल रहे सर्वे कार्य की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

● आमजन सर्वे टीम को निःसंकोच होकर सही जानकारी दें, गोपनीय रहेगी जानकारी - जिलाधिकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए शासन के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर गठित समिति के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जुलाई 2025 से चल रहे आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण एवं असंगठित क्षेत्र वार्षिक सर्वेक्षण की प्रगति के संबंध में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री प्रमोद कुमार से जानकारी प्राप्त की। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी ने बताया कि आवधिक श्रम बाल सर्वेक्षण के लिए 02 और असंगठित क्षेत्र वार्षिक सर्वेक्षण के लिए 04 टीमें जनपद में सर्वे कार्य कर रही हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि टीम के प्रत्येक व्यक्ति के पास विभागीय आई-कार्ड अनिवार्य रूप से होना चाहिए ताकि आमजन को अपनी निजी जानकारी साझा करने में कोई संदेह न हो। उन्होंने कहा कि आमजन भी सर्वे टीम को सहयोग प्रदान करें तथा उनके द्वारा जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी जा रही है उनकी सही जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि जनपद का डाटा व्यवस्थित किया जा सके और जनपद के निवासियों द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भागीदारी का आकलन हो सके। इस सर्वे में प्राप्त होने वाली जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे सर्वे कार्य का मुख्य उद्देश्य आवधिक श्रमबल और असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों की जिले की अर्थव्यवस्था में भागीदारी का आकलन करना है ताकि आमजन की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को बनाकर उनका क्रियान्वयन करके प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तेजी से गति दी जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।



# राजेंद्रा एकेडमी में आयोजित हुई विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** राजेंद्रा एकेडमी भीकनपुर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों से जुड़े मॉडल प्रदर्शित किये गये। शुक्रवार को राजेन्द्रा एकेडमी भीकनपुर में गत वर्षो की भांति विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसडीएम कांठ संत दास पवार ने फीता काट कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कला, इतिहास, भूगोल, वाणिज्य, गणित, हिंदी, संस्कृत, तथा अंग्रेजी आदि विषय पर आधारित विभिन्न मॉडल के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी आंतरिक प्रतिभा एवं कल्पनाशीलता को सुंदर अभिव्यक्ति प्रदान की। जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हस्त निर्मित कलात्मक वस्तुएं तथा दीपावली के सजावट के सुंदर सामान प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि तथा भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों के प्रयासों की खुले मन से प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष सत्यवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक कार्यक्रमों से ही भविष्य के वैज्ञानिक तैयार होते हैं। प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता रानी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा सफल आयोजन के लिए सभी की सराहना की उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

# मासूम के अपहरण के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का मुकदमा

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** एक दो वर्ष का बच्चा डेरे के बाहर खेल रहा चारपाई से गायब हो गया। वह डेरे के बाहर ही खेल रहा था। जब नजर नहीं आया तो स्वजन ने उसकी तलाश शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बावजूद जब नहीं मिला तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने अपहरण की आशंका पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बच्चे की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाशी जा रही है। कांठ क्षेत्र के गांव नवादडी के मूल निवासी अकित सिंह अपनी पत्नी बंटी व बेटा रोहन (3) और डेढ़ वर्षीय छोटा बेटा मोहन के साथ चार वर्ष से छजलैट सड़क किनारे झोपड़ी डालकर देशी दवाई बेचता है। उन्होने पुलिस को बताया कि गुरुवार की शाम के समय के समय मे छजलैट तिराहे से एटीएम से पैसे निकालने आ गया ।दोनों बेटे झोंपड़ी के बाहर खेल रहे थे ।उनकी माता झोंपड़ी के बाहर बच्चों को खेलते छोड़कर काम में लग गई ।उसकी पत्नी की काल आयी, जिसमें उसने बताया कि मोहन नहीं मिल रहा है। पिता ने घर लौटने पर अपने डेढ़ वर्षीय बेटे मोहन को आसपास के घरों में तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला व उसके लापता होने पर शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। परिजनों और ग्रामीणों ने इधर-उधर तलाश किया लेकिन जब कोई पता नहीं लग पाया ।सूचना पर पुलिस एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह और एएसी/सीओ कांठ अभिनव द्विवेदी भी आ गए और फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड को बुला लिया गया है। पुलिस ने आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही आसपास जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया। देर रात तक बच्चा नहीं मिल पाया है। पुलिस टीम के साथ घंटों खोजबीन की, लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला। थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि अपहरण की आशंका में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# पटाखों से जलने या अन्य कोई दुर्घटना होने पर डायल करें 108

● 24 घंटे मरीजों को सेवा देने के लिए उपलब्ध रहेंगी 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाएं मुरादाबाद

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** दीपावली के पावन पर्व पर 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवाएं एक कॉल पर उपलब्ध रहेंगी। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ने सभी एम्बुलेंसों को 24 घंटे अलर्ट रहने और आवश्यक्ता पड़ने पर जल्द से जल्द मरीज को सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में 108 एम्बुलेंस 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगी। कोई भी व्यक्ति 108 नम्बर पर कॉल कर-के एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकता है। बतादें कि उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआईआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर नरेंद्र सिंह ने बताया कि दिवाली पर 108 सेवा की सभी 2200 एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगी। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों जल्द से जल्द एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। सभी एंबुलेंसों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों, व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के साथ ही एम्बुलेंस से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर काल करें। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचेगी और पीडित को अस्पताल ले जाएगी। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है। त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व 2 साल तक के बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा भी 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश में 108 सेवा की 2200 एंबुलेंस और 102 सेवा की कुल 2270 एंबुलेंस 24 घंटे संचालित हैं। दोनों ही सेवाएं प्रदेश सरकार की ओर से सभी के निरूशुल्क संचालित की जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर 102 या 108 पर कॉल करके निरूशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है।



# कार ने बाइक सवार को पीछे से मारी टक्कर, मौके पर ही मौत

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** गत रात्रि नशे में चूर कार चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के घर भारी कोहराम मचा हुआ है। थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर निवासी रिंकू पुत्र राकेश कुमार 26 वर्ष मुरादाबाद में ट्रांसपोर्ट में नौकरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार की रात्रि 10.00 बजे लगभग वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। दीवान शुगर मिल के पास छजलैट-मुरादाबाद हाईवे पर पीछे से आ रहे शराब के नशे में चूर अज्ञात लोगों ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। कार सवार कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है। कार में शराब के अध्धे, पौवे बरामद हुए हैं। कार सवार आसपास के गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने कानूनी कार्यवाही उपरांत उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की अभी 3 वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी, जिसके 3 वर्ष का मासूम बच्चा है।

# जॉइंट मजिस्ट्रेट आईएएस आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुरी रवाना में खण्ड विकास अधिकारी ध्जॉइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव (आईएएस) ने आंगनवाड़ी केंद्रों में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव (आईएएस) ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से अपने सामने बच्चों का डेटा ऑनलाइन कराया और समय पर पुष्टाहार बांटने के बारे में बताया गया। इसके बाद पंचायत भवन में गए और पंचायत सहायक को दिशा निर्देश दिए। जन सेवा केन्द्र की सेवाएं देने में ग्राम पंचायत कुरी रवाना का केन्द्र विकास खण्ड छजलैट में प्रथम नंबर पर है। उनके द्वारा सेवाएं देने में ओर वृद्धि करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी आइएसबी सतीश कुमार, सीडीपीओ निगार अंजुम, पंचायत सहायक बिलाल अहमद उपस्थित रहे।

# साहू ब्रजरतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में आयोजित किया पूर्व छात्र दीप मिलन समारोह

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शुक्रवार को साहू ब्रजरतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में पूर्व छात्र दीप मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। आज के इस पूर्व छात्र मिलन समारोह में पूर्व छात्रों ने अपने अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने सभी पूर्व छात्रों को परिश्रम, लगन और ईमानदारी के साथ देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल ने दीपावली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर आए हुए सभी पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया। शुभाशीष विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर अनुज चौधरी ने दिया। प्रबंध समिति सदस्य भावेश शर्मा ने छात्र छात्राओ को दीपोत्सव पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

देश-विदेश
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
उत्तम भारत
नई दिल्ली,शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025


# मंगोलिया के प्रधानमंत्री ने विश्वास प्रस्ताव हारने के बाद इस्तीफा दिया



उलानबातर। मंगोलिया के प्रधानमंत्री गोंबोजाव जंदांशातार ने सत्ता संभालने के मात्र चार माह बाद ही पद से त्यागपत्र दे दिया है। संसद में उन पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद यह निर्णय लिया गया। शुक्रवार को हुए मतदान में संसद के अधिकांश सदस्यों ने उनके विरुद्ध मतदान किया, जिसके बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा। संसद के अनुसार 126 सदस्यीय 'स्टेट ग्रेट खुराल' में कुल 111 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 71 ने जंदांशातार के पदच्युत करने का समर्थन किया, जबकि 40 ने विरोध में मत दिया। 10 अक्टूबर को संसद के 50 से अधिक सदस्यों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें उन पर संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन और शासन तंत्र में मनमानी करने के आरोप लगाए गए थे। विवाद की मुख्य वजह प्रधानमंत्री द्वारा न्याय एवं गृह मामलों के मंत्री की नियुक्ति को संसद से परामर्श लिए बिना एकतरफा तरीके से किया जाना बताया गया। सांसदों ने कहा कि यह निर्णय संविधान में निर्दिष्ट ह्यराज्य शक्तियों के पृथक्करणह्व के सिद्धांत का उल्लंघन करता है और राष्ट्रपति तथा संसद के अधिकार क्षेत्र में अतिक्रमण के समान है। संसद सदस्यों ने अपने बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री की कार्रवाई मंगोलिया के राष्ट्रपति और संसद के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है, जो लोकतंत्र और विधि के शासन की मूल भावना के विपरीत है।' इसके अतिरिक्त उन पर न्यायिक जांच से संबंधित सार्वजनिक वक्तव्यों के माध्यम से न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप का भी आरोप लगा। तीसरा आरोप यह था कि उन्होंने खनिज निर्यातक कंपनियों की मूल्य निर्धारण व्यवस्था में अचानक बदलाव कर प्रतिस्पर्धा को प्रभावित किया। गोंबोजाव जंदांशातार, जो 55 वर्षीय अर्थशास्त्री हैं और रूस में शिक्षित हुए हैं, को महज चार महीने पहले ही संसद ने भारी बहुमत से देश का प्रधानमंत्री चुना था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री ओयून-एरदेन लुव्साननामसराई का स्थान लिया था। लुव्साननामसराई को भी जून माह में भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों और जनता के असंतोष के बीच पद छोड़ना पड़ा था। मंगोलिया, जो चीन और रूस के बीच स्थित स्थलरुद्ध देश है, लंबे समय से भ्रष्टाचार और उच्चवर्गीय राजनीतिक असंतुलन से जूझ रहा है। राजनीतिक अभिजात वर्ग पर कोयला उत्खनन से हुई कमाई को अपने हित में केंद्रित करने के आरोप लगातार लगते रहे हैं, जिससे जनता का विश्वास कमजोर पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री लुव्साननामसराई ने उस समय चेतावनी दी थी कि यदि राजनीतिक अस्थिरता जारी रही तो यह मंगोलिया की लोकतांत्रिक संसदीय प्रणाली को संकट में डाल सकती है। अब चार माह के भीतर दो प्रधानमंत्रियों के इस्तीफों ने इस चेतावनी को और गहरा कर दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि यह घटनाक्रम देश में निवेशकों के विश्वास और प्रशासनिक स्थिरता, दोनों पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में 2.29 करोड़ की सोने की डकैती का पदार्फाश, कंपनी कर्मचारी सहित चार गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने एक दिनदहाड़े डकैती के मामले को सुलझाते हुए 2.29 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। यह डकैती सेवरी इलाके में हुई थी, जिसे एक ज्वैलरी कंपनी के कर्मचारी और उसके राजस्थान के रिश्तेदारों ने मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी का पूरा माल बरामद कर लिया है। रफी अहमद किदवई (आरएके) मार्ग पुलिस के अनुसार घटना 13 अक्टूबर की दोपहर करीब ढाई बजे हुई। मास्टर चेन एंड ज्वेल्स के डिलीवरी एजेंट श्यामलभाई होथीभाई रबारी (31) और उनके सहयोगी जगदीश केराभाई आल, क्वालिटी एसे एंड हॉलमार्क एलएलपी से 2,067.143 ग्राम सोने के आभूषण लेकर कालाचौकी स्थित कंपनी के कारखाने जा रहे थे। सेवरी कोर्ट के पास जकारिया बंदर रोड पर दो मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी बाइक में टक्कर मारी। एक बदमाश ने पिस्तौल दिखाकर धमकाया और 2.29 करोड़ रुपए मूल्य का सोना लूटकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही श्यामलभाई ने अपने नियोक्ता राज कोठारी को बताया, जिन्होंने आरएके मार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज की। पुलिस उपायुक्त रागसुधा आर (जोन 4) की देशरेख में वरिष्ठ निरीक्षक विनोद तावड़े ने आठ पुलिस टीमें गठित कीं।

### रमा एकादशी पर भांग से हुआ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार, दर्शन के लिए लगा भक्तों का तांता

उज्जैन। शुक्रवार को देश भर में कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी मनाई जा रही है। एकादशी का मुहूर्त गुरुवार से शुरू हो गया था और शुक्रवार को 11 बजकर 12 मिनट तक रहेगा। रमा एकादशी के खास मौके पर उज्जैन के बाबा महाकाल का भांग से श्रृंगार किया है। भांग से बाबा के त्रिनेत्र बनाए गए और दर्शन करने के लिए मंदिर में भक्तों की भीड़ मंदिर में देखी गई। शुक्रवार को प्रातः बाबा महाकाल की भस्म आरती के दौरान भक्तों का तांता लगा रहा। बाबा महाकाल की भस्म आरती के बाद उनका दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया और उसके बाद बाबा का दिव्य स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा के मुताबिक बाबा के आज के श्रृंगार बहुत खास हैं क्योंकि भांग से बाबा को सजाया गया। भांग से बाबा के त्रिनेत्र बनाए गए और माथे पर त्रिपुंड लगाया गया। इसके साथ ही नया मुकुट और रुद्राक्ष और मुंड माला धारण करवाई गई। बाबा का रूप इतना मनमोहक था कि भक्त निहारते ही रह गए। बाबा के दिव्य रूप के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी लाइन देखी गई। भक्तों ने श्रृंगार के बाद बाबा के दर्शन किए और 'जय श्री महाकाल' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। बाबा के इस स्वरूप की मान्यता बहुत निराली है। कहा जाता है कि भस्म आरती के बाद श्रृंगार करने के बाद बाबा निराकार से साकार स्वरूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। भस्म आरती के वक्त महिलाओं को घूंघट करना पड़ता है, क्योंकि बाबा निराकार रूप में होते हैं। श्रृंगार होने के बाद महिलाएं और पुरुष दोनों ही उनके दर्शन कर सकते हैं।

### पानीपत में युवक ने अपने दोस्त के गले पर किया चाकू से प्रहार, हालत गंभीर

पानीपत। हरियाणा के पानीपत में रात दो दोस्तों में हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना अर्जुन नगर की है। दो दोस्तों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि एक युवक ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपित ने चाकू से गले पर वार कर कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो कर वही गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल युवक को सिविल अस्पताल पानीपत पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने के चलते उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल के लिए रेफर कर दिया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि घायल युवक अर्जुन नगर निवासी अभिजीत पुत्र सीताराम है। उसके गले में चाकू से गहरी चोट आई है। डॉक्टरों ने कहा कि समय पर उपचार मिलने के बाद भी उसकी जान को खतरा बना हुआ है। इसलिए घायल युवक को कल्पना चावला हॉस्पिटल करनाल भेज दिया गया है। पुराना औद्योगिक थाना प्रभारी देवेंद्र ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों युवक आपस में दोस्त थे और किसी व्यक्तिगत बात को लेकर झगड़ा हुआ था।

### स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान आज, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रहेंगे मौजूद

नासिक। देश की विमानन और रक्षा आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में शुक्रवार का दिन एतिहासिक होने जा रहा है जब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की तरफ से बनाया गया तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में आज महाराष्ट्र के नासिक में तेजस एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान पहली बार उड़ान भरेगा। तेजस मार्क-1ए की पहली उड़ान देश की वैज्ञानिक उपलब्धि के साथ देश की रणनीतिक आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है। एचएएल का बनाया तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान आज नासिक में पहली उड़ान भरेगा। स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए मार्क-1ए भारतीय वायुसेना की क्षमता को और मजबूत करते हुए मिग-21 का स्थान लेंगे। वायुसेना ने पिछले महीने 26 सितंबर को मिग-21 को अपने बेड़े से सेवानिवृत्त किया है। हालांकि इसे वायुसेना में शामिल करने की औपचारिक घोषणा फिलहाल नहीं हुई है लेकिन एचएएल का कहना है कि बहुत जल्द इसे भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।

# ट्रंप के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन पर कसा शिकंजा, सीक्रेट डॉक्यूमेंट रखने के मामले में लगा अभियोग



वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे जॉन बोल्टन पर गुरुवार को मैरीलैंड की एक संघीय ग्रैंड जूरी की तरफ से अभियोग लगाया गया है। एक महीने के भीतर राष्ट्रपति ट्रंप के तीसरे हाई-प्रोफाइल राजनीतिक विरोधी पर अभियोग लगाया गया है। इसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया भी सामने आई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मीडिया के सवालों पर कहा, मुझे इसके बारे में पता नहीं था, हालांकि वह एक खराब इंसान है। वह वाकई में बहुत बुरा व्यक्ति है। बता दें, बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा संबंधी जानकारी प्रसारित करने के आठ और राष्ट्रीय रक्षा संबंधी जानकारी को अपने पास रखने के 10 आरोप हैं। अभियोजकों का कहना है कि बोल्टन ने अपनी गतिविधियों की डिजिटल डायरियां रखीं और अपने परिवार के सदस्यों के साथ साझा कीं। इनमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहते हुए सभी प्रकार की गोपनीय सामग्री शामिल थी। अभियोग के अनुसार, बोल्टन ने 'डायरी जैसी प्रविष्टियों' के 'एक हजार से ज्यादा पृष्ठ' साझा किए, जिनमें 'अति गोपनीय'स्तर तक की जानकारी शामिल थी। दरअसल, यह मामला 2022 में ईरान ने बोल्टन का ईमेल हैक किया था। इसी को लेकर इस मामले की जांच शुरू हुई। जांच के बाद गुरुवार को बोल्टन पर अभियोग लगाया गया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बोल्टन शुक्रवार को ही ग्रीनबेल्ट स्थित संघीय अदालत में अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर सकते हैं। हालांकि, कोर्ट में इस मामले को लेकर सुनवाई अभी तय नहीं हुई है।

बोल्टन पर आरोप है कि वह कथित तौर पर व्हाइट हाउस और अन्य सुरक्षित स्थानों पर बिताए गए अपने दिन के हस्तलिखित नोट्स लेते थे और फिर उन्हें अपने कंप्यूटर पर दोबारा लिखते थे। अभियोजकों का कहना है कि ये प्रविष्टियां छपी हुई थीं और बोल्टन और उनके घर में अन्य लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले निजी उपकरणों में मौजूद थीं।

**एक महीने के भीतर राष्ट्रपति ट्रंप के तीसरे हाई-प्रोफाइल राजनीतिक विरोधी पर अभियोग लगाया गया है। इसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया भी सामने आई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मीडिया के सवालों पर कहा, मुझे इसके बारे में पता नहीं था, हालांकि वह एक खराब इंसान है। वह वाकई में बहुत बुरा व्यक्ति है। बता दें, बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा संबंधी जानकारी प्रसारित करने के आठ और राष्ट्रीय रक्षा संबंधी जानकारी को अपने पास रखने के 10 आरोप हैं**

# ड्यूटी से कम पैसे देने पर भड़का सिक्योरिटी गार्ड, कुल्हाड़ी से कर दी हत्या



रामगढ़। रामगढ़ शहर में कॉलेज के समीप एक निमार्णाधीन अपार्टमेंट में बुधवार की देर रात एक सिक्योरिटी गार्ड अचानक से अपने साथी पर भड़क गया। उसने नशे की हालत में ही कुल्हाड़ी से पीट कर अपने साथी की हत्या कर दी। मृतक की पहचान बाजार समिति निवासी सुनील सिंह के रूप में हुई है। इस हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा सिक्योरिटी गार्ड शंकर महतो खुद रामगढ़ थाने पहुंचा और उसने आत्मसमर्पण कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार शंकर महतो रजरप्पा थाना क्षेत्र के बहातु जमीरा गांव का रहने वाला है।

### वारदात के बाद साइकिल से थाने पहुंचा हत्यारा

सुनील सिंह की हत्या करने के बाद शंकर महतो जरा भी घबराया नहीं। उसने कुल्हाड़ी को अपने कमरे में ही छोड़ दिया और साइकिल उठाकर सीधे रामगढ़ थाने पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसने अपने सहयोगी सुरक्षा गार्ड सुनील सिंह की हत्या कर दी है।

### हत्या के पीछे की शंकर ने बताई वजह

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि शंकर महतो ने अपने गुस्से का कारण भी बताया है। उसने कहा कि उससे जितना काम कराया जाता था, उसके एवज में मिलने वाली रकम कम थी। इसके अलावा सुनील सिंह अक्सर मालिक से उसकी शिकायत करता था। जिसकी वजह से उसे डांट भी पड़ती थी। बुधवार को भी सुनील सिंह के द्वारा ऐसी ही हरकतें की गई थी। रात में शंकर महतो ने शराब पी और नशे की हालत में सुनील सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।

# माओवाद पर ऐतिहासिक प्रहार, मुख्यमंत्री साय के समक्ष 190 नक्सलियों ने डाले हथियार



नई दिल्ली/जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में माओवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को एक ऐतिहासिक सफलता हाथ लगी है। आज (शुक्रवार) जगदलपुर में कुल 190 माओवादियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष आत्मसमर्पण करके मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। यह राज्य में अब तक के सबसे बड़े आत्मसमर्पणों में से एक है, जो बस्तर में शांति की उम्मीदों को मजबूत करता है। इनमें अबूझमाड़ के माड़ डिवीजन के 140 माओवादियों का एक बड़ा समूह शामिल था, जिन्हें भारी सुरक्षा के बीच जगदलपुर लाया गया। बड़े कैडर और घातक हथियार भी सौंपे समर्पण करने वाले माओवादियों में कई बड़े कैडर शामिल हैं, जिनमें दो जोनल कमेटी सदस्य, 15 डिवीजनल कमेटी सदस्य और 121 एरिया कमेटी व जनमिलिशिया कैडर शामिल हैं। इस समर्पण के दौरान उन्होंने अपने हथियार भी सौंप दिए, जिनमें एके-47 समेत कुल 71 घातक हथियारों का एक जखीरा शामिल है। यह सफलता सरकार की आत्मसमर्पण की नीतियों और सुरक्षाबलों के बढ़ते दबाव का सीधा परिणाम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ में जनवरी 2024 में भाजपा सरकार बनने के बाद से अब तक माओवाद के खिलाफ बड़ी सफलताएं मिली हैं। आंकड़ों के अनुसार, राज्य में अब तक कुल 2100 से अधिक माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं, 1785 को गिरफ्तार किया गया है और 477 को मुठभेड़ों में मारा गया है। हाल ही में अबूझमाड़ में बसव राजू सहित 89 माओवादियों का मारा जाना और इतनी बड़ी संख्या में माओवादियों का आत्मसमर्पण करना राज्य में दशकों से चली आ रही हिंसा को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा कश्मीर में एकता मार्च और सेमिनार आयोजित करेगी

श्रीनगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू-कश्मीर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा समर्थित एकता, राष्ट्रवाद और अखंडता के मूल्यों पर जोर देने के लिए एकता मार्च, सेमिनार, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक आदि सहित कई कार्यक्रम आयोजित करेगी।

सरदार पटेल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बलदेव सिंह बिलावरिया ने समकालीन भारत में उनकी विरासत की प्रासंगिकता दोहराई और इस अवसर पर कई कार्यक्रमों की घोषणा की जिनमें जम्मू-कश्मीर के विभिन्न जिलों में युवाओं, पार्टी कार्यकताओं और नागरिक समाज के सदस्यों की भागीदारी वाली एकता यात्रा भी शामिल है। बलदेव सिंह बिलावरिया ने कहा कि सरदार पटेल ने 560 से ज्यादा रियासतों का एकीकरण करके अखंड भारत की नींव रखी। उनकी दूरदर्शिता और साहस ने उस भारत का निर्माण किया जिसे हम आज जानते हैं। एकता और राष्ट्रीय अखंडता की उनकी विरासत को आगे बढ़ाना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, राष्ट्र ने सरदार पटेल की विरासत को पुनर्जीवित किया है विशेष रूप से दुनिया की सबसे ऊँची प्रतिमा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना के माध्यम से। बिलावरिया ने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की भावना हर क्षेत्र और समुदाय के विकास, शांति और एकीकरण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयासों में जीवित है।

**कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था**

# सरस्वती विद्या मंदिर में दीपावली एवं छठ को लेकर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम



अररिया। विद्या भारती लोक शिक्षा समिति से सम्बद्ध फारबिसगंज के कटहरा स्थित विद्यालय सुलोचना देवी डॉ डीएल दास सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को अर्धवार्षिक परीक्षाफल की घोषणा के साथ दीपावली एवं लोक आस्था का महापर्व छठ के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कक्षा तृतीय एवं चतुर्थ के बच्चों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर मंचन किया। जिसमें भगवान श्री राम के आदर्श, माता सीता की मयार्दा और हनुमान की भक्ति को उत्साह और समर्पण के साथ प्रस्तुत किया।पांचवीं कक्षा के बच्चों ने पोस्टर एवं चार्ट पेपर के माध्यम से प्रार्थना सभा के परिसर को सजाया। कक्षा षष्ठ के बच्चों ने सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं धार्मिक गतिविधियों को मूर्त रूप प्रदान करते हुए छठ पूजा पर सूप एवं डाले के साथ मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को भाव विभोर किया। धार्मिक महत्व से परे बच्चों ने इन अनुष्ठानों से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं के बारे में जाना। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना था। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है, जो जीवन में खुशियां लाती है। यह त्योहार अपने प्रियजनों के साथ आनंद एवं प्यार बांटने का अवसर है।

उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ परंपरा, संस्कार, पर्व एवं त्योहार का ज्ञान देना आवश्यक है। उन्होंने सभी छात्रों एवं कर्मचारियों को दीपावली एवं महाछठ को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की सराहना प्रांतीय अध्यक्ष सह स्थानीय विद्यालय के अध्यक्ष राम प्रकाश प्रसाद, सचिव शिवनारायण दास भानु, कर्नल दास, सकलदेव मंडल के साथ - साथ अन्य सदस्यों ने की। इस मौके पर उपाध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद मंडल, कोषाध्यक्ष अशोक पाण्डेय, सदस्य ममता कुमारी, उप प्रधानाचार्य सह मीडिया प्रभारी आचार्य अजय कुमार राय, रिया कुमारी, शबनम देवी, विनोद कुमार राय, अखिल कुमार, अशोक कुमार, सुषमा कुमारी, प्रेरणा कुमारी , संतोष कुमार दास के साथ - साथ दर्जनों अभिभावक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सिकटी की निवार्ची पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों के अधिकारियों के साथ बैठक कर की समीक्षा



अररिया। सिकटी विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त द्वारा सिकटी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न कोषांगों की प्रगति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। इस बैठक में वाहन कोषांग सहित अन्य कोषांगों से संबंधित तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। निवार्ची पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कोषांगों से जुड़ी तैयारियां निर्धारित समय में पूर्ण कर ली जाएं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी या बाधा न उत्पन्न हो।

बैठक में यह भी सुनिश्चित करने निर्देश दिया गया कि मतदान कर्मियों को सामग्रियों की उपलब्धता ससमय कराने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी अधिकारी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस की सख्ती, सड़क किनारे ठेला-खोमचा जब्त करने का आदेश



भागलपुर। शहरी क्षेत्र की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में डीएम ने ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार को यातायात में तैनात पुलिस बल को बदलने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नए पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति के बाद अच्छी तरह ब्रीफिंग की जाए ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार दिखे। बैठक में यह भी बताया गया कि सड़क किनारे लगने वाले ठेला-खोमचा और अवैध अतिक्रमण के कारण जाम की समस्या बढ़ रही है। इस पर डीएम ने सड़क के किनारे बेतरतीब ढंग से लगने वाले ठेला-खोमचा को जब्त करने के सख्त निर्देश दिए। निर्देश के बाद शनिवार को ट्रैफिक डीएसपी संजय कुमार वरीय पदाधिकारी के आदेश पर दल-बल के साथ स्टेशन चौक पहुंचे और जहां-तहां खड़े रिक्शा, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को फटकार लगाई। इसके बाद ट्रैफिक डीएसपी ने एम.पी. द्विवेदी रोड में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार विधानसभा चुनावः प्रथम चरण के नामांकन प्रक्रिया का आज अंतिम दिन

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया का आज अंतिम दिन है। नामांकन की प्रक्रिया 10 अक्टूबर को शुरू हुई थी। प्रथम चरण के लिए हुए नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को की जाएगी। वहीं उम्मीदवार 20 अक्टूबर को अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण में मतदान 6 नवंबर को होने हैं। जबकि 14 नवंबर को मतगणना होगी। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में राज्य के 243 सीटों में से 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होने हैं। प्रथम चरण के मतदान को लेकर हो रहे नामांकन में राजनैतिक दलों के द्वारा प्रत्याशियों के नाम की घोषणा में देरी होने के कारण नामांकन प्रक्रिया ने देरी से रफ्तार पकड़ी। हालांकि नामांकन के अंतिम दो दिनों में ज्यादा नामांकन हुए हैं। आज नामांकन की प्रक्रिया का अंतिम दिन है। ऐसे में सभी प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन कर लिए जाने की उम्मीद है।

### आईसीएआई शाखा ने मनाया दिवाली मिलन समारोह

रांची। दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रांची शाखा की ओर से शुक्रवार को चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और उनके परिवारजनों के लिए दिवाली मिलन समारोह का आयोजन हर्ष और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन आपसी सौहार्द, एकता और पारिवारिक सद्भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया था।


